www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, रविवार, 19 अप्रैल 2026 शुक्ल पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 70 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

**पीएम मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन:** कहा- जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी

# 'लटकाना-अटकाना-भटकाना यही कांग्रेस की नीति'

**नई दिल्ली/ए.।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार रात 8.30 से 9 बजे, 30 मिनट तक देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'महिला आरक्षण बिल में संशोधन नहीं हो पाया। मैं सभी माताओं-बहनों से माफी मांगता हूं।' पीएम ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा, 'मेरे लिए देशहित सर्वोपरि है। जब कुछ लोगों के लिए दलहित देशहित से बड़ा हो जाता है तो नारी शक्ति को ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।'

पीएम ने आगे कहा- कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके जैसे विपक्षी दल इस भ्रूणहत्या के गुनहगार हैं। ये देश के संविधान के अपराधी हैं। नारी शक्ति के अपराधी हैं। जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी।

लोकसभा में शुक्रवार को महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान (131वां संशोधन) बिल पास नहीं हो सका था। बिल में लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 816 करने और महिलाओं को 33% आरक्षण देने का प्रस्ताव था। बिल के पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े, जबकि इसे पास करने के लिए 352 वोटों की जरूरत थी। पीएम के राष्ट्र के नाम संबोधन से पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन पर तीखा हमला बोला ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## पीएम के संबोधन की 9 बड़ी बातें

■ **महिलाओं के सपने को कुचला:** आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया।

■ **विपक्ष ने खुशी से मेजें थपथपाईं :** कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं। महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे।

■ **नारी अपमान कभी नहीं भूलती:** कल विपक्ष ने जो भी किया वह केवल टेबल पर थाप नहीं थी। वह नारी के स्वाभिमान पर चोट थी। नारी सब भूल जाती है, अपना अपमान कभी नहीं भूलती। इसलिए संसद में कांग्रेस के उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक, हर नारी के मन में हमेशा रहेगी।

■ **परिवारवादी पार्टियां डर गईं:** परिवारवादी पार्टियों के भीतर महिलाओं के लिए असुरक्षा की भावना है। परिसीमन के बाद महिलाओं का कद बढ़ता इसलिए उन्होंने बिल का विरोध किया। देश की नारी शक्ति कांग्रेस और उसके साथी दलों के लिए पाप के लिए माफ नहीं करेगी।

■ **विपक्ष हमेशा से कुतर्क गढ़ता है:** कांग्रेस, सपा, डीएमके और टीएमसी हर बार वही बहाने, वही कुतर्क गढ़ते आए हैं। कोई न कोई तकनीकी पेच फंसाकर ये महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालते रहे हैं। देश राजनीति का यह भद्दा पैटर्न बराबर समझ चुका है।

■ **विपक्ष को पाप की सजा मिलेगी:** कल जिन लोगों ने बिल का विरोध किया है, उनसे मैं दो-टूक कहूंगा कि ये लोग नारी शक्ति को हल्के में ले रहे हैं। जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी।

■ **हमारे साथ आजाद हुए देश हमसे आगे निकल गए:** हमारे साथ कई देश आजाद हुए। कई देश हमसे आगे निकल गए लेकिन कांग्रेस कई रिफॉर्म को रोककर बैठे रही। कांग्रेस ने पड़ोसी देशों के साथ पानी बंटवारे, सीमा विवाद को लटकाए रखा। कांग्रेस का हर छल-प्रपंच का खामियाजा देश ने भुगता है।

■ **कांग्रेस परिसीमन के बहाने विभाजन की आग को सुलगाना चाहती है:** परिसीमन पर झूठ फैलाया कि कुछ राज्यों को नुकसान होगा। हमने स्पष्ट किया कि किसी राज्य का रिप्रेंजेंटशन कम नहीं होगा। फिर भी कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी जैसे दल मानने को तैयार नहीं हुए।

■ **हम हारे नहीं हैं, बस वक्त का इंतजार:** हम महिला आरक्षण के रास्ते आने वाली हर रुकावट को हटाकर रहेंगे। हमारी हिम्मत अटूट है। बस वक्त का इंतजार है। कल हमारे पास संख्याबल नहीं था। इसका मतलब यह नहीं कि हम हार गए। हमारा प्रयास रुकेगा नहीं।

## इंडी गठबंधन ने इस विधेयक को पास होने नहीं दिया

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछले दिनों जिस प्रकार देश की आधी आबादी हमारी माताओं-बहनों को देश के विकास में निर्णयकर्ता बनाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास कराया जा रहा था, लेकिन कांग्रेस, सपा, टीएमसी, डीएमके कहें तो इंडी गठबंधन ने इस विधेयक को पास होने नहीं दिया और एक घोर महापाप किया। 70 करोड़ माताओं-बहनों के साथ यह एक बड़ा धोखा हुआ है, जिसे वे कभी नहीं भूलेंगी।

## परिसीमन बिल के भाजपाई साजिश का खुलासा होगा

पीएम के संबोधन के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर कहा कि अब कल 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। इसमें महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन बिल की भाजपाई साजिश का खुलासा होगा।

## महिलाओं का मसीहा बनना आसान नहीं: प्रियंका

**नई दिल्ली/ए.।** लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक के पास न हो पाने पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि हमने भारत के संविधान की रक्षा का जश्न मनाया है। दरसअसल, उनसे पूछा गया था कि विपक्ष ने बिल के पास ना होने पर जश्न मनाया है तो उन्होंने कहा कि हमने संविधान बचा लिया, इसलिए जश्न मनाया। गांधी ने कहा कि हमने परिसीमन लाने की उनकी साजिश को नाकाम कर दिया है। प्रियंका गांधी बोलीं, 'विपक्ष कह रहा है कि पुराना महिला आरक्षण विधेयक वापस लाया जाए। जहां तक महिला आरक्षण विधेयक की बात है, हम हमेशा उनके साथ हैं, लेकिन जिस तरह से वे (केंद्र) इसे लाए हैं, हम उसका समर्थन नहीं करेंगे...।' बता दें कि देश में 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने संबंधी संविधान संशोधन विधेयक पारित न होने पर सियासी घमासान तेज हो गया है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमले तेज कर दिए हैं, जबकि विपक्षी दलों ने सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए उसे कटघरे में खड़ा किया है। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनाव से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। बैठक में सत्तारूढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, धर्मेंद्र प्रधान और अर्जुन राम मेघवाल शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार, राजग के सहयोगी दलों के नेताओं में केंद्रीय मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, जयंत चौधरी (राष्ट्रीय लोक दल), राजीव रंजन सिंह उर्फललन सिंह और चिराग पासवान भी बैठक में मौजूद थे।

## राहुल गांधी के घर तक महिला सांसदों का मार्च, पुतला जलाया

**नई दिल्ली/ए.।** लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पारित न होने को लेकर एनडीए नेता देशभर में प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने महिला सांसदों के साथ राहुल गांधी के घर की ओर मार्च किया। कार्यकार्ताओं ने राहुल का पुतला जलाया। पुलिस ने भीड़ हटाने के लिए वाटर कैनन चलाई। केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज और कमलजीत सहरावत को हिरासत में लिया है। उधर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने शनिवार को कहा, 'कल लोकसभा में जो हुआ वो लोकतंत्र की बहुत बड़ी जीत है। सरकार परिसीमन और महिला आरक्षण के जरिए सत्ता में बने रहने की साजिश कर रही थी।' दरअसल सरकार शुक्रवार को लोकसभा में संविधान का 131वां संशोधन बिल लाई थी। सरकार इसे पास नहीं करा पाई। यह 54 वोट से गिर गया।

## प्रसंगवश

# विमर्श युद्ध

*यशवंत धोटे*

*इस शीर्षक से चौकने की जरूरत नहीं हैं क्योकि इसे हम अंग्रेजी में 'नरेटिव वार' कहते हैं। इसके परिणाम दूरगामी होते है लेकिन अस्थाई होते है जो देश 'काल परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तनशील होते हैं। अभी देश में विमर्श युद्ध चल रहा हैं और पूरी दुनिया की बात करे तो इरान' इजराईल और अमरीका के बीच चल रहे युद्ध का सीज फायर काल चल रहा है। कल दिन भर देश की संसद में महिला आरक्षण बिल को लेकर चली बहस के बाद दो तिहाई बहुमत के अभाव में यह बिल गिर गया। यह भाजपानीत एनडीए सरकार के 12 वर्षीय संसदीय इतिहास में पहली बार हुआ या होने दिया गया। ताकि नरेटिव बिल्डिंग की बुनियाद मजबूत हो। भाजपा का फ्लोर मैनेजमेन्ट ग्रुप जानता था कि दो तिहाई बहुमत के अभाव में यह विधेयक गिरेगा सो इससे आगे के विमर्श युद्ध की तैयारी की गई, जो सदन के स्थगित होने के बाद भाजपा की महिला सांसदों के प्रदर्शन के रूप में दिखी भी। हालांकि यह बात समूचा विपक्ष भी जानता था कि भाजपा इस बिल के मार्फत नया विमर्श युद्ध छेड़ने जा रही है। सो उनकी अपनी तैयारी भी है। आने वाले 23 और 26 अप्रैल को होने वाले बंगाल और तमिलनाडु के चुनावों में इस विमर्श युद्ध को लड़ा जाएगा और विपक्ष भी इस विमर्श का जवाब देगा। दरअसल यह विधेयक 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के रूप में संसद के दोनों सदनों से दो तिहाइ बहुमत से पास हो चुका हैं। विपक्षी मांग थी कि उसे 2024 के आम चुनाव से लागू किया जाय। लेकिन भाजपा का थिंक टैंक इससे आगे के विमर्श युद्ध की तैयारी कर रहा था। इस तैयारी की एक बानगी संसद के नए भवन में 880 सांसदों के बैठने की व्यवस्था के रूप में देखी जा सकती हैं। ठीक उसी तरह जैसे छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन में 120 विधायकों के बैठने की व्यवस्था की गई है जबकि राज्य की 90 विधानसभा सीटें है। विपक्ष का आरोप है कि कल जो बिल संसद में गिरा वह 131वां संविधान संशोधन (परिसिमन) बिल 2026 था। उसमें महिला आरक्षण को लेकर कोई उल्लेख ही नहीं था। विपक्षी तर्को को यदि माने तो 16 अप्रैल 2026 की रात जारी एक अधिसूचना के मुताबिक 2023 का महिला आरक्षण बिल आज की तारीख में लागू है। बहरहाल आज का हमारा प्रसंगवश विमर्श युद्ध पर केन्द्रित है। यह युद्ध कितने बड़े केनवास पर लड़ा जा सकता है यह संसद की दो दिन की बहस के बाद पता चलता हैं। देश में जातिगत जनगणना चल रही हैं। इसी के बाद परिसीमन भी होना है जिसमें स्वाभाविक तौर पर निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या बढ़नी हैं। लेकिन संसद में यह विधेयक गिरने के बाद भाजपा के देश भर के कार्यकर्ताओं और खासकर महिलाओं को ब्लू प्रिन्ट दे दिया गया है कि महिला आरक्षण बिल का विरोध कर विपक्ष ने महिलाओं का कितना नुकसान किया हैं यह देश की जनता को बताना है। यह विमर्श युद्ध भाजपा के अन्य मुददो की तरह चलता रहेगा और विपक्ष सत्तापक्ष के साथ इस इस विमर्श युद्ध को भी लड़ता रहेगा।*

## आज बेबाक

महिला आरक्षण से जुड़ा विधेयक लोकसभा में गिर गया। इसे अपनी जीत मानकर विपक्ष खुशी से फूला नहीं समा रहा है और यह नहीं समझ पा रहा है कि कई बार सामने वाले की हार भी उसकी जीत से बड़ी जीत साबित होती है। सरकार जानती थी कि उसके पास दो तिहाई बहुमत नहीं है इसलिए यह विधेयक गिरेगा। फिर भी इस पर दो दिन चर्चा कराई और मतदान कराया। अब सरकार के दोनों हाथों में लड्डू हैं। वह विपक्ष को महिला आरक्षण विरोधी करार देगी और जमकर महिलाओं की सहानुभूति बंटोरेगी। इसे कहते हैं चित भी मेरी पट भी मेरी।

# केला के नीचे छुपाकर यूपी ले जा रहे साढ़े 4 करोड़ का 9 क्विंटल गांजा जब्त, अंतर्राज्यीय तस्करी का खुलासा

**महासमुंद/नवप्रदेश।** गांजा तस्करी के एक अंतर्राज्यीय नेटवर्क का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 912.760 किलोग्राम (लगभग 9 क्विंटल 12.760 किलोग्राम) गांजा जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 4 करोड़ 56 लाख 38 हजार रुपए आंकी गई है। मामला बसना थाना क्षेत्र की है।

तस्कर पुलिस की नजरों से बचने के लिए केला परिवहन की आड़ का इस्तेमाल कर रहे थे। वाहन में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कार्रवाई लगातार जारी है। तस्कर अलग-अलग तरीका अपना रहे हैं। मुखबिर और अन्य सोर्स से मिले इनपुट के आधार पर तस्करी को रोका जा रहा है।

– **प्रतिभा पाण्डेय,** एएसपी, महासमुंद

## चारधाम यात्रा आज से, 18.25 लाख श्रद्धालुओं ने करवाया रजिस्ट्रेशन

**देहरादून (ए.)।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शनिवार से शुरू हो जाएगी। ऋषिकेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 10 बसों को यमुनोत्री व गंगोत्री धाम के लिए रवाना करेंगे। ये यात्री 19 अप्रैल को यमुनोत्री-गंगोत्री के कपाट खुलने के वक्त मौजूद रहेंगे। चारधाम के लिए अब तक 18.25 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। पिछले साल 23 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया था।

# केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ता 2% बढ़ाया

### ■ 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को होगा फायदा

**नई दिल्ली (ए.)।** सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में 2% की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। सरकार ने डीए 58% से बढ़कर 60% किया है।

यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से लागू होगी। इस फैसले से सरकार का सालाना 6,791 करोड़ रुपए का खर्च बढ़ेगा। इससे पहले अक्टूबर में महंगाई भत्ते को 55% से बढ़ाकर 58% किया गया था। पिछला रिवीजन 1 जुलाई 2025 से प्रभावी माना गया था, जिसका भुगतान एरियर के साथ किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार (18 अप्रैल) को दिल्ली में हुई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### क्या है डीए और यह क्यों जरूरी है?

महंगाई भत्ता (डीए) सरकारी कर्मचारियों को दिया जाने वाला 'कॉस्ट-ऑफ-लिविंग' एडजस्टमेंट है। इसका कैलकुलेशन बेसिक पे के प्रतिशत के रूप में किया जाता है। इसका मुख्य मकसद बढ़ती कीमतों के बीच कर्मचारियों की वास्तविक आय की सुरक्षा करना है, ताकि उनकी सैलरी महंगाई के साथ तालमेल बिठा सके।

# आतंकी साजिश नाकाम, महाराष्ट्र, ओडिशा-बिहार से 4 लोग गिरफ्तार

### ■ पुलिस ने बताया- खिलौने में बम लगाकर हमले की तैयारी में थे, राम मंदिर-संसद निशाने पर थे

**नई दिल्ली (ए.)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से चार संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इनके पास से आईईडी और उससे जुड़ा सामान बरामद हुआ है। आरोपियों में दो महाराष्ट्र और एक-एक ओडिशा और बिहार के हैं। इनकी पहचान मोसाइब अहमद, मोहम्मद हम्माद, मोहम्मद सोहेल और शेख इमरान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दो आरोपी एक रिमोट कंट्रोल खिलौना कार में आईईडी फिट करने की तैयारी में थे। जांच में यह भी सामने आया कि शेख इमरान दिसंबर 2025 में दिल्ली गया था। उसने रेड फोर्ट और इंडिया गेट जैसे जगहों की रेकी की थी। एजेंसियों के अनुसार, इन लोगों ने राम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## बंगाल चुनाव के लिए बिलासपुर जोन से चलेंगी 16 स्पेशल ट्रेनें

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में अब महज एक सप्ताह बचा है। ऐसे में दूसरे राज्यों में काम करने गए वोटर्स की आवाजाही को देखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। बिलासपुर जोन से होकर कुल 16 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इनमें कुछ ट्रेनें समर वेकेशन के नाम पर पहले ही शुरू हो चुकी हैं, जबकि ज्यादातर ट्रेनें मतदान से 2 से 4 दिन पहले चलाई जाएंगी।

# वेदांता प्लांट हादसे में अब तक 23 की मौत

### बंगाल के मजदूर ने दम तोड़ा, 13 का इलाज जारी, भूपेश ने एफआईआर पर सवाल उठाए

**रायपुर/नवप्रदेश।** सक्ती जिले में हुए वेदांता प्लांट हादसे में पिछले 24 घंटे में 3 और घायल मजदूरों ने दम तोड़ दिया। मौत का आंकड़ा बढ़कर 23 तक पहुंच गया है। रायपुर के कालड़ा हॉस्पिटल में 2 घायलों की इलाज के दौरान जान चली गई। इनमें उमेंद्र शाह और मध्य प्रदेश के रहने वाले किस्मत अली शामिल है।

वहीं, रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में एडमिट बंगाल के मजदूर सुब्रोतो जेना की भी जान गई है।

हादसे में कुल 36 लोग झुलसे हैं, 13 घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज जारी है। घटना के बाद वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल, प्रबंधन समेत 10 लोगों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### भूपेश बघेल ने पूछा-किसे बचाना चाहती है सरकार

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एफआईआर को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा- वेदांता प्लांट दुर्घटना में एफआईआर की खबर तो है। लेकिन पत्रकारों की ओर से पुलिस से एफआईआर की कॉपी मांगने पर कहा जा रहा है कि 'ऊपर' से मना किया गया है, आप लोग 'रायपुर' में बात कर लीजिए। यह 'ऊपर' कौन है? 'रायपुर' में किससे बात करनी है?

| तापमान | |
|---|---|
| अधिकतम 43° | न्यूनतम 29° |

| बाजार भाव | |
|---|---|
| गोल्ड 141,850 | सिल्वर 2,53,000 |

| शेयर बाजार | |
|---|---|
| सेंसेक्स 78,493.54 | निफ्टी 24,353.55 |

| विश्व जनसंख्या | भारत जनसंख्या |
|---|---|
| 8,287,931,661 | 1474252552 |

**खबरों की मरम्मत पेज 12 में पढ़े...**

**गरमा-गरम**

**डिजिटल डेमोक्रेसी डायलॉग:** छत्तीसगढ़ केवल एक राज्य नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और प्रकृति का संगम

# क्रिएटर्स दिखाएं बदलते छत्तीसगढ़ की नई पहचान: सीएम साय

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित डिजिटल डेमोक्रेसी डायलॉग में देशभर से आए कंटेंट क्रिएटर्स का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ केवल एक राज्य नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और प्रकृति का संगम है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह भूमि भगवान श्रीराम के ननिहाल और माता कौशल्या के मायके के रूप में जानी जाती है। वनवास के 14 वर्षों में से अधिकांश समय भगवान श्रीराम ने यहीं व्यतीत किया, जिसके प्रमाण आज भी प्रदेश के विभिन्न स्थलों पर मिलते हैं। उन्होंने माता शबरी की भक्ति, दंडकारण्य और अबूझमाड़ जैसे ऐतिहासिक-आध्यात्मिक स्थलों का उल्लेख करते हुए छत्तीसगढ़ की गौरवशाली विरासत को रेखांकित किया। उन्होंने संत गुरु घासीदास जी के 'मनखे-मनखे एक समान' के संदेश को याद करते हुए कहा कि सत्य और अहिंसा की यह परंपरा आज भी प्रदेश की आत्मा में समाहित है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कभी नक्सलवाद से प्रभावित रहा छत्तीसगढ़ आज तेजी से बदल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प और सुरक्षा बलों के अदम्य साहस के परिणामस्वरूप प्रदेश अब नक्सलवाद से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### बस्तर की सकारात्मक छवि देश-दुनिया तक पहुंचाएं

उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स से आग्रह किया कि वे अपने प्रभाव का उपयोग करते हुए बस्तर और छत्तीसगढ़ की सकारात्मक छवि देश-दुनिया तक पहुंचाएं। मुख्यमंत्री श्री साय ने उदाहरण देते हुए बताया कि बस्तर के दिव्यांग बालक मड्डा राम का वीडियो वायरल होने पर क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर द्वारा उन्हें क्रिकेट किट भेजी गई—यह सोशल मीडिया की ताकत का प्रमाण है।

### 8 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि नई औद्योगिक नीति के तहत पिछले दो वर्षों में 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। साथ ही, 'छत्तीसगढ़ विजन 2047' के माध्यम से राज्य को विकसित बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। 'नियद नेल्ला नार योजना' के माध्यम से सड़क, बिजली, पानी, राशन, वनाधिकार पट्टा और दूरसंचार जैसी मूलभूत सुविधाएं सुदूर गांवों तक पहुंचाई गई हैं।

# कोयला घोटाले में आईएएस समीर की 4 करोड़ की 9 संपत्तियां कुर्क

**रायपुर/नवप्रदेश।** कोयला घोटाले के मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई को एक और बड़ा झटका लगा है। राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की जांच में उनकी करीब 4 करोड़ रुपये की 9 अवैध अचल संपत्तियों का खुलासा हुआ है, जिन्हें विशेष न्यायालय ने कुर्क करने का आदेश दिया है।

**आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज:** ईओडब्ल्यू ने वर्ष 2024 में अपराध क्रमांक 23/2024 के तहत समीर विश्नोई के खिलाफ आय से अधिक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### विशेष अदालत का आदेश, संपत्तियों की बिक्री पर रोक

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत विशेष न्यायालय, रायपुर ने ईओडब्ल्यू के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए इन संपत्तियों को अटैच करने का आदेश जारी किया है। इसके साथ ही इन संपत्तियों की खरीद-फरोख्त पर पूर्णतः रोक लगा दी गई है।

## न्यूज गैलरी

### हीना शिंदे बनीं गैंदाटोला मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष

**छुरिया/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी जिला राजनांदगांव द्वारा महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार गैंदाटोला मंडल में श्रीमती हीना शिंदे को महिला मोर्चा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री पवन साय तथा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विमला अवस्थी के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा गायकवाड़ की अनुशंसा पर की गई है। श्रीमती हीना शिंदे के अध्यक्ष बनने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। पार्टी पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में महिला मोर्चा संगठन को मजबूती मिलेगी और पार्टी की नीतियों को प्रभावी रूप से आम जनता तक पहुंचाया जाएगा।नई जिम्मेदारी मिलने पर श्रीमती हीना शिंदे ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के प्रति पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगी और महिलाओं को जोड़कर पार्टी को और सशक्त बनाने का प्रयास करेंगी।

### शुभांश शर्मा का राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप में चयन

**महासमुंद / नवप्रदेश।** जिले के तुमगांव क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ी शुभांश शर्मा का चयन सीनियर राष्ट्रीय रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप (महिला एवं पुरुष) के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 16 से 21 अप्रैल 2026 तक बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित की जा रही है।खेल प्रशिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई (भोरिंग) ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय रग्बी सेवन्स प्रतियोगिता में महासमुंद जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया। इसी प्रतियोगिता में शुभांश शर्मा के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया है।शुभांश शर्मा इससे पहले भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। वर्ष 2023 में उन्होंने पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित जूनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में भाग लिया था। वहीं वर्ष 2024 में भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित सीनियर नेशनल और पटना (बिहार) में आयोजित राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता (अंडर-19) में भी अपनी सहभागिता दर्ज करा चुके हैं।

### मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन 3 मई को

**गरियाबंद/ नवप्रदेश।** राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन 03 मई को किया जाएगा। जिले के सभी परियोजनाओं द्वारा निर्धारित स्थलों मे अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे मुख्यमंत्री कन्या विवाह आयोजित होगा। जो माता पिता अपने विवाह योग्य लड़के-लड़कियों का सामूहिक विवाह कराना चाहते है। ऐसे जोड़ों का पंजीयन आंगनबाड़ी केन्द्रों व संबंधित परियोजना कार्यालय से 30 अप्रैल तक शाम 5:30 बजे तक करा सकते हैं। इसके उपरांत प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जाएगा।महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय ने बताया कि इसके लिए कन्या की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से अधिक तथा वर की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिये। आवेदक मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजनांतर्गत जारी राशन कार्ड धारित परिवार का होना चाहिए। बीपीएल के अतिरिक्त अन्य कार्डधारी की भी पात्रता होगी।

### जिला जेल में मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 100 बंदियों की जांच

**महासमुंद /नवप्रदेश।।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में संचालित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जेल बेमचा में बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य सुधार के लिए विशेष जांच एवं मनोसामाजिक परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जेल अधीक्षक अश्वनी पूजा तिर्की एवं सहायक जेल अधीक्षक उदय कुमार गायकवाड़ की उपस्थिति में हुआ। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के स्पर्श क्लिनिक (मनोरोग विभाग) के विशेषज्ञों की टीम ने बंदियों को तनावमुक्त रहने के व्यावहारिक तरीके बताए। टीम में डॉ. आशना (एमडी साइकेट्री), डॉ. अंकित (मनोरोग समाज कार्य विशेषज्ञ), रामगोपाल खुंटे एवं वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी खोमन लाल साहू शामिल रहे। शिविर के दौरान 100 बंदियों का गहन मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। अधिकांश बंदियों को सामान्य तनाव और जेल जीवन से जुड़े परामर्श दिए गए। जांच में 7 बंदियों में मानसिक विकार के गंभीर लक्षण पाए गए, जिनके लिए विशेषज्ञों द्वारा विशेष उपचार योजना तैयार की गई है। इन बंदियों को निरंतर फॉलो-अप में रखा जाएगा।जेल अधीक्षक अश्वनी पूजा तिर्की ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बंदियों का मानसिक स्वास्थ्य उनके सामाजिक पुनर्वास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे शिविर न केवल उनकी मानसिक स्थिति सुधारने में मदद करते हैं, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए भी तैयार करते हैं।

### लालसोट महिला मंडल ने परशुराम जन्मोत्सव पर किया दो दिवसीय कार्यक्रम

**भाटापारा / नवप्रदेश।** लालसोट महिला मंडल भाटापारा द्वारा भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बच्चों व बड़ों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन लालसोट महिला मंडल भाटापारा अध्यक्ष श्रीमति नेहा अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में किया गया। उपरोक्त संबंध में प्रथम दिवस बच्चों के लिए कुकिंग एवं क्ले एक्टिविटी रखी गई ।जिसमें बच्चों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन दिया।छोटे बच्चों ने बहुत ही स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। निर्णायक श्रीमती श्रुति योगेश पोपट द्वारा विजेता घोषित किया गया। कुकिंग में प्रथम स्थान अनन्या शर्मा ,द्वितीय स्थान शिवाय जोशी , श्रुति जोशी एवं आरोही शर्मा एवं तृतीय चेतना शर्मा व लसीका पुरोहित रही ।क्ले एक्टिविटी में प्रथम स्थान पर यशस्वी शर्मा ,द्वितीय स्थान-, देविका शर्मा ,चेतना शर्मा,तृतीय स्थान पर अनन्या शर्मा व लसीका पुरोहित रही ।

## निधन

### तुषार साहू

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** पाण्डुका निवासी तुषार साहू का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जिसमे बड़ी संख्या में सामाजिक ग्रामीण व परिवारजन शामिल हुए । वे चन्द्रहास व अरुण साहू के भतीजे तथा पत्रकार राकेश, धर्मेन्द्र, मिथुन, पीयूष और गोपी साहू के भाई थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

# बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय का प्रतीक : राजीव सिंह

■ **सामाजिक समरसता और समानता के संदेश के साथ संपन्न हुई जिला संगोष्ठी**

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर गरियाबंद के वन विभाग स्थित ऑक्शन हॉल में आयोजित जिला संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के संभागीय सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह ने बाबा साहेब के जीवन और विचारों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर वक्ता राजीव सिंह ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और दलित, शोषित, वंचित वर्गों तथा महिलाओं की आवाज बनकर समाज में समानता और न्याय की नींव रखी।

जिला संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने और अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके विचारों की वजह से आज समाज समानता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। राजीव सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंडित दीनदयाल उपाध्याय और बाबा साहेब अंबेडकर की सोच पर कार्य कर रहे हैं, जिससे विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में मदद मिल रही है।

उन्होंने बाबा साहेब के प्रसिद्ध संदेश ÷शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो÷ को जीवन में अपनाने की अपील करते हुए कहा कि यही तीन सूत्र समाज को आगे बढ़ाने का मार्ग दिखाते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि बाबा साहेब ÷दो विधान, दो प्रधान और दो निशान÷ के विरोधी थे और देश की एकता व अखंडता के पक्षधर थे। राजीव सिंह ने कहा कि बाबा साहेब के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को ÷पंचतीर्थ÷ के रूप में विकसित किया गया है, जो उनके संघर्ष और उपलब्धियों की गाथा बताते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बाबा साहेब ने किराए के मकान में रहकर लंदन में पढ़ाई की और कठिन परिस्थितियों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज के लिए प्रेरणा बने। कार्यक्रम में उन्होंने बाबा साहेब के आदर्शों, उपदेशों और संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब जन-जन के नेता थे, जिन्होंने समाज को संगठित करने और अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न समाज प्रमुखों व लोगों से बाबा साहेब के जीवन और विचारों का अध्ययन कर उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की गई।

जिला संगोष्ठी कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित की गई। इसके तहत साफ-सफाई, दीप प्रज्ज्वलन, समाज प्रमुखों के साथ संवाद और उनका सम्मान सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो इस बात का संदेश है कि सभी समाज एक हैं और हमें मिलकर आगे बढ़ना है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम बताया था। आज आवश्यकता है कि शिक्षा के क्षेत्र में समरसता के साथ आगे बढ़ते हुए उनके विचारों को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाया जाए। कहा कि बाबा साहेब के सामाजिक संघर्षों की गाथा युवाओं को प्रेरित करती है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला फीस समिति की बैठक

# निजी स्कूलों की फीस पर सख्ती, समिति की अनुमति के बिना नहीं होगी बढ़ोतरी

**महासमुंद / नवप्रदेश।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय (फीस का विनियमन) अधिनियम 2020 के अंतर्गत गठित जिला फीस समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के निजी विद्यालयों में शुल्क निर्धारण एवं उससे संबंधित प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सदस्य सचिव एवं जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला कोषालय अधिकारी सुरेश कुमार चौधरी, सेवानिवृत्त प्राचार्य के.आर. चंद्राकर, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल शर्मा, अभिभावक प्रतिनिधि राजेश पटेल एवं घनश्याम पटेल, विद्यालय प्रबंधन सदस्य सुरेश बंसल, पारस चोपड़ा तथा जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री लंगेह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निजी विद्यालय शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप ही फीस निर्धारित करें और विद्यार्थियों व अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक भार न डालें। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक महत्वपूर्ण अधिकार है, इसलिए फीस निर्धारण में पारदर्शिता और न्यायसंगतता अनिवार्य है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई विद्यालय निर्धारित नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि जिला फीस समिति के अनुमोदन के बाद ही किसी भी प्रकार की फीस वृद्धि मान्य होगी। अतिरिक्त सुविधाएं देने की स्थिति में भी निर्धारित सीमा के भीतर ही फीस बढ़ाई जा सकेगी।

बैठक में जानकारी दी गई कि अब तक किसी भी निजी विद्यालय द्वारा फीस वृद्धि का प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया है। साथ ही कलेक्टर ने आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**अभिभावकों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर ने अधिकारियों को समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण करने और अभिभावकों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने बैठक में अधिनियम 2020 की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में 243 निजी विद्यालय संचालित हैं, जिनकी फीस संरचना की नियमित समीक्षा की जाएगी। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव साझा करते हुए व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

## खुज्जी में खुली कांग्रेस की पोल? शराब का विरोध, अपने ही लोगों को फायदा

**छुरिया (नवप्रदेश)।** छत्तीसगढ़ में शराब नीति को लेकर लगातार विरोध करने वाली कांग्रेस अब खुद सवालों के घेरे में नजर आ रही है। खुज्जी गांव में शराब दुकान खुलने के साथ ही पार्टी की कथनी और करनी पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

सूत्रों के मुताबिक, जिस जमीन पर यह शराब दुकान संचालित हो रही है, वह कांग्रेस से जुड़े एक जनपद सदस्य की बताई जा रही है। साथ ही उनका संबंध खुज्जी विधानसभा के वर्तमान विधायक से भी जोड़ा जा रहा है। दुकान शुरू होते ही यह मामला राजनीतिक गलियारों के साथ-साथ गांव में चर्चा का विषय बन गया है। इधर, इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों और खासकर किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। किसानों का आरोप है कि शराब दुकान से निकलने वाला कचरा–डिस्पोजल, प्लास्टिक और पानी पाउच–उनके खेतों तक पहुंच रहा है, जिससे जमीन की उर्वरता पर असर पड़ने का खतरा है। इसे वे अपनी आजीविका पर सीधा प्रहार मान रहे हैं।

बताया जा रहा है कि खुज्जी विधायक पहले अवैध शराब और त्योहारों के दौरान खुलने वाली भट्टियों का खुलकर विरोध करते रहे हैं और खुद को किसान हितैषी नेता के रूप में पेश करते आए हैं। लेकिन अब आरोप लग रहे हैं कि उसी शराब कारोबार के लिए अपने ही परिवार से जुड़ी जमीन उपलब्ध कराकर उन्होंने अपनी ही छवि पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय लोगों और राजनीतिक हलकों में कांग्रेस पर 'दोहरे मापदंड' अपनाने के आरोप तेज हो गए हैं। लोगों का कहना है कि जनता के सामने विरोध और अंदरखाने फायदा लेने की राजनीति अब खुलकर सामने आ रही है। सूत्रों का दावा है कि एक जनप्रतिनिधि केवल शराब दुकान से मिलने वाले किराए के लिए पूरी पार्टी की छवि को दांव पर लगाने से भी नहीं हिचक रहा है।

## महतारी वंदन योजना में ई-केवाईसी के नाम पर महिलाओं को प्रताड़ित कर रही भाजपा की सरकारः चुम्मन साहू

**छुरिया/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवाईसी अनिवार्य किए जाने के बाद प्रदेशभर की महिलाओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता चुम्मन साहू ने भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे महिलाओं के साथ अन्याय करार दिया है।

चुम्मन साहू ने कहा कि भाजपा सरकार ने बड़े-बड़े वादों के साथ महतारी वंदन योजना की शुरुआत की थी, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। ई-केवाईसी की अनिवार्यता ने महिलाओं की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। पंचायत भवनों और वार्ड कार्यालयों में लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं, कई जगह सर्वर बार-बार डाउन हो रहा है, जिससे महिलाएं घंटों इंतजार करने के बाद भी निराश लौटने को मजबूर हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के पास योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए पर्याप्त संसाधन और बजट नहीं है, इसलिए ई-केवाईसी को एक औजार बनाकर पात्र महिलाओं को सूची से बाहर करने की कोशिश की जा रही है। ÷यह योजना महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें परेशान करने का माध्यम बनती जा रही है।

## आधुनिक बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड बना युवाओं की पहली पसंद

**महासमुंद /नवप्रदेश।।** जिले के ब्लॉक महासमुंद अंतर्गत फारेस्ट ग्राउंड में तैयार किया गया बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड युवाओं और बच्चों को खेल के लिए प्रोत्साहित करने का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। अगस्त 2025 में पूर्ण होकर यह मैदान आम नागरिकों और खिलाड़ियों के लिए खोल दिया गया था। पहले शहर में बड़े खेल मैदानों की कमी और गलियों में बढ़ती वाहनों की भीड़ के कारण बच्चों और खिलाड़ियों को क्रिकेट खेलने के लिए सुरक्षित व उपयुक्त स्थान नहीं मिल पाता था। इस समस्या के समाधान के रूप में हाउसिंग बोर्ड द्वारा 4842 वर्ग फुट के सीमित क्षेत्र में यह आधुनिक बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड विकसित किया गया है।यह ग्राउंड सुबह 6 से 9 बजे तक और शाम 4 से 8 बजे तक दो पालियों में संचालित होता है। इसमें स्कूली बच्चे, युवा और कामकाजी लोग अपनी सुविधा अनुसार खेल का आनंद ले रहे हैं। 15-20 मिनट के छोटे फॉर्मेट में खेले जाने वाले इस खेल ने व्यस्त जीवनशैली वाले लोगों को भी फिटनेस और मनोरंजन का बेहतर विकल्प दिया है।मैदान में फ्लडलाइट की सुविधा उपलब्ध होने से खिलाड़ी रात में भी अभ्यास कर सकते हैं।

## दुर्ग से शालीमार के लिए 22 अप्रैल को चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

**भाटापारा /नवप्रदेश।** दुर्ग-शालीमार-दुर्ग के मध्य 1-1 फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । ट्रेन नम्बर 08745 दुर्ग-शालीमार समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 22 अप्रैल 2026 को तथा ट्रेन नम्बर 08746 शालीमार-दुर्ग समर स्पेशल ट्रेन शालीमार से 23 अप्रैल को चलेगी 7 इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर चांपा एवं रायगढ़ स्टेशनों में दिया गया है । उपरोक्त संबंध में रेल सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 08745 दुर्ग-शालीमार समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 22 अप्रैल बुधवार को 21.45 बजे रवाना होगी तथा रायपुर आगमन 22.25 बजे, प्रस्थान 22.30 बजे, भाटापारा आगमन 23.20 बजे, प्रस्थान 23.22 बजे दूसरे दिन बिलासपुर आगमन 00.35 बजे, प्रस्थान 00.45 बजे, चांपा आगमन 01.35 बजे, प्रस्थान 01.37 बजे, रायगढ़ आगमन 02.32 बजे, प्रस्थान 02.34 बजे, झारसुगुड़ा आगमन 04.08 बजे, प्रस्थान 04.10 बजे, राउरकेला आगमन 05.40 बजे, प्रस्थान 05.50 बजे, चक्रधरपुर आगमन 07.38 बजे, प्रस्थान 07.40 बजे, टाटानगर आगमन 08.00 बजे ।

## छुरिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, शातिर बाइक चोर गिरफ्तार

**छुरिया/नवप्रदेश।** थाना छुरिया पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मुलंचद सिन्हा उर्फ रवि (26 वर्ष), पिता संतोष, निवासी मोहबा पुलिस चौकी चिखली, थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 42/2026 एवं 75/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही थी।

विवेचना के दौरान 16 अप्रैल 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बस स्टैंड छुरिया के पास कम कीमत में मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुलंचद सिन्हा उर्फ रवि बताया। आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने 2 मार्च 2026 को ग्राम बोईरडीह रोड किनारे खड़ी एचएफडीलक्स (ष्टत्न 08 5793) चोरी की थी, जिसे पेट्रोल खत्म होने पर छुरिया-चिचोला रोड स्थित बापुटोला चौक के पास पेड़ के नीचे छोड़ दिया था। वहीं 5 अप्रैल 2026 को चंदैनिडीह स्थित शासकीय शराब भट्ठी के सामने खड़ी दूसरी एचएफडीलक्स (ष्टत्न 08 ख्र 1062) चोरी कर ले गया, जिसे बाद में गौरी नाला पुलिया के पास झाड़ियों में छिपा दिया था।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर दोनों मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त कर ली और विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कौशलेश देवांगन, सहायक उप निरीक्षक उदय सिंह चंदेल, प्रधान आरक्षक मनोज कुमार साहू, आरक्षक देवीलाल साहू एवं फूलेन्द्र राजपूत की सराहनीय भूमिका रही।

**बैठक:** अधिकारियों को दी नसीहत, दफ्तरों से निकले और धरातल पर काम करें

## विधायक शर्मा ने ली विभागों की मैराथन समीक्षा बैठक

**धरसींवाः / कूंरा/नवप्रदेश।** विधानसभा क्षेत्र धरसीवा में क्षेत्रीय विकास की गति को बढ़ाने और प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने आज विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली।

बैठक में विधायक का बेहद संवेदनशील और सख्त अंदाज नजर आया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही प्रशासन की असली सफलता है। बैठक के दौरान विधायक ने विभिन्न विभागों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति और कार्यालयों में लंबित आवेदनों के वर्तमान स्टेटस की विस्तृत रिपोर्ट मांगी।उन्होंने पूछा कि कौन से कार्य समय सीमा के भीतर किए गए हैं और कौन से लंबित हैं। जनता से प्राप्त आवेदनों और शिकायतों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई, इसका पूरा विवरण मांगा गया है।

उन्होंने निर्देश दिया कि फाइलों को अनावश्यक रूप से न रोका जाए तथा यथासमय प्राप्त आवेदनों पर उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करे। शर्मा ने लोक निर्माण विभाग , विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जनपद पंचायत, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से जारी परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी मांगी। मीडिया सें चर्चा करते हुए विधायक अनुज शर्मा नें कहा कि आज की यह समीक्षा बैठक केवल फाइलों के लेन-देन के लिए नहीं है, बल्कि यह आत्म-मंथन के लिए है कि हम जनता की उम्मीदों पर कितना खरा उतर रहे हैं।

## खाद की कीमत बढ़ाकर किसानों की कृषि लागत सरकार ने बढ़ाईः उधोराम

**धरसीवां / कूंरा / नवप्रदेश ।** केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार लगातार किसान हितों की बात करते है लेकिन किसानों को हर समय परेशान करने का कार्य कर रही है खरीफकी तैयारी जोरो पर है किसान बीज ,खाद का अग्रिम उठाव शुरू करते थे 1अप्रैल से उठाव शुरू हो जाता था लेकिन इस वर्ष उठाव पर सरकार प्रतिबंध लगा के रखे है,एक तरफ किसानों को खाद की भरपूर उपलब्धता बता रहे है लेकिन दूसरी तरफ किसानों को समितियों में खाद की लिमिट कम कर दी है पहले 60त्न नगद 40 खाद दिया करते थे किसानों को पर्याप्त खाद मिलता था जिससे खुशी खुशी खेती करते थे किसानों को खाद बाहर से नहीं खरीदना पड़ता था लेकिन इस वर्ष नगद 70त्न एवं खाद 30त्न कर दिए है जिससे जरूरत की खाद भी अर्याप्त होगा किसान ऊंची दर पर बिचौलियों से,निजी खाद दुकानों से ज्यादा दर पर खरीदने मजबूर होगे ,सरकार किसानों की आय दुगनी करने की बात करते है लेकिन लगातार खाद के दाम बढ़ाए जा रहे है जो खाद पहले ह्र क्कच्च 12.32.16, 1720 रु था अब बढ़ कर1900रु प्रति 50द्मद्द हो गया है ।

# अंगदान : एक जीवन से कई जीवन रोशन, सुनील कुमार बने आशा की मिसाल

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन छत्तीसगढ़ ने गर्व और भावनाओं के साथ एक ऐसी प्रेरक घटना साझा की है, जिसने मानवता की मिसाल पेश की है। रायपुर निवासी स्वर्गीय सुनील कुमार (39 वर्ष) के अंगदान से दो लोगों को नया जीवन मिला है। उनका यह निःस्वार्थ कार्य समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है।

जानकारी के अनुसार, 23 मार्च को एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद सुनील कुमार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें ब्रेन डेथ घोषित किया गया। इस कठिन घड़ी में उनके परिवार ने साहस और संवेदनशीलता दिखाते हुए अंगदान के लिए सहमति दी।

18 अप्रैल की शाम उनकी दोनों किडनियों का सफल प्रत्यारोपण 39 और 45 वर्षीय दो मरीजों में किया गया, जो क्रोनिक किडनी डिजीज से पीड़ित थे। यह घटना केवल एक चिकित्सा प्रक्रिया नहीं, बल्कि जीवन के पुनर्जन्म की मिसाल बन गई, जहां एक व्यक्ति अपने जाने के बाद भी दूसरों में जीवित रहता है। सुनील कुमार अपने परिवार के पांच सदस्यों के लिए आधार स्तंभ थे। जीवन के अंतिम क्षणों में भी उन्होंने मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए दो जिंदगियों को जीवनदान दिया।

उनका यह कार्य समाज को यह संदेश देता है कि अंगदान वास्तव में महादान है। प्रदेश में यह 13वां अंगदान है, जिसके जरिए अब तक कुल 52 सफल प्रत्यारोपण किए जा चुके हैं। इनमें 25 किडनी, 8 लीवर, 5 हार्ट वाल्व, 20 कॉर्निया और 3 स्किन ग्राफ्ट शामिल हैं। यह आंकड़े छत्तीसगढ़ में अंगदान के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाते हैं। अब तक 3076 से अधिक लोग अंगदान की शपथ ले चुके हैं। राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़कर इसे जन-आंदोलन बनाएं। अंगों के सुरक्षित और त्वरित परिवहन के लिए पुलिस आयुक्त संजीव शुक्ला के नेतृत्व में ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया, जिसने प्रत्यारोपण की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

पूरी प्रक्रिया में एम्स रायपुर के नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, एनेस्थीसियोलॉजी, ट्रॉमा, न्यूरोसर्जरी, सीसीयू और फॉरेंसिक विभागों का बेहतर समन्वय देखने को मिला। साथ ही, ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेशन टीम और विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। सुनील कुमार का यह त्याग केवल दो लोगों के लिए जीवनदान नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक अमिट प्रेरणा बन गया है।

## ग्रीन कॉरिडोर से बची जिंदगी: 20 मिनट में एम्स से श्रीबालाजी अस्पताल पहुंची किडनी

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी रायपुर में मानवता और प्रशासनिक तत्परता का शानदार उदाहरण सामने आया, जब किडनी ट्रांसप्लांट के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एम्बुलेंस को महज 15 मिनट में सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया। इस त्वरित कार्रवाई से एक मरीज को नया जीवन मिल सका। जानकारी के अनुसार, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर के डॉक्टर वरुण ने किडनी ट्रांसप्लांट के लिए तत्काल ग्रीन कॉरिडोर बनाने की जरूरत की जानकारी पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला को दी। सूचना मिलते ही

कमिश्नर ने तत्काल निर्देश जारी किए, जिसके बाद रायपुर यातायात पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए पूरे मार्ग को खाली कर दिया। एम्बुलेंस दोपहर 2:02 बजे एम्स से रवाना हुई और जीई रोड, मोहबा बाजार चौक, आमापारा चौक, अग्रसेन चौक, तेलघानी नाका, स्टेशन चौक, एक्सप्रेसवे, पंडरी ब्रिज, कपड़ा मार्केट चौक, लोधीपारा, दलदल सिवनी टर्निंग और मोवा थाना तिराहा होते हुए 2:25 बजे श्रीबालाजी हॉस्पिटल पहुंच गई। पूरे रूट पर ग्रीन कॉरिडोर बनाकर यातायात को नियंत्रित किया गया, जिससे एम्बुलेंस को कहीं भी रुकना नहीं पड़ा। बताया जा रहा है कि पेंड्रा निवासी 39 वर्षीय मरीज का सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। वहीं डोनर के रूप में उत्तर प्रदेश के इटावा निवासी 39 वर्षीय सुनील कुमार ने अपनी किडनी दान कर मानवता की मिसाल पेश की। इस सराहनीय कार्य के लिए रायपुर पुलिस और यातायात विभाग की व्यापक प्रशंसा हो रही है। यह घटना दर्शाती है कि समय पर समन्वय और त्वरित निर्णय से किस तरह जीवन बचाया जा सकता है।

## न्यूज गैलरी

### वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान में बड़ी सफलता, 53 वारंट तामील

**रायपुर/नवप्रदेश।** शहर में फरार आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रायपुर पुलिस के पश्चिम जोन द्वारा दो दिनों तक चलाए गए सघन अभियान में कुल 53 स्थायी और गिरफ्तारी वारंटों की तामिली की गई। यह अभियान पुलिस उपायुक्त (पश्चिम जोन) संदीप कुमार पटेल के निर्देशन में चलाया गया। अभियान को पश्चिम जोन के राजपत्रित अधिकारियों के मार्गदर्शन और थाना प्रभारियों के नेतृत्व में प्रभावी ढंग से अंजाम दिया गया। इसके लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कर योजनाबद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान थाना पुरानी बस्ती, डी.डी. नगर, आमानाका, आजाद चौक, सरस्वती नगर, कबीर नगर, न्यू राजेंद्र नगर, टिकरापारा और मुजगहन क्षेत्रों में वारंटियों की तलाश कर गिरफ्तारी की गई। इस कार्रवाई में 22 स्थायी वारंट और 31 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वारंटियों के खिलाफइस तरह का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### वेदांता पावर प्लांट ब्लास्ट: जिंदल ने एफआईआर पर उठाए सवाल

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुए भीषण हादसे को लेकर सियासत और औद्योगिक जगत में बहस तेज हो गई है। इस दुर्घटना में मृतकों की संख्या

बढ़कर 23 पहुंच गई है, जबकि 13 मजदूरों का इलाज जारी है। मामले में कंपनी के चेयरमैन अनिल अग्रवाल समेत अन्य लोगों के खिलाफएफआईआर दर्ज की गई है। इस बीच उद्योगपति नवीन जिंदल ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि बिना विस्तृत जांच के किसी शीर्ष पद पर बैठे व्यक्ति का नाम एफआईआर में शामिल करना चिंता का विषय है। जिंदल ने लिखा कि इस दुखद घटना की पहले निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए, उसके बाद ही सबूतों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। उन्होंने हादसे को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए कहा कि कई परिवारों ने अपने परिजन खो दिए हैं, ऐसे में पीड़ितों को उचित मुआवजा, आजीविका सहायता और न्याय मिलना बेहद जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि अनिल अग्रवाल एक ऐसे उद्यमी हैं जिन्होंने अपनी मेहनत से वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई है और संबंधित प्लांट के दैनिक संचालन में उनकी सीधी भूमिका नहीं थी। नवीन जिंदल ने अपने बयान में सरकारी उपक्रमों का उदाहरण देते हुए कहा कि जब सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या रेलवे में दुर्घटनाएं होती हैं, तो क्या चेयरमैन का नाम एफआईआर में जोड़ा जाता है? उन्होंने कहा कि यही मापदंड निजी क्षेत्र पर भी लागू होना चाहिए और किसी भी कार्रवाई से पहले तथ्यों की जांच जरूरी है।

### आयुष्मान भारत योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ को दो राष्ट्रीय पुरस्कार

**रायपुर/नवप्रदेश।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा 17 एवं 18 अप्रैल 2026 को पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित चिंतन शिविर में राज्य को दो प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ को "Best Performing Large State" की श्रेणी में दो महत्वपूर्ण कैटेगरी में अवॉर्ड मिला। पहली श्रेणी 'हाई ट्रिगर एफिकेसी' रही, जिसमें राज्य ने संदिग्ध क्लेम की पहचान और उनके प्रभावी विश्लेषण में उल्लेखनीय दक्षता दिखाई। उन्नत आईटी आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम और मजबूत ऑडिट व्यवस्था के जरिए अनियमितताओं की समय पर पहचान सुनिश्चित की गई। वहीं दूसरी श्रेणी ÷टाइमली प्रोसेसिंग ऑफसस्पिशियस क्लेम्स÷ में छत्तीसगढ़ ने संदिग्ध दावों के त्वरित निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। तय समय सीमा के भीतर क्लेम की जांच, निर्णय और निष्पादन कर पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत किया गया। राज्य में सशक्त क्लेम ऑडिट तंत्र, ट्रिगर आधारित निगरानी प्रणाली और अस्पतालों के साथ बेहतर समन्वय के चलते संदिग्ध प्रकरणों के निराकरण में उल्लेखनीय सुधार दर्ज हुआ है। इससे क्लेम प्रोसेसिंग की गुणवत्ता बढ़ी है और अनावश्यक देरी में कमी आई है, जिससे हितग्राहियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान राज्य के स्वास्थ्य तंत्र की प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और निरंतर सुधार के प्रयासों का परिणाम है।

बिना कमिश्नर की अनुमति सीधे टाउन एंड कंट्री प्लानिंग भेज दी गई फाइल

# 150 एकड़ जमीन नक्शा पास मामले में एक्शन, चार सस्पेंड

**रायपुर/नवप्रदेश।** नगर निगम जोन-10 कमिश्नरी से जुड़े 150 एकड़ जमीन की मार्ग संरचना अनुमति मामले में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए निगम आयुक्त विश्वदीप ने चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई में पूर्व जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे और तीन इंजीनियर–कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला, योगेश यदु और अजय श्रीवास्तव शामिल हैं। बताया जा रहा है कि मठपुरैना से बोरियाखुर्द गांव की सीमा से लगी इस जमीन की मार्ग संरचना से संबंधित फाइल बिना कमिश्नर की अनुमति सीधे टाउन एंड कंट्री प्लानिंग संचालनालय भेज दी गई थी। वहां भी बिना गहन जांच के करीब 150 एकड़ में से 40 एकड़ जमीन का नक्शा पास कर निर्माण की अनुमति दे दी गई। मामले की जानकारी मिलने पर निगम आयुक्त ने आपत्ति दर्ज कराई, जिसके बाद टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के संयुक्त संचालक ने स्वीकृति को निरस्त कर दिया।

**मिलीभगत की आशंका:** इस पूरे प्रकरण में नगर निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग संचालनालय के अधिकारियों के बीच मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। जांच के दौरान अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण भी किया, जिसमें पुराना धमतरी रोड स्थित कमल होटल के आसपास और आरडीए की बीएसयूपी कॉलोनी से लगी जमीन का परीक्षण किया गया।

**विभागीय जांच के निर्देश:** आयुक्त विश्वदीप ने स्पष्ट किया है कि निलंबन के साथ ही चारों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच भी की जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर विधिक कार्रवाई के साथ वेतन वृद्धि पर रोक लगाने जैसे कदम उठाए जाएंगे।

**विपक्ष ने उठाए सवाल:** नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने मामले में केवल निगम अधिकारियों पर कार्रवाई को अधूरा बताते हुए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के दोषी अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में बिचौलियों, दलालों और प्रभावशाली लोगों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

**2019 के बाद तेजी से बढ़ी बसाहट:** जांच में सामने आया कि संबंधित जमीन पर वर्ष 2019 के बाद तेजी से बसाहट बढ़ी है। नियमानुसार 10 प्रतिशत बसाहट के आधार पर मार्ग संरचना की अनुमति दी जानी थी, लेकिन वर्तमान में क्षेत्र में घनी आबादी बस चुकी है, जिससे अनुमति की प्रक्रिया जटिल हो गई।

**टुकड़ों में फाइल भेजते तो बच जाता मामला:** सूत्रों के अनुसार, यदि 150 एकड़ के बजाय 30-30 एकड़ के हिस्सों में फाइल भेजी जाती, तो मामला इतना बड़ा नहीं बनता। एकमुश्त बड़े क्षेत्र के प्रस्ताव ने पूरे मामले को उजागर कर दिया, जिससे भू-माफिया से सांठगांठ की आशंका भी मजबूत हुई है।

## अवैध कोयला खनन पर बड़ी कार्रवाई 6 टन से अधिक कोयला जब्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** कोरिया जिला के पटना तहसील अंतर्गत देवखोल जंगल में अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने व्यापक कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में कोयला जब्त किया है। खनिज, वन, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को सुबह से सघन अभियान चलाकर अवैध सुरंगों को ध्वस्त किया और मौके से करीब 150 बोरी यानी 6 टन 61 किलो अवैध कोयला बरामद किया।

जिले में गठित टास्क फोर्स के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में एसडीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। टीम ने सुरंगों के भीतर प्रवेश कर कार्रवाई की और कोयले के साथ-साथ फावड़ा, गेती, विद्युत पंप, फुटबॉल पाइप तथा बड़ी मात्रा में बिजली के तार भी जब्त किए। इससे यह स्पष्ट होता है कि अवैध उत्खनन संगठित रूप से संचालित किया जा रहा था।

**कानूनी प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज:** इस मामले में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग के अनुसार देवखोल क्षेत्र में पूर्व में भी अवैध खदानों को ब्लास्ट कर बंद किया गया था। एसईसीएल के माध्यम से सुरंगों को सील करने की कार्रवाई लगातार की जा रही है, लेकिन कुछ लोग इन्हें दोबारा खोलने का प्रयास करते हैं। हाल ही में पटना पुलिस द्वारा भी 3 टन 200 किलो अवैध कोयला जब्त कर बीएनएस की धारा 106 के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

## एनिमल बर्थ कंट्रोल अभियान तेज 413 से अधिक श्वानों की नसबंदी

**रायपुर/नवप्रदेश।** शहर में आवारा श्वानों की संख्या नियंत्रित करने के लिए रायपुर नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा एनिमल बर्थ कंट्रोल अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। निगम के जोन 8, वार्ड क्रमांक 2 (सोनडोंगरी) में संचालित केंद्र के माध्यम से अब तक लगभग 413 श्वानों की नसबंदी की जा चुकी है।

महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पाण्डेय ने स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही और जोन 8 की जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के साथ केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां की व्यवस्थाओं, ऑपरेशन थियेटर, चिकित्सकीय

सुविधाओं, टीकाकरण और डी-वॉर्मिंग कार्य का जायजा लिया गया। सोनडोंगरी स्थित इस केंद्र का संचालन एनिमल वेलफेयर सोसायटी हरियाणा के माध्यम से किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन औसतन 15 श्वानों को पकड़कर उनकी नसबंदी की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, शहर में बैरन बाजार स्थित दूसरे केंद्र को मिलाकर प्रतिदिन लगभग 30 श्वानों की नसबंदी की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त ने एजेंसी को केंद्र के सुव्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने श्वानों की पकड़, उपचार और नसबंदी प्रक्रिया को नियमों के अनुरूप और प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत श्वानों को विशेष डॉग कैचर टीम द्वारा वाहन के माध्यम से लाया जाता है और पूरी प्रक्रिया अनुबंध की शर्तों के अनुसार की जाती है। साथ ही, जोन 8 के स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

## महतारी वंदन योजना से संवर रही पहाड़ी कोरवा परिवारों की तकदीर

**बकरी पालन बना आजीविका का सशक्त माध्यम, मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार**

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप 'महतारी वंदन योजना' प्रदेश की महिलाओं के लिए न केवल आर्थिक संबल, बल्कि स्वावलंबन का नया आधार बन रही है। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय की श्रीमती करियो के जीवन में आई खुशहाली लेकर आई है। अम्बिकापुर विकासखण्ड के ग्राम रामनगर की रहने वाली श्रीमती करियो ने योजना से प्राप्त सहायता राशि का सदुपयोग कर न केवल

अपना भविष्य संवारा है, बल्कि अपने पूरे परिवार की स्थिति को बेहतर बनाया है।

श्रीमती करियो बताती हैं कि पहले उनके परिवार की आर्थिक स्थिति चुनौतीपूर्ण थी। दैनिक खर्चों के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता था। महतारी वंदन योजना के लागू होने के बाद, जब उनके खाते में राशि आनी शुरू हुई, तो उन्होंने इसे घरेलू खर्चों में लगाने के बजाय निवेश का रास्ता चुना। उन्होंने इस राशि को सहेज कर बकरियां खरीदीं और पशुपालन शुरू किया।

अपनी सफलता साझा करते हुए श्रीमती करियो ने बताया कि मैंने योजना के पैसों से बकरियां खरीदीं और साल भर उनकी देखभाल की। अब मेरे पास छह बकरियां हैं। बकरियां समय-समय पर बच्चे देती हैं, जिससे उनकी संख्या बढ़ती जा रही है। अब मुझे इनसे निरंतर लाभ मिल रहा है और मैंने अपना गुजारा इन्हीं के माध्यम से सुरक्षित कर लिया है। आर्थिक स्थिति सुधरने से श्रीमती करियो अब अपने पति और नाती-पोतों की बेहतर देखभाल कर पा रही हैं।

**जनगणना-2027:** निदेशक डॉ. कार्तिकेय गोयल ने छत्तीसगढ़ के नागरिकों से की स्व-गणना पूर्ण करने की अपील

# 13,937 नागरिकों ने पूरी की स्व-गणना प्रक्रिया

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित जनगणना 2027 के अंतर्गत शुरू की गई डिजिटल स्व-गणना प्रक्रिया को नागरिकों से उत्साहजनक प्रतिसाद मिल रहा है। जनगणना संचालन निदेशालय, छत्तीसगढ़ से प्राप्त ताजा आंकड़ों के अनुसार अब तक राज्य में 13,937 नागरिकों ने स्व-गणना की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है, जबकि 6,188 लोगों ने पंजीकरण कर प्रक्रिया प्रारंभ की है, परंतु अभी उसे पूर्ण नहीं किया है। इस प्रकार कुल 20,125 नागरिक स्व-गणना पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं, जो इस डिजिटल पहल के प्रति बढ़ते विश्वास और जागरूकता को दर्शाता है।

भारत सरकार के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान का उद्देश्य आगामी दशक के लिए सटीक और विश्वसनीय सामाजिक-आर्थिक डेटा तैयार करना है। यह डेटा न केवल नीतियों के निर्माण में सहायक होगा, बल्कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का आधार भी बनेगा। जनगणना 2027 के इस चरण में नागरिकों को पहली बार स्व-गणना का विकल्प प्रदान किया गया है, जिससे वे अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। इस पहल से पारदर्शिता और सटीकता दोनों में वृद्धि हुई है तथा नागरिक सशक्तिकरण को भी बल मिला है।

डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया को अत्यंत सरल, सुरक्षित और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाया

गया है। नागरिकों को पोर्टल पर अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से प्रमाणीकरण करना होता है। इसके पश्चात परिवार के मुखिया द्वारा आवास की स्थिति, पेयजल के स्रोत, ऊर्जा के साधन तथा परिवार के सदस्यों के व्यक्तिगत विवरण जैसे नाम, आयु, लिंग, वैवाहिक स्थिति, शिक्षा और व्यवसाय से संबंधित जानकारी दर्ज की जाती है। प्रक्रिया पूर्ण होने पर एक डिजिटल संदर्भ संख्या (सीआरएन) प्राप्त होती है, जिसे भविष्य में सत्यापन के समय प्रगणकों को प्रस्तुत करना होगा, जिससे डेटा मिलान का कार्य त्वरित और त्रुटिरहित तरीके से किया जा सके।

राज्य के सभी 33 जिलों और 19,978 ग्रामों में इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रशासनिक तैयारियां की गई हैं। राज्य सरकार द्वारा 62,500 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम तैनात की गई है, जिसमें 51,300 प्रगणक और 9,000 पर्यवेक्षक शामिल हैं। ये अधिकारी डिजिटल उपकरणों के माध्यम से डेटा संग्रहण एवं सत्यापन का कार्य कर रहे हैं। नागरिकों की सहायता के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन 1855 भी सक्रिय है, जहां किसी भी प्रकार की समस्या या शंका का समाधान किया जा रहा है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान एकत्रित की जाने वाली सभी व्यक्तिगत जानकारी जनगणना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के अंतर्गत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। इस डेटा का उपयोग केवल सांख्यिकीय विश्लेषण और विकास योजनाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा तथा इसे किसी भी कानूनी जांच या कर निर्धारण के लिए उपयोग में नहीं लाया जाएगा। इसी क्रम में डॉ. कार्तिकेय गोयल, निदेशक, जनगणना संचालन, छत्तीसगढ़ ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे इस डिजिटल पहल में बढ़-चढ़कर भाग लें और स्व-गणना की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान आने वाले दशक के लिए सटीक सामाजिक-आर्थिक नीतियों के निर्माण का आधार बनेगा और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही इसका उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा।

# अक्षय तृतीया : अबूझ मुहूर्त, अटूट आस्था और समृद्धि का महापर्व

**प्रस्तावना :-** भारतीय काल गणना में अक्षय तृतीया का स्थान अत्यंत विशिष्ट है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की यह तिथि 'स्वयंसिद्ध मुहूर्त' मानी जाती है। शास्त्र कहते हैं— 'न क्षयति इति अक्षयः' अर्थात् जिसका कभी नाश न हो, वही अक्षय है। यह दिन केवल भौतिक समृद्धि और स्वर्ण आभूषणों की खरीदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी आध्यात्मिक चेतना, दान की परंपरा और कृषि संस्कृति के संगम का उत्सव है। इस वर्ष भी यह पर्व जनमानस के लिए सौभाग्य और नई शुरुआत की ऊर्जा लेकर आया है।

**मुख्य लेख: पौराणिक गाथाओं का संगम :-** अक्षय तृतीया का महत्व कई युगों से जुड़ा है। इसे 'युगादि तिथि' भी कहा जाता है क्योंकि इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग का आरंभ हुआ था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार :

परशुराम जयंती : भगवान विष्णु के छठे अवतार, शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता भगवान परशुराम का प्राकट्य इसी पावन तिथि को हुआ था।

**गंगा का धराधाम पर आगमन :** भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर माँ गंगा इसी दिन स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं।

**अक्षय पात्र का वरदान :** वनवास के दौरान भगवान कृष्ण ने द्रौपदी को 'अक्षय पात्र' भेंट किया था, जिससे कभी अन्न समाप्त नहीं होता था। यह भूखों को खिलाने और सामाजिक सेवा का संदेश देता है।

**चारधाम और कपाट :** उत्तराखंड के प्रसिद्ध तीर्थ बद्रीनाथ धाम के कपाट इसी दिन खुलते हैं, जो भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है।



## अक्षय फल पाने के 5 सरल मार्ग

- **अक्षय दान :** इस दिन जल, फल, अनाज, वस्त्र और चप्पल का दान करने से पुण्य का संचय होता है।
- **पितृ तर्पण :** पूर्वजों के नाम से जल तर्पण करने के लिए यह दिन सर्वश्रेष्ठ माना गया है।
- **सत्संग और संकल्प :** किसी भी बुरी आदत को छोड़ने और अच्छे कार्य का संकल्प लेने के लिए यह दिन सर्वोत्तम है।
- **पर्यावरण संरक्षण :** चूंकि यह जल और मिट्टी की पूजा का दिन है, इसलिए वृक्षारोपण करना विशेष फलदायी होता है।
- **पक्षी सेवा :** भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे (मिट्टी के बर्तन में पानी) रखना इस पर्व की सार्थकता बढ़ाता है।

## छत्तीसगढ़ और 'अक्ती' की परंपरा

*छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में अक्षय तृतीया को 'अक्ती' के रूप में बड़े उत्साह से मनाया जाता है।*

**माटी पूजन :** इस दिन किसान अपने खेतों में जाकर 'मुठ्ठी भर धान' बोते हैं और धरती माता की पूजा कर अच्छी फसल की कामना करते हैं। इसे 'बीज पुटनी' की रस्म भी कहा जाता है।

**पुतरा-पुतरी बियाव :** ग्रामीण अंचलों में बच्चे मिट्टी के गुड्डा-गुड्डी (पुतरा-पुतरी) का विवाह रचाते हैं, जो सामाजिक संस्कारों के प्रति जागरूकता का प्रतीक है।

**कृषि नववर्ष :** अक्ती को छत्तीसगढ़ में कृषि कार्यों के नए सत्र की शुरुआत माना जाता है।

## व्यापार और स्वर्ण निवेश

बाजार की दृष्टि से अक्षय तृतीया दीपावली के बाद खरीदारी का दूसरा सबसे बड़ा त्योहार है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, इस दिन चंद्रमा और सूर्य दोनों अपनी उच्च राशि में होते हैं, जो स्थिरता प्रदान करते हैं। यही कारण है कि इस दिन सोने की खरीदारी को 'स्थायी संपत्ति' के रूप में देखा जाता है। रियल एस्टेट, ऑटोमोबाइल और नए व्यापारिक प्रतिष्ठानों के शुभारंभ के लिए यह दिन पूरे भारत के व्यापारियों के लिए विशेष लाभदायी होता है।

### 19 अप्रैल अक्षय तृतीया पर विशेष

## अनंत समृद्धि का दिन है अक्षय तृतीया

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हमारे देश में समय-समय पर बहुत से त्यौहार मनाये जाते हैं। इसलिए हमारे देश को त्योहारों का देश भी कहते है। हिन्दू धर्मावलम्बियों के प्रमुख त्योहारों में से एक अक्षय तृतीया है जिसे हम आखा तीज भी कहते हैं। अक्षय तृतीया देश भर में हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य इस शुरू होता है वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्यौहार हर वर्ष वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को है।

अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं। क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं। अक्षय तृतीया का पर्व बसंत और ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। क्योंकि सतयुग की समाप्ती पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है।

माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था। इसीलिये इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाये थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी। और पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरुआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है। अक्षय तृतीया वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है। इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है। हिंदू परिवारों के लिए यह दिन बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

अक्षय शब्द का अर्थ होता है कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है। जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में वैसाख के वसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं। जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला। इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। ÷अक्षय÷ शब्द का अर्थ होता है जो कभी खत्म न हो। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य, का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है। जैन धर्म में अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है जिसे दान और पुण्य कार्य करने के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। अक्षय तृतीया के दिन यूं तो आप किसी भी देवी-देवता की पूजा कर सकते हैं। लेकिन विशेष रूप से इस दिन माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और धन के देवता कुबेर की पूजा करने का विधान है। अन्य त्योहारों की तरह इस त्यौहार में भी दीपक जलाते हैं। इस दिन किया गया परोपकार हमारे लिए जीवन को सुखी बना देता हैं। इसीलिए इस दिन लोग गरीबों को भोजन कराते हैं तथा उनकी सहायता करते हैं।

माना जाता है कि इस दिन किए गए पुण्य हमारे लिए स्वर्ग में जगह बनाते हैं। इस दिन कई लोग जागरण रखकर हवन करते हैं तथा गरीबों को दान देते हैं। कई लोग अपने नए घर में मुहूर्त के हिसाब से प्रवेश करते हैं। अक्षय तृतीया का पौराणिक महत्व भी है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग और त्रेता युग का आरंभ हुआ था। द्वापर युग का समापन और महाभारत युद्ध का समापन भी इसी तिथि को हुआ था। देश के अनेक हिस्सों में इस तिथि का अलग-अलग महत्व है। जैसे उड़ीसा और पंजाब में इस तिथि को किसानों की समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है। तो बंगाल में इस दिन गणपति और लक्ष्मीजी की पूजा का विधान है।

इतना पवित्र पर्व होने के उपरांत भी इस दिन बड़ी संख्या में होने वाले बाल विवाह इस पर्व के महत्व को कम करते हैं। अबूझ सावा मानकर बड़ी संख्या में लोग अपने नाबालिक बच्चों की इस दिन शादी कर देते हैं। कम उम्र के बच्चों के विवाह रोकने के लिए इस दिन प्रशासन को विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं। राजस्थान सहित कई प्रदेशों में तो अक्षय तृतीया का दिन बाल विवाह के लिए बदनाम हो चुका है। विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचावो बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। ऐसे पवित्र दिन का महत्व बनाए रखने के लिए समाज को इस दिन होने वाली कुरीतियों पर रोक लगाकर एक सकारात्मक संदेश देना होगा। तभी सार्थकता बनी रह पाएगी।

## व्यंग्य रचना : पीड़ित करने वाले की पीड़ा

**डॉ. किशोर अग्रवाल**

चला गया वह जले नोटों का मसीहा! पीड़ितों को चूस चूस कर एकत्र धन के अंबार ने खुद ही उनकी वह खोली स्वीकार नहीं की जिसमें उसे रखा गया था ।करोड़ों का धन और रखने को खोली? कुढ़न के कारण नोट खुद ही जल गये। हिमाकत ऐसी कि थूक लगा लगाकर गिने उन प्यारे नोटों को उन्होने अपना मानने तक से इनकार कर दिया मानो नोट न हुए बॉर्डर पर मरे हुए पाकिस्तानी सैनिक हों गये , जिनको वह कभी अपना मानता ही नहीं!

गंदगी से गंधाते बच्चे को माँ भी गोद में नहीं उठाती। माँ ने उठाकर दूसरी जगह रख दिया तो वहाँ के वकील तिलमिला गये। नहीं चाहिए इतना काबिल। हम अपने पुराने धुरानों से ही काम चला लेंगे। यह आसमानी फरिश्ता हटा लो यहाँ से। इस मांग के साथ सारे वकील सड़कों पर आ गये।

अपने आदेश पालन में विलंब होने पर या पुलिस की जाँच रिपोर्ट फाइल होने में देर पर तमतमा जाने वाले माननीयों ने इस कुबेर की तिजोरी खुलते ही आँखें मूंद ली। खुद विचारण के महत्वपूर्ण मंच से नीचे उतर कर अनुसन्धान पर उतर आये। अपराध की प्रथम सूचना लेने के प्रावधान को ताक पर रखकर जाँच का अभिनय प्रारंभ कर दिया गया। इस वाले माननीय ने न्याय की देवी के तराजू का बैलेंस बिगाड़ दिया और न्याय देवता की गले की हड्डी बन बैठा। अपनी जांघ उघाड़े और अपनी ही लज्जा संभाले कैसे। छछूंदर सांप के मुँह में आ बैठा। अरे स्विट्ज़रलैंड हो आता वहाँ छोड़ आता। घर में ही दिवाली मना ली , घर में पटाखे फूंक लिए और घर के लोग ऐसे लापरवाह कि धोती जल रही थी तो धोती उतार कर उघाड़े हो गये। सारा सिस्टम उघाड़ा कर दिया। हर दादा जानता है कि पोता कैसे पैदा होता है पर ये तो हद है कि एकदम उघाड़े हो गये। छुपायें तो क्या छुपायें? ढंके तो क्या ढंके?

बुरा हो इन मोबाइल फोटोग्राफरों का। चींटी के बिल में घुसकर उनके अंडों तक की फोटो निकाल लाते हैं। क्या जरूरी था कि जले नोटों को जलते हुए धुएं सहित वायरल करने की हिमाकत करते। यह 'हाथ कंगन की तरह' सामने ही घर दिया अब आरसी की क्या जरूरत। कहीं का चपरासी होता और सौ रुपये ले लेता तो पद की गरिमा व कर्तव्य बताकर सस्पेंड कर दिया जाता। पटवारी, सिपाही, दरोगा, बाबू सारे चोर हैं, आपने बोला और लोगों ने मान लिया, तर्क ही नहीं किया बस सीधे मान लिया। कुछ भी नहीं देखा फिर भी मान लिया। यहाँ सबने देखा पर उन्होंने नहीं माना, यह कहता है कि 'मेरे हैं ही नहीं, मेरे यहाँ थे ही नहीं' कमेटी कहती है कि 'इसी के हैं, इसी के जले हैं'। अब काम भले ही नहीं दिया पर तनख्वाह बराबर देते रहे। वह बिना काम किये वेतन पाता रहा, दो जगह रहता रहा न निलंबन न एफआई.आर.। कोशिश खूब की कि बने रहें। जला हुआ नोटों का भंडार फिर से पूरा कर लें पर जम नहीं पायी बात। बदली परिस्थितियों ने डरा दिया कि पेले जाओगे तब पीड़ा जागने लगी। पीड़ित होकर इन परिस्थितियों में काम करने में असमर्थता जताते हुए और सबको उपकृत करते हुए मान्यवर ने इस्तीफा दे दिया। इस तरह अपनी इज्जत बचा ली और जीवन भर की पेंशन का भी प्रबंध कर लिया। मजा यह भी कि जले नोटों के धुएं में घुसकर कैमरे व कपड़े काले करने वाले चैनल इतने बड़े इस्तीफे को कवर नहीं कर रहे। यह बिना भगवत कृपा के तो संभव नहीं। दूसरे विभागों की ऐसी खबरें मीडिया वर्ल्ड का पेंदा फाड़ देती है यहाँ सब मौन हैं। यह भी किसी बड़े देव की कृपा का प्रसाद ही मालूम पड़ता है। प्रक्रिया का विधान तो न केवल आपराधिक दंड देने की है महाभियोग का भी है। पर मान्यवर ने कहा कि ÷मैं उन कारणों से आपको परेशान नहीं करना चाहता जिनकी वजह से यह इस्तीफा लिखना पड़ा।÷ अत्यधिक पीड़ा और गहरे दुःख के साथ यह पद छोड़ रहा हूँ। आहत तो यह देश हुआ, पीड़ित तो इमानदार न्याय व्यवस्था हुई है। न्यायपालिका को कलंकित करने वाला कैसी पीड़ा में था सोचने को बाध्य करता है।

## राशि फल

**पं. देवव्रत शर्मा**

**मेष :** आज आप महत्त्वपूर्ण कार्यो को भी दरकीनार करके मौज-शौक में दिन व्यतीत करना अधिक पसंद करेंगे उसी के अनुसार दिनचर्या को बदल लेंगे।

**वृष:** आज आपको अपने किसी गलत निर्णय या किसी अन्य के गलत मार्गदर्शन के कारण थोड़ा कष्ट का सामना करना पड़ सकता है। व्यापार अथवा सामाजिक क्षेत्र में धोखा होने की अधिक संभावना है सतर्क रहें।

**मिथुन:** आज का दिन बेहतर रहने वाला है परंतु विदेश सम्बंधित कार्यो में व्यवधान आने अथवा विदेश स्थित जातको को आकस्मिक कष्ट देखना पड़ेगा।

**कर्क:** आज का दिन भी आपके लिए अनुकूल रहेगा। किसी मनोकामना की पूर्ति के लिए थोड़ा इन्तजार करना पड़ सकता है परंतु मध्यान के आस-पास इसके पूर्ण होने से खुशी मिलेगी।

**सिंह:** आज का दिन आप सुख शांति से बितायेंगे। सेहत भी सामान्य बनी रहेगी। घर में मांगलिक कार्य के कारण अथवा अन्य घरेलु कार्यो में अधिक व्यस्त रहेंगे।

**कन्या:** आज के दिन परिवार में अप्रिय घटना घटित होने से दुख के प्रसंग बनेंगे। प्रातः काल का समय आलस्य में बीतेगा। किसी आस-पडोसी से वर्चस्व को लेकर टकराव की स्थिति भी बनेगी।

**तुला:** आज का दिन आपकी आशाओं पर खरा उतरेगा। घर एवं बाहर अनुकूल वातावरण मिलने से मनचाहा कार्य करने में सुविधा रहेगी।

**वृश्चिक:** आज का दिन पिछले कल से थोड़ा बेहतर रहेगा परन्तु बीच-बीच में वातावरण खराब होने से क्रोध आएगा। काम धंधे की गति धीमी रहने के कारण आर्थिक विषय आज खास परेशान करेंगे।

**धनु:** आज के दिन आपकी दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी काम के समय भी दिमाग मे विपरीत विचार लगे रहेंगे जिसके परिणामस्वरूप आज के दिन से कुछ ना कुछ कमी रहेगी। सेहत को लेकर कुछ समय आशंकित रहेंगे।

**मकर:** आज के दिन आप बे फिजूल की बातों पर मानसिक तनाव अनुभव करेंगे। घरेलु वातावरण पहले ही अशान्त रहेगा बाहर भी किसी से धन या अन्य विषयों को लेकर बहस हो सकती है।

**कुंभ:** आज का दिन मिला-जुला फल देने वाला रहेगा। आर्थिक रूप से मध्यान तक का समय ठीक रहेगा इसके बाद धन लाभ की अपेक्षा खर्च अधिक रहेंगे। आज किसी के बीच बचाव अथवा जमानती ना बने परोपकार का भी उल्टा इल्जाम लग सकता है।

**मीन:** आज का दिन सामान्य फलदायक रहेगा। कुछ विशेष कार्य नहीं रहने दिन भर आलस्य करेंगे।

## QUIZ TIME

Ramaquiz

1) हाल ही में किस राज्य को वन्यजीव पर्यटन के लिए अभयारण्य एशिया पुरस्कार प्राप्त हुआ?

2) हाल ही में किस शहर को यूनेस्को रचनात्मक शहर में सम्मिलित किया गया है?

3) सावरकर हिन्दू महासभा के अध्यक्ष किस वर्ष बने?

4) एचटीएमएल किस प्रकार की भाषा है?

5) भारतीय स्पर्धा आयोग की पहली महिला अध्यक्ष कौन है?

उत्तरमाला- (1) मध्यप्रदेश (2) ग्वालियर और कोझीकोड (3) 1937 (4) स्क्रिप्टिंग (5) रवनीत कौर

## पहेली

**शब्द सामर्थ्य -012**

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 011 का हल

# फड़ चलाने वाले पार्टनर के साथ 15 जुआरी गिरफ्तार

■ **1.14 लाख कैश, 15 मोबाइल और 5 बाइक जब्त**

**भिलाई/नवप्रदेश।** सुपेला थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआ खेल रहे 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के सामने कोसनाला के पास यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार लोगों में जुआ के फड़ को संचालित करने वाले का पार्टनर भी शामिल है। जुआरियों के पास से कुल 1 लाख 14 हजार रुपए कैश के साथ 15 मोबाइल और 5 दोपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। जब्त सामान की कुल कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपए बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपियों में विक्की साहनी (34) निवासी मल्हा पारा सुपेला, विनय (36) निवासी सेक्टर 7 भिलाई, हिमांचल दास (56) निवासी आदर्श नगर दुर्ग, शैलेन्द्र यादव (30) निवासी गया नगर दुर्ग, हेमलाल ढीमर (26) निवासी रुआंबांधा भिलाई, सतीश गुर्दे (48) निवासी कोसा नगर सुपेला, विज्जू जैन (50) निवासी अहिवारा, किशन साहू (46) निवासी बजरंग नगर रायपुर, सोनू कुमार साव (21) निवासी राम नगर सुपेला, जशवंत साहू (26) निवासी खोरपा अभनपुर, लक्की साहू (28) निवासी बेदरी थाना राखी, जुलेश लाल (44) निवासी शंकर नगर दुर्ग, हीरा सिंह (30) निवासी सुपेला, मोहम्मद अरशद अंसारी (27) निवासी कैंप 2 छावनी और दिनेश साव (41) निवासी कांट्रेक्टर कॉलोनी सुपेला को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। पुलिस का कहना है कि जुआ खेलने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के बाद पुलिस जिले भर में संचालित हो रहे जुए के फड़ की जांच में जुट गई है।

# छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के कार्यों का अवलोकन करने पहुंची झारखंड राज्य आवास बोर्ड की टीम

**दुर्ग/नवप्रदेश।** झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड की 6 सदस्यीय टीम छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल की आवासीय योजनाओं, नियमों, आईटी सिस्टम और सम्पत्ति प्रबंधन मॉडल का अध्ययन करने छत्तीसगढ़ प्रवास पर है। टीम के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग दुर्ग का दौरा किया। हाउसिंग बोर्ड के अपर आयुक्त मुख्यालय एचके जोशी, अपर आयुक्त दुर्ग आरके राठौर और उपायुक्त व्हीके गहरवार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मंडल के संभागीय कार्यालय दुर्ग का दौरा किया। कार्यालय में प्रतिनिधिमंडल को मंडल की विभिन्न आवासीय योजनाओं, निर्माण कार्यों, नवीन परियोजनाओं, तकनीकी पहलुओं और प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति में अटल विहार योजना पुलगांव, अटल विहार योजना सेलूद, अटल विहार योजना मुरमुंदा, तालपुरी ब्लॉक-सी, प्रस्तावित नवीन रिडेवलपमेंट योजना पोल्ट्री फार्म की जानकारी साझा की गई।

झारखंड हाउसिंग बोर्ड की टीम और मंडल के अधिकारियों ने अटल विहार योजना पुलगांव और तालपुरी ब्लॉक-सी का स्थल निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने आवासीय योजना, भवनों के प्रकार, भवन मानचित्र, संरचनात्मक ड्रॉइंग और निर्माण तकनीक का अवलोकन कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

## न्यूज गैलरी

### आंबेडकर जयंती पर बच्चों को मिले उपहार

**भिलाई।** संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुनवानी में डॉ आंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। स्कूल की प्राचार्य वर्षा ठाकुर की पहल से शिवजी अर्पण सेवा समिति द्वारा कक्षा 1 ली से 5 वीं तक पढने़ वाले बच्चों को कॉपी, पेंसिल, पेन, रबर, कटर, स्केल और छोटा बैग प्रदान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने कविता और गीत भी सुनाए। प्राचार्य वर्षा ठाकुर ने डा भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए शिवजी अर्पण सेवा समिति को जुनवानी विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में शिवजी अर्पण सेवा समिति के सदस्य रोहन मून, कैलाश, रोमा वैद्य, कृष्णा चौहान, हेमलता, हेमा, सुहानी, गरिमा, मीनाक्षी साहू, प्राथमिक विंग के शिक्षक हेमलाल केवंट, शैल कुमार, महेश पॉल, मोनिका मुखर्जी, विजयश्री तिवारी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस आरटीआई विभाग के अध्यक्ष बने राहुल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार नियुक्तियां हो रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश और प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू की अनुमति से प्रदेश कांग्रेस आरटीआई विभाग के अध्यक्ष नितिन सिन्हा व पूर्व विधायक अरुण वोरा की अनुशंसा पर राहुल अग्रवाल को दुर्ग शहर कांग्रेस आरटीआई विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राहुल अग्रवाल वर्तमान में छत्तीसगढ़ अग्रवाल संघ, दुर्ग में महामंत्री हैं। उनकी संगठन क्षमता, कार्यशैली और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए यह नियुक्ति की गई है। राहुल अग्रवाल पूर्व में भी कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं। नियुक्ति के बाद राहुल अग्रवाल ने कहा कि पार्टी के दायित्वों का पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। नियुक्ति पर पूर्व महापौर आरएन वर्मा, फत्तेह सिंह भाटिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, राजकुमार वर्मा, राजकुमार साहू, मनीष यादव, आशीष तिवारी, विजयंत पटेल, मनीष बघेल, इंद्रपाल भाटिया, मोहित वालदे, कुणाल तिवारी, प्रकाश गीते, ऋषि चंद्राकर, अजय गुप्ता, विमल यादव सहित अनेक कांग्रेसजनों ने बधाई दी है।

### दुर्ग में संस्कार समर कैंप 3 मई से

**दुर्ग।** स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों के दौरान ब्रह्माकुमारीज़ के बघेरा दुर्ग में संस्कार 'समर कैंप 2026' का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में बच्चों को खेल-खेल में कई नई स्किल्स सीखने का मौका मिलेगा। ब्रह्माकुमारीज़ दुर्ग की संचालिका रीटा दीदी ने कैंप के विषय में बताया कि श्रेष्ठ संस्कार से ही श्रेष्ठ संसार का निर्माण होता है। संस्कार समर कैंप में बच्चों के मूल संस्कारों जैसे अनुशासन, बड़ों के प्रति सम्मान, दृढ़ संकल्प से सफलता प्राप्त करने की सीख दी जाएगी। बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोडने़ और आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ ही संगीत, डांस, पेंटिंग जैसी क्रिएटिव एक्टिविटीज के साथ-साथ योग की ट्रेनिंग दी जाएगी। संस्कार समर कैंप का आयोजन 3 मई से 10 मई तक किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक क्लासेस लगेंगी। समर कैंप का आयोजन ब्रह्माकुमारीज़ के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में होगा।

### सेवा सहकारी समिति नंदवाय का वर्चुवल उद्घाटन

**दुर्ग।** कृषक हित में नवगठित सेवा सहकारी समिति मर्यादित नंदवाय का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। इस मौके पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित सिंह राजपूत, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष धरमपाल वर्मा, जेके साहू शाखा प्रबंधक धमधा, संजय दिल्लीवार सुपरवाइजर व वरिष्ठ कृषकगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार नव गठित सेवा सहकारी समिति मर्यादित पेंड्री का वर्चुअल उद्घाटन किया गया संतोष निर्मलकर (प्राधिकृत रहटादाह) सहित वरिष्ठ कृषकगण उपस्थित थे।

रूचि नही लेने पर निरस्त की जाएगी आवास स्वीकृति

# कलेक्टर ने की पीएम आवास योजना के कार्यों की समीक्षा

**दुर्ग/नवप्रदेश।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी नगर निगम आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (नगर पालिका परिषद) और नगर पंचायत अधिकारियों की बैठक लेकर पीएम आवास योजना के कार्यों की समीक्षा की। योजना के तहत अपूर्ण व अप्रारंभ कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए उन्होंने हितग्राहियों को निर्माण कार्य में सक्रिय रूप से प्रेरित करने कहा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में हितग्राहियों से सतत संपर्क बनाए रखते हुए निर्माण कार्यो की नियमित निगरानी करें, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय पर प्राप्त किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आवास निर्माण कार्यों को समय पर पूरा कर हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जाए। जिन हितग्राहियों की निर्माण कार्य में रुचि नहीं है, उनकी बैठक लेकर समझाइश दी जाए।

इसके बावजूद रूचि न लेने पर उनकी आवास स्वीकृति निरस्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिन हितग्राहियों ने अपने अंशदान की पूरी राशि जमा कर दी है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवास का पजेशन दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

बैठक में अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और हितग्राहियों से निरंतर संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए गए। ठेकेदारों को कार्य में तेजी लाने के लिए कहा गया।

कलेक्टर सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित कार्यों को मई माह तक हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि हितग्राहियों को शीघ्र लाभ मिल सके। बैठक में नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल, नगर निगम भिलाई चरोदा आयुक्त दशरथ राजपूत, नगर निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा सहित सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।

# फुले-आंबेडकर जयंती पर आज भव्य कार्यक्रम

**भिलाई/नवप्रदेश।** भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले और राष्ट्र निर्माता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की संयुक्त तीन दिवसीय सार्वजनिक जयंती समारोह का आयोजन 11, 14 और 19 अप्रैल को किया जा रहा है। आगामी 19 अप्रैल को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन परिसर सेक्टर-6 भिलाई में मुख्य कार्यक्रम होगा।

कार्यक्रम में पारितोषिक वितरण, अतिथियों का सम्मान, उद्बोधन और 'शाम ए भीमा' शीर्षक से सांस्कृतिक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसे राजनांदगांव के कलाकार पीयूष वासनिक प्रस्तुत करेंगे। आयोजन के मुख्य अतिथि महादेव कावरे (संभाग आयुक्त, रायपुर संभाग, छत्तीसगढ़) होंगे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. उदय धाबर्डे (सीएमओ एवं एचओडी बर्न यूनिट, बीएसपी भिलाई), अजय गजघाटे (जीएम, बीएसपी), बीएल कुर्रे (अध्यक्ष, सतनाम सेवा समिति, सेक्टर-6), एम असीम बेग (अध्यक्ष, भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट), एम जोनाथन (बापटिस्ट चर्च, सेक्टर-6) और वर्षा बागड़े (बुद्ध विहार, सेक्टर-6) शामिल रहेंगे।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता स्नेहा गढ़पायले (बुद्धिस्ट स्कॉलर, गोंदिया, महाराष्ट्र) होंगी, जो अपने विचार प्रस्तुत करेंगी। संस्था के महासचिव वीरेंद्र ने सभी सदस्यों व नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# बीएड छात्रा के हत्यारे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दुर्ग/नवप्रदेश।** पद्मनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र में किराये के मकान में रहने वाली छात्रा की गला दबाकर हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक ने छात्रा को अपने मकान में बुलाया था। यहां दोनों के बीच विवाद हुआ। इसी दौरान युवक ने छात्रा को मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मृतका युवती का नाम यूनेश्वरी वर्मा 26 वर्ष दुर्ग में रहकर बीएड की पढ़ाई कर रही थी। आरोपी युवक का नाम कर्तिक राम साहू है। पदमनाभपुर थाना क्षेत्र के सुभाष नगर में पुलिस को युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना मिली थी। कार्तिक राम साहू 27 वर्ष सुभाष नगर क्षेत्र में किराए के मकान में रहता था। मृतिका बीएड की छात्रा थी और पुलगांव में किराये के मकान में रहती थी। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। कार्तिक राम साहू से युनेश्वरी साहू मिलने के लिए उसके मकान आती थी। घटना वाले दिन भी मिलने के लिए पहुंची थी। इसी दौरान विवाद हुआ और आरोपी ने प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी।

# आयुक्त का सख्त निर्देश, हर घर तक पहुंचे जनगणना अधिकारी

■ **स्व-गणना सुविधा से जुड़ने की अपील की, 30 अप्रैल तक पोर्टल रहेगा सक्रिय**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** नगर पालिक निगम दुर्ग में जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल की अध्यक्षता में डाटा सेंटर में आयोजित बैठक में नोडल अधिकारी, प्रभारी अधिकारी (जनगणना) व चार्ज अधिकारियों की उपस्थिति में जनगणना कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि नागरिकों की सुविधा हेतु स्व-गणना की व्यवस्था आधिकारिक पोर्टल पर 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक उपलब्ध है। इसके माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया और अधिक सरल एवं पारदर्शी बनेगी।

आयुक्त सह प्रमुख नगर जनगणना अधिकारी सुमित अग्रवाल ने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य पारदर्शी, सुव्यवस्थित और समय पर पूरा किया जाए। वार्डवार घर-घर जाकर नंबरिंग करें और ध्यान रखें कि कोई भी घर छूटने न पाए। आमजन की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। निगम के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्व गणना करने के निर्देश दिये गए। आयुक्त ने डाटा सेंटर में कंट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही प्रगणकों को जनगणना किट, निर्देश पुस्तिका और आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। बैठक में उपायुक्त व चार्ज अधिकारी मोहेंद्र साहू सहित गिरीश दीवान, संजय ठाकुर, राजेन्द्र ढबाले, आरके बोरकर, दुर्गेश गुप्ता, एसके केवलानी, हरिशंकर साहू, पंकज साहू, करण यादव, अपर्णा मिश्रा, उपयन्ति ठाकुर, प्रेरणा दुबे, सिद्धार्थ शर्मा, नारायण यादव, पंकज चन्द्रवंशी और गौतम साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हिन्दी फिल्मी गीतों के माध्यम से राजभाषा प्रसार पर संगोष्ठी

**भिलाई/नवप्रदेश।** नगर सेवाएँ भवन सभागार में हिन्दी फिल्मी गीतों का योगदान, राजभाषा के प्रसार में विषय पर एक विचारोत्तेजक राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उप महाप्रबंधक नगर सेवाएँ राघवेन्द्र गर्ग के सानिध्य में अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। संगोष्ठी में अतिथि द्वय के रूप में उप महाप्रबंधक एचआर माइंस यशवन्त कुमार साहू और उप प्रबंधक (सं एवं प्रशा-राजभाषा) जितेन्द्र दास मानिकपुरी उपस्थित रहे।

यशवन्त कुमार साहू ने अपने विस्तृत एवं सारगर्भित वक्तव्य में वर्ष 1913 से 2023 तक के हिन्दी फिल्मी गीतों, भजनों और गजलों के माध्यम से हिन्दी भाषा के प्रसार के विविध आयामों को गहनता से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार फिल्मी गीतों ने जन-जन तक हिन्दी को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संगोष्ठी में वक्तागण केदारनाथ सोनबेर, समरजीत दत्ता, लक्ष्मीनारायण दुबे, आर. शेषाद्रि अय्यर, नन्दकिशोर बोरकर और वर्चला शर्मा ने वक्तव्यों में हिन्दी फिल्मी गीतों के माध्यम से अन्तर्राज्यीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लोगों के जुड़ाव को विस्तार से समझाया। वक्ताओं ने कहा कि पुराने हिन्दी फिल्मी गीत कहावतों, मुहावरों और भाषा की शुद्धता को समझने का सशक्त आधार प्रस्तुत करते हैं। कार्यक्रम का संचालन विभागीय हिन्दी समन्वय अधिकारी मुकुन्द दास मानिकपुरी ने किया। उन्होंने कहा कि भक्ति और प्रेम से ओत-प्रोत संत कबीर के रहस्यमय भजनों को फिल्मी गीतों के माध्यम से समझने में सहायता मिलती है, जिसका लाभ हिन्दी साहित्य के शोधार्थियों ने प्रभावी रूप से उठाया है।

कार्यक्रम के अंतिम सत्र में अतिथियों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं को पुरस्कृत किया गया और प्रतिक्रिया व्यक्त करने वाले श्रोताओं को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाप्रबन्धक (पीएचडी- प्लानिंग-समन्वय) केके यादव ने पुरस्कार वितरित किए। अंत में उप प्रबन्धक नन्द किशोर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# समानता और संविधान के शिल्पी थे डॉ. बाबा साहेब

■ **भारतरत्न डॉ बाबा साहब आंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी संपन्न**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के दिशानिर्देश अनुसार भारतरत्न डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के 135 वें जन्म जयंती के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। दुर्ग के साइंस कॉलेज ऑडिटोरियम में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा दुर्ग संभाग प्रभारी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही के साथ सह वक्ता सेक्टर 9 हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ उदय कुमार धावर्डे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, माया बेलचंदन, भाजपा जिला महामंत्री दिलीप साहू, कार्यक्रम के जिला संयोजक व महामंत्री विनोद अरोरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, उपाध्यक्ष और टोली सदस्य राजीव पांडेय, शैलेंद्र शैंडे, गायत्री वर्मा उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान देश के 140 करोड़ नागरिकों को समानता, अधिकार और गरिमा के साथ जीवन जीने का आधार प्रदान करता है। बाबा साहेब ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने दृढ़ संकल्प और अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर उच्चतम स्थान प्राप्त किया और समाज के वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर सीएमओ सेक्टर 9 हॉस्पिटल के डा उदय कुमार धावर्डे ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समरसता का प्रेरक उदाहरण है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं चिम्मन देशमुख, पोशूराम निर्मलकर, पंचराम देशमुख, ब्रह्म चंद्राकर, चैनसुख भट्टड, गणेश निर्मलकर, मनोज अग्रवाल, शंभू पटेल, डोमार वर्मा, सुधा सिंह, संध्या आचार्य, नागेंद्र पांडे, बबलू चौरे का सम्मान किया गया।

# अस्पताल के मैनेजर को ब्लैकमेल कर मांगे 5 लाख

**भिलाई/नवप्रदेश।** जामुल थाने में प्राइवेट अस्पताल के मैनेजर निर्मल सिंह (47) से ब्लैकमेलिंग के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शिकायत में कहा गया है कि मैनेजर से 5 लाख रुपए की डिमांड की गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोहका साकेत नगर निवासी निर्मल सिंह एसबीएस हॉस्पिटल, पावर हाउस भिलाई में मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि सुंदर नगर भिलाई निवासी गुरूमीत सिंह वाधवा (55) अस्पताल में कैंसर का इलाज कराने आते थे। अस्पताल प्रबंधन के निर्देश पर उन्हें इंजेक्शन मुफ्त में लगाया जाता था। मरीज ने जरूरी काम का हवाला देकर बिल की मांग की थी, जिसके बाद अस्पताल की ओर से कंपनी रेट के हिसाब से इंजेक्शन का बिल तैयार कर गुरूमीत सिंह को दिया। उन्होंने अब तक उसका भुगतान नहीं किया।

शिकायत में कहा गया है कि मरीज गुरूमीत सिंह वाधवा ने इसी बिल को फर्जी बताकर अस्पताल मैनेजर को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोपी ने मैनेजर से 5 लाख रुपए की मांग की। निर्मल सिंह ने बताया कि आरोपी ने अस्पताल के चेंबर में आकर गाली गलौज शुरू कर दी। मैनेजर ने पैसे देने से इंकार कर दिया।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ चिकित्सा सेवा की धारा 3 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 308 के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**प्रगणकों व सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण जारी:** पहली बार स्व-गणना, स्वयं ऑनलाइन जानकारी भरने की सुविधा

# संभाग आयुक्त और कलेक्टर ने भरा ऑनलाइन स्व गणना प्रपत्र

**दुर्ग/नवप्रदेश।** जिले में भारत की जनगणना की तैयारियां निर्धारित कार्यक्रम के तहत जारी हैं। नागरिकों को स्व-गणना का अवसर प्रदान किया गया है। एसई वेब पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में कोई भी व्यक्ति जनगणना संबंधी निर्धारित बिंदुओं में अपनी जानकारी स्वयं भर सकता है। जिले में गुरुवार 16 अप्रैल से स्व-गणना शुरू हो गई है। संभाग आयुक्त एसएन राठौर और कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज निर्धारित पोर्टल से अपने स्व गणना पत्रक ऑनलाइन भर दिये।

शासन द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए आसान और सरल प्रक्रिया के तहत स्व गणना भरने की सहूलियत दी गई है। घर का मुखिया इस फार्म को भर सकते है। एक मोबाइल से केवल एक ही स्व गणना फार्म भरा जा सकता है। यह फॉर्म सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक भरा जा सकता है। इससे एक आईडी प्राप्त होगा। प्रगणक जब घर आएंगे तब यह आईडी बताना होगा। अगर यह फॉर्म नहीं भरा जाएगा तो 1 से 30 मई के बीच प्रगणक आपके घर आकर जानकारी लेंगे। यह प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित व गोपनीय है। जिले में चल रही जनगणना की तैयारियों के सिलसिले में प्रगणकों और सुपरवाइजर का प्रशिक्षण शुरू हुआ।

**प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना**

भारत के महारजिस्ट्रार व जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले में भी दो चरणों में जनगणना होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (एचएलओ) कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जाएगा। जनगणना कार्यक्रम के तहत प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल एप का उपयोग कर डिजिटल डाटा संग्रह करेंगे। लोगों द्वारा पोर्टल पर स्व-गणना के तहत भरी गई जानकारी का सत्यापन भी करेंगे। दोनों तरह से प्राप्त डाटा की बहुस्तरीय जाँच होगी। पहले यह कार्य पर्यवेक्षकों द्वारा किया जाएगा। चार्ज अधिकारी भी मैदान में जाकर पुनः सत्यापन कर त्रुटियां ठीक कराएंगे।

संभाग आयुक्त राठौर और कलेक्टर सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि जनगणना के लिये आने वाले प्रगणकों को बेझिझक सही-सही जानकारी दें। जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी। स्पष्ट प्रावधान है कि दी गई जानकारी का उपयोग साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं होगा। जनगणना के आंकड़े कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण और निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य के लिये आधार बनते हैं।

# पीएम ग्राम सड़क योजना फेस-04, बेमेतरा में 3.5 किमी सड़कों का भूमिपूजन

**■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल रूप से जुड़े, जिला पंचायत सभागृह में कार्यक्रम संपन्न**

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेस-04) के अंतर्गत स्वीकृत सड़कों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन आज जिला पंचायत बेमेतरा के सभागृह में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम जिले के ग्रामीण अंचलों में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जशपुर के रणजीता स्टेडियम से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े और अपने उद्बोधन के माध्यम से ग्रामीण विकास एवं सड़क निर्माण कार्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ सड़क नेटवर्क से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति तेज होती है और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलती हैं।

**3.5 किलोमीटर सड़कों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन :** कार्यक्रम के दौरान कुल 3.5 किलोमीटर लंबाई की दो सड़कों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया, जिनकी कुल स्वीकृत लागत 360.72 लाख है। हरडुवा से खपरीलोधी तक 2 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 221.54 लाख। बोड़ से रेंगा तक 1.50 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु ?139.18 लाख। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच आसान होगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बेमेतरा श्री दीपेश साहू ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब तेजी से अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं विभिन्न योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। साथ ही जिले में सड़कों के निर्माण एवं पेयजल समस्या के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं विधायक साजा श्री ईश्वर साहू ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

**डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम: सीएससी भवन निर्माण**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के अंतर्गत अटल डिजिटल सुविधा केंद्र निर्माण की महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई। विकासखंड साजा के मोहतरा, भटगांव, खाती, भरदालोधी एवं जेवरा सहित 6 ग्राम पंचायत, विकासखंड बेरला के बारगांव, खर्रा एवं सोढ़, विकासखंड बेमेतरा के मऊ एवं खंडसरा। इन सभी स्थानों पर प्रत्येक 5 लाख रुपये की स्वीकृति के साथ सीएससी भवनों का निर्माण किया जाएगा। इससे ग्रामीणों को शासकीय सेवाएं, ऑनलाइन सुविधाएं एवं डिजिटल सेवाएं गांव स्तर पर ही उपलब्ध होंगी।

---

## बीईओ के खिलाफ जांच पर फिर उठे सवाल, शिक्षक संगठनों ने जताई आपत्ति

**महासमुंद/नवप्रदेश।** जिले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) लीलाधर सिन्हा के खिलाफ लगे गंभीर आरोपों की जांच को लेकर शिक्षक संगठनों में एक बार फिर नाराजगी देखने को मिल रही है। शिक्षकों ने हाल ही में नई जांच समिति गठित किए जाने पर आपत्ति जताते हुए इसे मामले को टालने और दोषी को संरक्षण देने का प्रयास बताया है।

शिक्षक संगठनों का कहना है कि बीईओ पर शिक्षकों को मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगे हैं, जिसके बाद पहले भी जिला कोषालय अधिकारी संजय चौधरी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई गई थी। आदेश में 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत कर कार्रवाई करने की बात कही गई थी, लेकिन 8 महीने बीत जाने के बाद भी जांच आगे नहीं बढ़ सकी। सर्व शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इस अवधि में तीन बार स्मरण पत्र भेजे जाने के बावजूद समिति ने जांच प्रारंभ नहीं की। इससे यह संदेह उत्पन्न होता है कि समिति बीईओ के बचाव में खड़ी है।

संघ के पदाधिकारी टेकराम सेन, नारायण चौधरी, ईश्वर चंद्राकर, सिराज बक्श, राजेश साहू, बाबूलाल ध्रुव, कमलनारायण यादव, ईश्वर साहू और दिलीप तिवारी ने चेतावनी दी है कि यदि जांच में फिर से देरी हुई तो वे आमरण अनशन और भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

## न्यूज गैलरी

### तहसील कार्यालय के पास प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** स्थानीय तहसील कार्यालय के पास भीषण गर्मी को देखते हुए वर्मा परिवार द्वारा स्वण्सुरेश वर्मा एवं स्वण् लक्ष्मण वर्मा की स्मृति में प्याऊ घर का शुभारंभ दिनांक 18 अप्रैल को किया गया । प्याऊ घर का शुभारंभ रामकुमार वर्मा द्वारा किया गयाए इस अवसर पर केशव कश्यपए अमित वर्माए मनोज वर्माए भीषम शर्माए राजु ठाकुरए कमलेश कश्यप आदि उपस्थित रहे ।

### महिलाओं का अपमान, कांग्रेस महिला विरोधी विचारधारा को पार्टी : योगिता

**नवापारा राजिम/नवप्रदेश।** भारत के सर्वोच्च पंचायत लोकसभा में महिला विधेयक बिल के गिर जाने पर प्रदेश भाजपा

महिला मोर्चा सदस्य योगिता सिन्हा ने कांग्रेस पर तख्त टिप्पणी करते हुवे कहा कि कांग्रेस महिला विरोधी विचारधारा की पार्टी है। कांग्रेस, सपा, टीएमसी एवं अन्य विपक्षी पार्टी कभी नहीं चाहती कि महिलाओं के लिए विधानसभा एवं लोकसभा में आरक्षण लागू हो। जिसका परिचय कल लोकसभा में विपक्षी पार्टियों ने दे दिया है। 'नारी शक्ति वंदन' के माध्यम से राजनीति में महिलाओं की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की नेतृत्व वाली सरकार ने सदन के पटल पर बिल पेश किया था। जिसके पास न होने से देश की करोड़ो महिलाओं को निराशा हुई है। करोड़ों बहने एवं मातृशक्तियों का विश्वास कांग्रेस पार्टी से उठ गया है।

### कांग्रेस का महिला-विरोधी चेहरा आया सामनेः स्वप्निल तिवारी

**पिथौरा/नवप्रदेश।** देश की संसद में जो घटनाक्रम सामने आया, उसने एक बार फिर कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, समाजवादी पार्टी एवं पूरे इंडि गठबंधन की महिला विरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया है। महिलाओं के अधिकारों और उनके राजनीतिक सशक्तिकरण के मुद्दे पर विपक्ष का यह रवैया न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के भी विपरीत है। भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी और उनके तथाकथित "Anti-Women Alliance" ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने वाले 131वें संविधान संशोधन विधेयक को पारित न होने देकर देश की आधी आबादी के साथ खुला विश्वासघात किया है। यह कदम उन करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं पर आघात है, जो वर्षों से राजनीतिक भागीदारी और निर्णय प्रक्रिया में अपनी सशक्त उपस्थिति चाहती रही हैं।

---

दानी कोकड़ी की सैकड़ों साल पुरानी बस्ती पर संकट, जलग्रहण क्षेत्र और खेती पर भी मंडरा रहा खतरा

# खनन सर्वे पर ग्रामीणों में आक्रोश गांव उजड़ने के डर से सहमे लोग

**धमधा/नवप्रदेश।** धमधा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत दानी कोकड़ी में प्रस्तावित चूना पत्थर खनन परियोजना को लेकर ग्रामीणों का विरोध लगातार उग्र होता जा रहा है। यह मामला अब केवल खनन सर्वे के विरोध तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि गांव के अस्तित्व, पर्यावरण संतुलन और ग्रामीणों के भविष्य का गंभीर मुद्दा बन चुका है।

गांव में प्रस्तावित खदान के लिए निजी कंपनी मेसर्स इकोमेन माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा प्रक्रिया ग्राम सभा की अनुमति और आमजन की सहमति के बिना ही शुरू कर दी गई, जो कि लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें इस संबंध में न तो पहले कोई जानकारी दी गई और न ही उनकी राय ली गई।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रस्तावित खदान क्षेत्र के भीतर लगभग 58.779 हेक्टेयर का महत्वपूर्ण जलग्रहण क्षेत्र आता है, जो पूरे गांव की जल व्यवस्था और खेती का मुख्य आधार है। यदि इस क्षेत्र में खनन शुरू होता है, तो भूमिगत जल स्तर में गिरावट, जल स्रोतों के सूखने और खेती की उत्पादकता पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका है। इससे न केवल वर्तमान पीढ़ी बल्कि आने वाली पीढ़ियों का जीवन भी प्रभावित होगा। गांव के बुजुर्गों और किसानों का कहना है कि दानी कोकड़ी केवल एक गांव नहीं, बल्कि सैकड़ों वर्षों की परंपरा, संस्कृति और सामाजिक ताने-बाने का प्रतीक है। यहां के खेत-खलिहान, घर और धार्मिक स्थल ग्रामीणों की पहचान से जुड़े हुए हैं। खनन कार्य शुरू होने की स्थिति में यह पूरी बसाहट उजड़ सकती है, जिससे लोगों को विस्थापन का सामना करना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने इस मुद्दे को लेकर कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपे, अधिकारियों से मुलाकात की और लिखित शिकायतें भी दर्ज कराईं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। इस चुप्पी को लेकर गांव में असंतोष और अविश्वास का माहौल बन गया है।

**प्रशासन की चुप्पी पर बड़ा सवाल!**

समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से इस गंभीर मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हैरानी की बात यह है कि ग्रामीणों की लगातार शिकायतों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कलेक्टर से लेकर राज्यपाल तक कई बार आवेदन और ज्ञापन सौंपे, लेकिन आज तक किसी भी स्तर से कोई जवाब नहीं मिला। इससे साफ जाहिर होता है कि प्रशासन इस पूरे मामले में उदासीन बना हुआ है।

**विकास बनाम विस्थापन**

दानी कोकड़ी में खनन को लेकर उत्पन्न यह विवाद अब केवल एक स्थानीय मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण अधिकारों और विकास बनाम विस्थापन के बीच संतुलन का बड़ा प्रश्न बनकर उभर रहा है।

---

## पुराने नोट-सिक्कों के नाम पर 11.70 लाख की ठगी

**■ साइबर गिरोह का मास्टर माइंड हरियाणा से गिरफ्तार**

**छुईखदान/नवप्रदेश।** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले की पुलिस ने एक बड़े साइबर ठगी मामले का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय गिरोह के मास्टरमाइंड को हरियाणा के नूंह जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और व्हाट्सएप के माध्यम से लोगों को पुराने नोट और सिक्कों के बदले लाखों रुपये दिलाने का लालच देकर ठगी करता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना छुईखदान क्षेत्र के निवासी नेताराम देवांगन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप के जरिए संदेश प्राप्त हुए, जिनमें पुराने नोट और सिक्कों के बदले लाखों रुपये देने का झांसा दिया गया। प्रार्थी ने लालच में आकर ?5 का पुराना नोट भेजा, जिसके बदले आरोपी द्वारा ?37.94 लाख देने का दावा किया गया। इसके बाद रजिस्ट्रेशन, प्रोसेसिंग और कस्टम फीस के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में पैसे जमा करवाए गए। साथ ही नकद भेजने और पुलिस कार्रवाई का डर दिखाकर अतिरिक्त रकम वसूली गई। इस तरह आरोपी ने ~~कुल ?11,70,000 की ठगी की।~~

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी की लोकेशन हरियाणा राज्य के नूंह जिले में ट्रेस की। इसके बाद पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

---

## अक्षय तृतीया पर बाजार में रौनक खरीदारी से गुलजार हुई दुकानें

**छुईखदान/नवप्रदेश।** अक्षय तृतीया (19 अप्रैल, रविवार) के अवसर पर छुईखदान का बाजार पूरी तरह से सज-धज कर तैयार हो गया है। त्योहार के आगमन के साथ ही बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है और हर ओर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है।कपड़ा दुकानों से लेकर बर्तन दुकानों, सब्जी मार्केट, होटल और किराना दुकानों तक हर जगह हलचल बढ़ गई है। लोग शुभ मुहूर्त में खरीदारी को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। विशेष रूप से सोना-चांदी, नए बर्तन, कपड़े और गृह उपयोगी सामानों की खरीदारी में तेजी आई है।

व्यापारियों के चेहरे भी इस बढ़ती भीड़ और बिक्री से खिल उठे हैं। उनका कहना है कि लंबे समय बाद इस तरह का उत्साह देखने को मिल रहा है, जिससे कारोबार को अच्छा सहारा मिला है।

## धमधा अंधेरे में:10 साल बाद भी नहीं सुधरी बिजली व्यवस्था

**धमधा/नवप्रदेश।** आधुनिक दौर में जहां 24 घंटे बिजली और स्मार्ट सुविधाओं के दावे किए जा रहे हैं, वहीं धमधा नगर आज भी जर्जर बिजली व्यवस्था से जूझ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि किसी एक इलाके का ट्रांसफार्मर जलते ही पूरे शहर की बिजली गुल कर दी जाती है, जिससे आमजन का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग हर बार लोड ज्यादा है कहकर अपनी जिम्मेदारी से बचता नजर आता है। सवाल यह उठ रहा है कि जब वर्षों से लोड बढ़ रहा है, तो अब तक व्यवस्था को मजबूत क्यों नहीं किया गया। पिछले 10 सालों में समस्या जस की तस बनी हुई है।

जिससे नागरिक खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।बार-बार बिजली कटौती का असर हर वर्ग पर पड़ रहा है। छोटे व्यापारियों का काम ठप हो रहा है, बिजली पर निर्भर उद्योगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं, छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है, खासकर परीक्षा के समय यह समस्या और गंभीर हो जाती है। घरेलू उपभोक्ता भी लो-वोल्टेज और बार-बार बिजली आने-जाने से परेशान हैं, जिससे उनके महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं।

> लोड बढ़ जाने के कारण मेंटेनेंस का कार्य चालू है 7 -15 दिनों में समाधान हो जाएगा और धमधा में नया फीडर भी सेंक्शन हुआ है 15 दिन में वो भी शुरू हो जाएगा।
>
> **राहुल गोपलानी**, जूनियर इंजीनियर

> जिस तरीके की अव्यवस्था धमधा नगर में बिजली की हो रही है इसे जल्दी सुधार लाना चाहिए नहीं तो कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।
>
> राजीव गुप्ता (जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी दुर्ग )
>
> - भयावह गर्मी है बिना हवा के लोग परेशान हो जा रहे है तत्काल प्रभाव से इसमें सुधार करके इसे व्यवस्थित करने की आवश्यकता है।
>
> **रोहित** राजपुत( जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा दुर्ग )

---

## नक्सली मुक्त घोषितः विधायक गोबरा पहुंचे, हुआ भव्य स्वागत

**■ जर्जर आंगनबाड़ी, जर्जर स्कूल भवन के साथ उपस्वास्थ्य केन्द्र का विधायक ने निरीक्षण किया**

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दुर्गम वनांचल में बसे और नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे ग्राम बड़े गोबरा, छोटे गोबरा विधयक बनने के बाद पहलीबार पहुंचे जनक ध्रुव का ग्रामीणों ने फूलमाला एवं पटाखे फोड़कर एतिहासिक स्वागत किया। इस दौरान गांव के युवको ने मोटर सायकल रैली निकाली इमली पेड़ के नीचे सभा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। विधायक जनक ध्रुव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा लम्बे समय से गोबरा आना चाहता था लेकिन प्रशासन द्वारा अनुमति नही मिल रहा था आज आप लोगो के बीच आया हूँ इस क्षेत्र में जो भी समस्याएं है सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा गोबरा पहुंचने के लिए नदी नालो में पुल का निर्माण करवाने के लिए मुख्यमंत्री से मुलकात करूंगा गांव में रंगमंच, सामुदायिक भवन, महिला समिति को वाद्यय यंत्र लेने के लिए राशि देने की घोषणा की है। ग्राम पंचायत गोबरा के सरपंच

सावित्री बाई मरकाम ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण किया गया है लेकिन पुल पुलिया के अभाव में बारिश के दिनों में यह क्षेत्र टापू में तबदील हो जाता है नगरी सिहावा को जोड़ने वाले मार्ग के साथ ही मैनपुर मार्ग में पुल पुलिया का अभाव है जिसके कारण अत्यधिक बीमार होने पर या गर्भवती महिलाओं को उठाकर नदी पार करना पड़ता है तब कहीं जाकर अस्पताल पहुंच पाते है कई बार समय पर इलाज नहीं मिलने से मौत भी हो जाती है।

## बेमेतरा में पोषण पखवाड़ा का आयोजन जागरुकता पर दिया गया विशेष जोर

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बेमेतरा में भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वाकांक्षी योजना पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

**मस्तिष्क विकास पर केंद्रित इस वर्ष की थीम :** वर्ष 2026 में आयोजित यह 8वां पोषण पखवाड़ा है, जिसका मुख्य विषय ÷जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना÷ निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के प्रारंभिक विकास, संतुलित आहार, मातृ एवं शिशु पोषण, तथा पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि जीवन के पहले छह वर्ष बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।

---

## बेमेतरा सिटी में जिस्मफरोशी का धंधा जोरों पर, प्रशासन की भूमिका पर उठ रहे सवाल

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** जिले के मुख्यालय बेमेतरा सिटी में इन दिनों जिस्मफरोशी का अवैध धंधा तेजी से फैलता नजर आ रहा है। शहर के विभिन्न इलाकों, खासकर कुछ होटलों, लॉज और किराए के मकानों में इस गतिविधि के संचालित होने की लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह अवैध कारोबार अब खुलेआम फल-फूल रहा है, जिससे सामाजिक माहौल पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, शहर के व्यस्त इलाकों के साथ-साथ कुछ शांत कॉलोनियों में भी इस तरह की गतिविधियों की भनक मिल रही है। लोगों का आरोप है कि बाहरी महिलाओं और युवतियों को लाकर इस धंधे में धकेला जा रहा है। कई मामलों में ऑनलाइन माध्यमों और सोशल मीडिया का भी उपयोग कर ग्राहकों से संपर्क साधा जा रहा है, जिससे इस कारोबार को पकड़ पाना और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है।

स्थानीय रहवासियों ने बताया कि देर रात संदिग्ध गतिविधियों का बढ़ना, अनजान लोगों का आना-जाना और कुछ मकानों में असामान्य हलचल इस बात की ओर इशारा करती है कि यहां कुछ गड़बड़ है। कई बार इसकी शिकायत पुलिस और प्रशासन से भी की गई, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है, बल्कि यह एक गंभीर सामाजिक समस्या भी है। इस तरह की गतिविधियों से युवाओं पर गलत प्रभाव पड़ता है और अपराधों में भी वृद्धि हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस पर सख्ती से कार्रवाई की जाए और ऐसे नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जाए। शहर के अधिकांश होटल और ढाबा नुमा लॉज में यह कारोबार फल फूल रहा है सर के आउटर में संचालित अनेक होटल में भी इस तरह के काम खुलेआम हो रहे हैं। कुछ मामलों में होटल संचालकों और मकान मालिकों की संलिप्तता की भी चर्चा है, जो मोटी कमाई के लालच में इस तरह के कार्यों को बढ़ावा दे रहे हैं।

### सीबीएसई 10वीं में वेडनर मेमोरियल स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**महासमुंद/नवप्रदेश।** वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस शानदार परिणाम ने न केवल विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को साबित किया, बल्कि स्कूल की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता को भी नई पहचान दिलाई है। परीक्षा परिणाम में ईशान राजा ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दुर्गा प्रसाद डोरा, पार्थ साहू और ज्ञानसी चंद्राकर ने 95-95 प्रतिशत अंक अर्जित कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर अभिनव शर्मा और मोहित सिंह रहे, जिन्होंने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**दौराः** पीसीसी चीफ दीपक बैज का आगमन, तुमगांव चौक में बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ता

## कांग्रेस नेताओं का भव्य स्वागत, युवाओं में दिखा उत्साह

**महासमुंद/नवप्रदेश।** नगर पंचायत तुमगांव के मुख्य चौक पर उस समय उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला, जब कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज और युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा का आगमन हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका के अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव निखिलकांत साहू के नेतृत्व में युवाओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

नेताओं के आगमन पर युवाओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ जोरदार स्वागत किया। तुमगाँव चौक पूरी तरह कांग्रेसमय नजर आया, जहां कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच नेताओं का अभिनंदन किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज महासमुंद जिले के प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं और विशेष रूप से युवाओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करना समय की जरूरत है।

प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे जनसमस्याओं को समझते हुए सक्रिय रूप से जनता की सेवा में जुटें और पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाएं।

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। नेताओं के मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ और संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने का संकल्प लिया गया।

इस स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस और युवा कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

## बैगा बहुल ग्रामों में महिला सशक्तिकरण अभियान

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** जिले के बैगा बहुल ग्राम सरई पतेरा एवं लालपुर में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य बैगा जनजाति की महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोडक़र आर्थिक रूप से सक्षम बनाना एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना रहा। कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री फुलबासन यादव के मार्गदर्शन में महिलाओं को स्व-सहायता समूहों के महत्व एवं उससे होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। बताया गया कि समूह से जुडक़र वे अपनी आय में वृद्धि कर सकती हैं, साथ ही सामाजिक रूप से भी सशक्त बन सकती हैं। इस दौरान महिलाओं को समूह की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया। अभियान में 150 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिनमें से कई महिलाओं ने स्व-सहायता समूह से जुडऩे की इच्छा व्यक्त की। इसके लिए संभावित सदस्यों की सूची तैयार कर आगे समूह गठन की प्रक्रिया को गति देने की पहल की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी-कर्मचारी, डीपीएम, बीपीएम, एसी, पीआरपी, एफएलसीआरपी, सक्रिय महिलाएं, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दृष्टिबाधित छात्र कीर्तन निषाद को उच्च शिक्षा के लिए मिला नि:शुल्क मोबाइल

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** समाज कल्याण विभाग द्वारा दृष्टिबाधित छात्र श्री कीर्तन निषाद को उच्च शिक्षा में डिजिटल सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से नि:शुल्क मोबाइल उपलब्ध कराया गया। उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार ने छात्र श्री कीर्तन निषाद को मोबाइल प्रदान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और अध्ययन में मोबाईल के बेहतर उपयोग के लिए प्रेरित किया।उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोहबा निवासी श्री कीर्तन निषाद जन्म से दृष्टिबाधित दिव्यांग हैं और पढ़ाई में अत्यंत मेधावी रहे हैं। उन्होंने कक्षा 8वीं तक की शिक्षा समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त संस्था अभिलाषा में रहकर पूर्ण की तथा कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय मठपुरैना रायपुर से पूरी की। वर्तमान में उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए चित्रकूट उत्तरप्रदेश स्थित विशेष विद्यालय में प्रवेश लेकर अध्ययन जारी रखा है। पढ़ाई में डिजिटल सहयोग हेतु उन्होंने जिला समाज कल्याण कार्यालय में नि:शुल्क मोबाइल के लिए आवेदन किया था, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें मोबाइल प्रदान किया गया। मोबाइल प्राप्त कर श्री कीर्तन निषाद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे अपनी पढ़ाई में उपयोग कर बेहतर प्रदर्शन करने की बात कही। उन्होंने नि:शुल्क मोबाइल उपलब्ध कराने के लिए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुरामजी की जयंती पर डॉ. रमन ने दी बधाई

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जी की जयंती पर विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद श्री संतोष पाण्डे एवं महापौर श्री मधुसूदन यादव ने नगर वासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने भगवान श्री परशुराम जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे भगवान शंकर के परम भक्त थे। भगवान शंकर जी ने ही परशुराम जी को एक अमोघ अस्त्र. परशु प्रदान किया था। इनका वास्तविक नाम राम था, किंतु हाथ में परशु धारण करने से ये परशुराम नाम से विख्यात हुए। ये अपने पिता के अनन्य भक्त थे, पिता की आज्ञा से इन्होंने अपनी माता का सिर काट डाला था, लेकिन पुनः पिता के आशीर्वाद से माता की स्थिति यथावत हो गई। यह ईश्वरीय चमत्कार था और उनकी परीक्षा जिसमें उन्होंने अपने पिता के आदेश पर तत्क्षण भी नहीं सोचा और अंततः ईश्वरीय चमत्कार से माता जी पुनः यथास्थिती में हो गई।

## जिला प्राचार्य संघ के कमलेश्वर सिंह बने अध्यक्ष, अनिल को सचिव की जिम्मेदारी

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ प्राचार्य एसोसिएशन की प्रांतीय बैठक में जिला से लेकर प्रांतीय इकाई के पदाधिकारियों का प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला के मार्गदर्शन में मनोनयन किया गया । प्रांतीय इकाई द्वारा जिला खैरागढ़ के अध्यक्ष पद पर कन्या शाला प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह तथा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुईखदान प्राचार्य अनिल पाल को जिला सचिव मनोनीत किया गया। कमलेश्वर सिंह ने कहा कि प्राचार्य की भूमिका अपनी शाला में अनुशासन बनाए रखने के साथ साथ शिक्षा की गुणवत्ता, पूर्ण शिक्षा को रुचिकर बनाने का प्रयास करना है । शाला में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए शाला के शैक्षिक एवं शालेय परिसर वातावरण को आकषर्क बनाने हेतु सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करना है । संघ का प्रमुख कार्य प्राचार्यों के हितों के संरक्षण, शिक्षक , शिक्षिकाओं एवं व्याख्याताओं की समस्याओं की ओर विभागीय अधिकारियों को सूचित करना तथा उनके समस्याओं का समाधान निर्धारित समयावधि में करने अनुरोध करना होगा । संघ शीघ्र ही शिक्षकों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिला प्रशासन को प्रेषित किया जाएगा।

## छात्र यथार्थ शर्मा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया

**कवर्धा/नवप्रदेश।** हाल ही में घोषित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणामों में होली किंगडम स्कूल, कवर्धा के छात्र यथार्थ शर्मा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल और परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। यथार्थ शर्मा भीमपुरी कवर्धा निवासी यशवंत शर्मा ङ्क रत्ना शर्मा के सुपुत्र यथार्थ शर्मा बचपन से ही मेधावी छात्र रहे। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने यथार्थ की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं, परिवार के सदस्यों ने भी उन्हें बधाई देते हुए आगे भी इसी तरह सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने प्रशासन अलर्ट, जनजागरुकता अभियान तेज

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। शासन के निर्देशानुसार जिले में व्यापक निगरानी के साथ-साथ जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि कम उम्र में होने वाले विवाह को रोका जा सके।

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़÷ अभियान के तहत जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रशासन की तत्परता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2025-26 में प्राप्त 4 बाल विवाह की सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी मामलों में सफलतापूर्वक रोकथाम की गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं और 21 वर्ष से कम आयु के बालकों का शारीरिक एवं मानसिक विकास पूर्ण नहीं होता, जिससे उनके जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही शिक्षा बाधित होने से उनका भविष्य भी प्रभावित होता है। इसी उद्देश्य से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिलने पर पहले सामाजिक स्तर पर उसे रोकने का प्रयास करें। यदि ऐसा संभव न हो, तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 या आपातकालीन नंबर 112 पर सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाल विवाह कराने, उसमें शामिल होने या सहयोग करने वालों, साथ ही वैवाहिक अनुष्ठान कराने वाले, बैण्ड पार्टी और टेंट संचालकों के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें 2 वर्ष तक की सजा और 1 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है।

बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक और ग्राम पंचायत सचिवों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, स्व-सहायता समूहों और आम नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की है।

### राजनांदगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आरोपी जेल दाखिल

# आईपीएल ऑनलाइन सट्टा रैकेट का मास्टरमाइंड नागपुर से गिरफ्तार

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** आईपीएल के दौरान संचालित हाईटेक ऑनलाइन सट्टा रैकेट पर राजनांदगांव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इसके मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है। थाना बसंतपुर और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने फरार आरोपी सादिक खान (34 वर्ष) को महाराष्ट्र के नागपुर से पकड़कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ÷साईं ऐप÷ के माध्यम से सट्टा खेलने के लिए आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराता था और इसके एवज में 5,000 से 10,000 रुपये तक वसूलता था। इतना ही नहीं, तकनीकी समस्याएं ठीक करने के नाम पर भी वह अतिरिक्त 2,000 से 3,000 रुपये ऑनलाइन माध्यम (फोनपे/क्यूआर कोड) से लेता था। बताया जा रहा है कि वह पिछले करीब दो वर्षों से इस अवैध कारोबार में सक्रिय था।

गौरतलब है कि 6 अप्रैल 2026 को मोहारा नाला क्षेत्र में संचालित इस हाईटेक सट्टा रैकेट का खुलासा किया गया था, जिसमें पहले ही 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उस दौरान पुलिस ने लैपटॉप, मोबाइल, नगदी समेत करीब 5.50 लाख रुपये की सामग्री जब्त की थी।

मुख्य आरोपी सादिक खान लंबे समय से फरार चल रहा था। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसके नागपुर में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई और उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से एप्पल कंपनी का एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। इस मामले में थाना बसंतपुर में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस पूरी कार्रवाई में साइबर सेल और बसंतपुर थाना की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनकी सतर्कता और तकनीकी जांच के चलते इस सट्टा नेटवर्क के मुख्य आरोपी तक पहुंचना संभव हो सका।

## आपरेशन मुस्कान और तलाश में जिला पुलिस को मिली सफलता

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** अप्रेल माह मे जिला पुलिस द्वारा जारी आपरेशन मुस्कान और आपरेशन तलाश के दौरान जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते गुजरात, महाराष्ट्, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यो मे कार्यवाही कर 8 नाबालिग बालक बालिकाओ को सकुशल बरामद करने मे सफलता पाई है । कार्यवाही मे आपरेशन तलाश के तहत 21 गुमशुदा लोगों को भी परिवार से मिलाने मे सफलता मिली है । जिला पुलिस की संयुक्त कार्यवाही मे खैरागढ़ थाना मे आपरेशन मुस्कान के तहत एक बालिका, तलाश मे 3 गुमशुदा व्यक्ति , छुईखदान थाना मे दर्ज मामलो मे मुस्कान मे 3 बालिकाओं और तलाश मे 8 गुमशुदा लोगो, गंडई थाना मे 3 बालिकाओं और 8 गुमशुदा लोगो , साल्हेवारा थाना मे दर्ज मामलो मे एक बालिका , ठेलकाडीह थाना मे दर्ज मामले मे एक गुमशुदा, गातापार थाना मे दर्ज मामले मे एक गुमशुदा की तलाशी के बाद सकुशल परिजनो के हवाले किया गया है । उक्त अभियान एक अप्रेल से शुरू किया गया था । पखवाड़े भर मे ही लगातार कार्यवाही के बाद जिला पुलिस को ऐसे मामलो मे बड़ी सफलता मिल सकी है । जिला पुलिस ने आपरेशन मुस्कान और आपरेशन तलाश को लगातार जारी रखने के निर्देश दिए है ।

## आई- गॉट कर्मयोगी का सभी को अनिवार्य रूप से ट्रेनिंग लेने आयुक्त ने दिए निर्देश

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** भारत की जनगणना 2027 के लिए प्रथम चरण में मकान नम्बरिंग तथा प्रगणको को प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। इसी कडी में अप्रैल माह के अंत तक ऑन लाईन जनगणना पोर्टर में जानकारी अप लोड करना है। नगर निगम के सभी अधिकारियो व कर्मचारियो ने जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को समझ नगर निगम सभागृह में सामुहिक रूप से ऑनलाईन जनगणना पोर्टर में जानकारी भरी।

## भाजपा राज में किसानों को समर्थन मूल्य से किया जा रहा है वंचित: चोवाराम साहू

■ **जिले के सभी निर्धारित केन्द्रों में नहीं हो रही दलहनी-तिलहनी पसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी**

**कवर्धा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ साहू समाज के किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चोवाराम साहू ने कबीरधाम जिले में दलहनी-तिलहनी फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत 15 फरवरी 2026 से खरीफ एवं रबी दलहनी-तिलहनी फसलों की खरीदी शुरू करने की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। उन्होंने बताया कि जिले के चारों विकासखंड-कवर्धा, पंडरिया, स. लोहारा और बोड़ला में करीब 66 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं, जहां किसानों को अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, चना, मसूर और सरसों जैसी अधिसूचित फसलों को समर्थन मूल्य पर बेचने की सुविधा मिलनी चाहिए। लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश केंद्रों में खरीदी सुचारू रूप से नहीं हो रही है। चोवाराम साहू के अनुसार, किसानों को मजबूरी में अपनी उपज व्यापारियों को औने-पौने दामों में बेचनी पड़ रही है। रबी की प्रमुख फसल चना, जिसकी कटाई और मिसाई लगभग पूरी हो चुकी है, वर्तमान में मंडी में 5000 से 5300 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिक रही है, जबकि शासन द्वारा इसका समर्थन मूल्य 5875 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि व्यापारियों की सांठगांठ के चलते मंडी में कीमतें कृत्रिम रूप से नीचे रखी जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उपार्जन केंद्रों में किसानों को तरह-तरह के बहाने बनाकर लौटा दिया जा रहा है। कहीं सर्वर डाउन होने तो कहीं पोर्टल नहीं खुलने का हवाला दिया जा रहा है।

## आकर्षक व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व्यवस्था करने कन्या शाला प्राचार्य ने ली बैठक

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह ने शिक्षक एवं व्याख्याताओ की बैठक लेकर शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव द्वारा दिए गए निर्देशानुसार 11 बिंदुओं पर चर्चा की गई ।

बैठक में स्कूल के सभी शिक्षकों को ऐसी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हेतु बेहतर वातावरण निर्मित करने का हवाला देते कहा कि पालक अपने बच्चों को निजी स्कूल के बजाय शासकीय शालाओं में शत प्रतिशत प्रवेश कराने के लिए बाध्य हो सके। प्राचार्य सिंह ने कहा कि कक्षा 6 वीं, एवं 9वीं में शत प्रतिशत नामांकन आवश्यक है । बैठक में अगले सत्र की बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने ,प्रतियोगी परीक्षा हेतु बच्चो को प्रेरित करने ,बच्चों को हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में दक्षता प्रदान करने, प्रत्येक तीन माह में पालक बालक बैठक आयोजित कर बच्चों की अच्छाई को बढ़ाने कमी को दूर करने ,पालक और शिक्षक के बीच मधुर संबंध बनाने, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने,बच्चों की सर्वांगीण विकास हेतु वैज्ञानिक, खेल ,साहित्य, सांस्कृतिक,क्रॉफ्ट कला ,चित्रकला एवं कौशल विकास हेतु गतिविधियां आयोजित करने , शाला में छत्तीसगढ़ के तीज त्यौहार का प्रत्येक शनिवार को आयोजित करने, स्मार्ट क्लास का उपयोग नवाचार गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा को रुचिकर बनाने हेतु ठोस रणनीति तैयार करने कहा गया।

## भीषण गर्मी में राहत का सराहनीय प्रयास, विद्यार्थियों ने बनाया प्याऊ घर

**कवर्धा/नवप्रदेश।** भीषण गर्मी के इस दौर में जहां आमजन तपती धूप से परेशान हैं, वहीं दिल्ली पब्लिक स्कूल, महाराजपुर (कवर्धा) द्वारा द्वितीय वर्ष मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक सराहनीय पहल की गई है। विद्यालय परिसर के मुख्य द्वार के पास सड़क किनारे प्याऊ घर का निर्माण कर राहगीरों, स्थानीय नागरिकों एवं पशु-पक्षियों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। इस पहल की सबसे खास बात यह रही कि प्याऊ घर के निर्माण में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने स्वयं श्रमदान कर इस कार्य को पूर्ण किया, जिससे उनमें सेवा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास हुआ। विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्याऊ घर में स्वच्छ एवं ठंडे पानी की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे तेज गर्मी में राहगीरों को तत्काल राहत मिल रही है।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी हैदराबाद से गिरफ्तार

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** डोंगरगढ़ पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण और शारीरिक शोषण के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए फरार आरोपी को हैदराबाद (तेलंगाना) से गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पुलिस ने नाबालिग बालिका को आरोपी के कब्जे से सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 24 दिसंबर 2025 को थाना डोंगरगढ़ में एक नाबालिग बालिका के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जांच में सामने आया कि आरोपी दीपक कांडे (21 वर्ष), निवासी ग्राम झलमला, जिला कवर्धा, बालिका को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले में अपहरण का अपराध दर्ज कर पुलिस लगातार बालिका और आरोपी की तलाश कर रही थी।जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन ÷मुस्कान÷ के तहत पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर जांच तेज की गई। तकनीकी जानकारी के आधार पर बालिका के हैदराबाद में होने की सूचना मिलने पर टीम तत्काल रवाना हुई और वहां से आरोपी के कब्जे से बालिका को बरामद किया गया।

जांच के दौरान आरोपी द्वारा नाबालिग के साथ शारीरिक शोषण किए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 64(2)(द्व) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### नारी शक्ति वंदन : महिला आरक्षण बिल पर विपक्षी नेताओं का यह कृत्य निंदनीय

## विपक्षी पार्टियों ने महिला सम्मान के साथ किया अन्याय: भावना

**कवर्धा/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33त्न आरक्षण देने वाले ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन विधेयक कल लोकसभा में पारित नहीं हो पाया।

इस अधिनियम को पारित होने से रोकने के लिए कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी द्वारा एकजुट होकर महिलाओं के लिए लाये गए इस अधिकार का विरोध करते हुए लोकसभा सदन में उसे पारित होने से रोक दिया गया। विपक्षी पार्टियों द्वारा किये गए इस कृत्य पर प्रतिक्रिया देते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि महिलाओं को नेतृत्व और निति निर्माण की दिशा में विशेष स्थान देने के लिए प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करने हेतु 16 से 18 अप्रैल तक लोकसभा में विशेष सत्र बुलाया गया है लेकिन, विपक्षी पार्टियों द्वारा लोकसभा में जो किया गया, वह भारत की प्रत्येक महिला के सम्मान और अधिकारों के साथ सीधा अन्याय है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को 33त्न आरक्षण देने का ऐतिहासिक अवसर विपक्ष ने एक बार फिर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए कुर्बान कर दिया। कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी ने मिलकर महिलाओं के सशक्तिकरण की इस पहल को रोकने का जो निंदनीय काम किया वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में भी तत्काल ग्रीष्मकालीन अवकाश लागू किया जाए : ऋषि शास्त्री

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** जिले सहित पूरे प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए नगर निगम के पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने शासन-प्रशासन से इस मामले में तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है।मौसम विभाग के अनुसार तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने की संभावना है।

ऐसी स्थिति में छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में बुलाना उनके स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। पालकों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि भीषण गर्मी के बावजूद बच्चों को केंद्रों में उपस्थित होने के लिए बाध्य किया जा रहा है। ऋषि शास्त्री ने कहा कि भाजपा सरकार ऐसे गंभीर मुद्दों पर स्वतः संज्ञान लेने में विफल साबित हो रही है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। पहले स्कूलों में देरी से अवकाश घोषित किया गया और अब आंगनबाड़ी केंद्रों को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

# छुईखदान में यातायात पुलिस का एक दिवसीय शिविर, रिकॉर्ड संख्या में पहुंचे लोग

**छुईखदान/नवप्रदेश।** जिला बनने के बाद छुईखदान ब्लॉक में पहली बार यातायात पुलिस द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन थाना छुईखदान के सामने किया गया। इस शिविर में क्षेत्रवासियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोग अपनी आवश्यक सेवाओं के लिए पहुंचे। सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि ऐसे आयोजनों की क्षेत्र में काफी आवश्यकता है।

शिविर में लर्निंग लाइसेंस, वाहन बीमा, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट तथा पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। शाम करीब साढ़े पांच बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 165-166 लोगों के लर्निंग लाइसेंस बनाए जा चुके थे, 10 लोगों का वाहन बीमा किया गया, 16 लोगों की हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (॥स्त्रक्क) जारी की गई, तथा करीब 25 लोगों के क्क्ष्ट प्रमाण पत्र बनाए गए। शुरुआत से ही अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिला, जिससे आयोजन की सफलता साफ नजर आई।

इस दौरान यातायात पुलिस द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा एवं नियमों के प्रति भी जागरूक किया गया। वाहन चालकों को बताया गया कि बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाना कानूनन अपराध है और इसके लिए जुर्माने का प्रावधान है। साथ ही वाहन का बीमा, वैध पॉल्यूशन प्रमाण पत्र (क्क्ष्ट) और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट होना अनिवार्य है। हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव, नशे में वाहन न चलाने जैसी बातों पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि नियमों का पालन न करने पर चालान और दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौतम सर ने कहा कि छुईखदान क्षेत्र से जिस प्रकार का सकारात्मक प्रतिसाद मिला है, उसे देखते हुए आने वाले समय में ऐसे शिविरों का और भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों से आम जनता को काफी सुविधा मिलती है और यातायात नियमों के पालन में भी सुधार आता है।

गौरतलब है कि नवप्रदेश के पत्रकार अंकित महोबिया द्वारा इस विषय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से पूर्व में चर्चा की गई थी, जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया था कि छुईखदान में भी इस प्रकार का शिविर आयोजित किया जाएगा। अब उस आश्वासन को पूरा करते हुए यह शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पहले उन्हें अलग-अलग जगहों पर जाकर अपने कार्य कराने पड़ते थे, लेकिन इस शिविर के माध्यम से एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं मिलने से समय और मेहनत दोनों की बचत हुई।

## थलसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 तक

**भाटापारा/नवप्रदेश।** रोजगार एवं मार्गदर्शन समिति शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा द्वारा प्रदत्त जानकारी अनुसार भारतीय अग्निवीर थलसेना भर्ती 2026-27 में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के जिन अभ्यार्थियों ने अग्निवीर थलसेना भर्ती में आवेदन किया है, वे अभ्यार्थी दिनांक 22.04.2026 तक दिए गए लिंकमें अपना नाम एवं पूर्ण पता के साथ सम्पूर्ण जानकारी के साथ दिये गये कॉलम को भरेगें या जिला रोजगार कार्यालय में अपना नाम, पता एवं अग्निवीर पंजीयन कमांक पत्र दर्ज करा सकते है। जिससे अधिक से अधिक अभ्यार्थी लिखित परीक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगें।

## टोनाटार चक अध्यक्ष थानू नेताम ने किया रक्तदान

**भाटापारा/नवप्रदेश।** टोनाटार चक के अध्यक्ष पद पर आसीन होते ही थानू नेताम ने सेवा और मानवता का परिचय देते हुए एक सराहनीय पहल की। उन्होंने युवा साथी विक्रम मरकाम के साथ मिलकर चक के आश्रित ग्राम खैरी की निवासी कु. संगीता नेताम (पिता ङ्क राजकुमार नेताम) के उपचार हेतु जिला चिकित्सालय बलौदा बाजार में 2 यूनिट रक्तदान किया। इस पुनीत कार्य के माध्यम से उन्होंने न केवल एक जरूरतमंद की मदद की, बल्कि समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत किया। इस दौरान अध्यक्ष थानू नेताम ने मरीज की माता से भी मुलाकात कर उन्हें आश्वस्त किया कि भविष्य में रक्त की आवश्यकता होने पर वे तुरंत सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस मानवीय पहल की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है और इसे समाज सेवा की एक उत्कृष्ट मिसाल के रूप में देखा जा रहा है।

## प्रभारी सचिव शहला निगार ने ली व्यापक समीक्षा बैठक

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** प्रमुख सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती शहला निगार ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कृषि समूह के अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, जिला पंचायत सीईओ सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं के जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन, प्रगति की समीक्षा एवं आगामी कार्य योजनाओं को गति देना रहा। प्रमुख सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक समय-सीमा में पहुंचाना सुनिश्चित करें।

**राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला-बाल विकास विभागों को दिए स्पष्ट निर्देश:** प्रमुख सचिव ने राजस्व विभाग को नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन जैसे लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। डिजिटल रिकॉर्ड के अद्यतन एवं आम नागरिकों को होने वाली असुविधाओं को दूर करने पर भी जोर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता, डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

### जस्टिस एनके चंद्रवंशी की एकल पीठ ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद यह आदेश जारी किया

# लिंगियाडीह के 36 परिवारों को बड़ी राहत, मकान तोड़ने पर कोर्ट की रोक

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने लिंगियाडीह बस्ती के 36 याचिकाकर्ताओं को बड़ी राहत देते हुए उनके मकानों और कब्जे को तोड़े जाने पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस एनके चंद्रवंशी की एकल पीठ ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद यह आदेश जारी किया।

**पट्टा न मिलने पर कोर्ट सख्त:** याचिकाकर्ताओं ने बताया कि वर्ष 2019-20 के सर्वे में उन्हें राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पात्र माना गया था। योजना के अनुसार कब्जे वाली जमीन पर ही पट्टा दिया जाना था और उन्होंने वर्ष 2022 में प्रीमियम राशि भी जमा कर दी थी, लेकिन अब तक पट्टा नहीं दिया गया।

**व्यावसायिक निर्माण योजना पर विवाद:** मामले में आरोप है कि वर्ष 2024 में राज्य सरकार ने अपने निर्णय पर अमल नहीं किया और नगर निगम बिलासपुर ने उक्त भूमि पर व्यावसायिक परिसर और गार्डन विकसित करने की योजना बना ली। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि मास्टर प्लान में यह क्षेत्र रिहायशी घोषित है, ऐसे में व्यावसायिक निर्माण नियमों के खिलाफहै।

**सरकार का पक्ष: नियम बदले, योजना खत्म**

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता प्रवीण दास ने दलील दी कि 2023 में शासकीय भूमि पर पट्टा देने के नियमों में बदलाव हुआ है, जिसके तहत अब पट्टा देना संभव नहीं है। इसके बदले पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत खमतराई क्षेत्र में फ्लैट देने का प्रस्ताव है। साथ ही यह भी बताया गया कि राजीव गांधी आश्रय योजना को समाप्त कर दिया गया है।

### याचिकाकर्ताओं का तर्क

याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि वे नए नियम लागू होने से पहले ही योजना के तहत पात्र घोषित हो चुके थे और प्रीमियम राशि जमा कर चुके हैं, इसलिए उनके अधिकार प्रभावित नहीं किए जा सकते। लंबे समय से निवास और भुगतान के बाद सरकार अपने वादे से पीछे नहीं हट सकती।

### अगली सुनवाई ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद

कोर्ट ने सभी पक्षों को जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए फिलहाल मकान तोड़ने पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद होगी।

## केंद्र ने 2% डीए-डीआर की घोषणा, छग में शीघ्र उम्मीद

**गरियाबंद/ नवप्रदेश।** प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष एवं एक मांग एक मंच अभियान के प्रदेश संयोजक करन सिंह अटेरिया ने केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए 1 जनवरी 2026 से 2त्न महंगाई भत्ता/महंगाई राहत (डीए/डीआर) देने की केबिनेट में निर्णय किए जाने का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार से भी केंद्र के अनुरूप शीघ्र निर्णय लेकर राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को राहत प्रदान करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के द्वारा वर्ष 2017 से लगभग 80 माह के लंबित मंहगाई भत्ता एवं मंहगाई राहत के ऐरियर को लेकर डा. डी पी मनहर प्रदेश संरक्षक,करन सिंह अटेरिया प्रदेश संयोजक, जितेन्द्र सिंह ठाकुर प्रदेश सचिव एवं विधा भूषण दुवे प्रदेश प्रवक्ता एक मांग एक मंच अभियान के नेतृत्व में एक सूत्रीय मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है, प्रथम चरण की हस्ताक्षर युक्त सूची मुख्य सचिव के माध्यम से प्रदेश के वित्त सचिव को मत ज्ञापन सौंपा गया है।

प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष एवं एक मांग एक मंच अभियान के प्रांतीय संयोजक करन सिंह अटेरिया ने कहा है कि केंद्र द्वारा सामान्यत: डीए/डीआर की घोषणा प्रत्येक वर्ष मार्च माह के अंतिम सप्ताह में कर दी जाती है, लेकिन इस वर्ष देरी से घोषणा होने के कारण कर्मचारियों एवं पेंशनरों में प्रतीक्षा की स्थिति बनी हुई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान महंगाई के परिप्रेक्ष्य में 2त्न डीए/डीआर की घोषणा अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे कर्मचारियों और पेंशनरों को आर्थिक संबल मिलेगा।

## विवेकानंद पब्लिक स्कूल भटगांव ने किया वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित, बच्चों में दिखा उत्साह

**भटगांव/नवप्रदेश।** नगर के विवेकानंद पब्लिक स्कूल भटगांव ने वार्षिक परिक्षा 2025- 26 की परिणाम घोषित किया गया परीक्षा परिणाम को लेकर विवेकानंद स्कूल में सेलेब्रिसन का कार्यक्रम रखा गया था कार्यक्रम के दौरान जिसके मुख्य अतिथि बी,एल, साहू ने कहा कि बच्चों को स्कूल में मिलने वाली शिक्षा ,संस्कार तथा उनके आगे बढ़ाने की मार्ग को किस तरह से सजाया संवारा जाए के बारे में बताया।

इसी तरह स्कूल संचालक श्रीमती रुक्मणी आदित्य ने कहा की माता-पिता हमारे स्कूल के दरवाजे पर बच्चों को रोते हुए लाते हैं और स्कूल में छोड़ चले जाते हैं हमारे स्कूल पर भरोसा जताते हैं उस भरोसा को हम बच्चों की भविष्य संवारने में लगाते हैं कार्यक्रम के दौरान कक्षा वार कक्षा नर्सरी से 9 वी कक्षाओं के सभी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया है उन बच्चों को उनके रेंक तथा प्राप्त अंक बताते हुए बच्चों की

उत्साहवर्धन करने के लिए पेन, पेन्सिल पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दिया उनके मेहनत व लगन

की सहराना किया गया जिसमें बच्चों के साथ साथ पालकगण भारी संख्या में उपस्थित रहे इस कार्यक्रम से सभी पालको के चेहरों पर खुशी नज़र आये । वार्षिक परीक्षा परिणाम कार्यक्रम में प्राचार्य नरेश पटेल, किरण पटेल, मुस्कान राजपूत ,हेमलता साहू, सुकृता प्रधान, निखिल दिनकर, विकास भारद्वाज, भगवती यादव, मनीषा आदित्य, तिलोत्तमा चद्रा, निर्मला अजगलले,खगेश धीवर, किशोर आदित्य, साधना महन्त पुरे स्कूल स्टाफ विवेकानंद पब्लिक स्कूल ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को बधाई दिये।

# महिला आरक्षण विधेयक को अटकाना, लटकाना, भटकाना ही भाजपा का उद्देश्य

**■ महिलाओं के साथ राजनीतिक छल कर रही भाजपा: सुखचंद बेसरा**

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** महिला आरक्षण विधेयक को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा देश की महिलाओं के साथ बड़ा राजनीतिक छल कर रही है।बेसरा ने कहा कि मोदी सरकार का एकमात्र उद्देश्य इस महत्वपूर्ण मुद्दे को अटकानाए लटकाना और भटकाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीयत कभी भी महिलाओं को

अधिकार देने की नहीं रही हैए बल्कि वह अटकानाए लटकाना और भटकाना की नीति पर काम कर रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने विधेयक को लागू करने की समयसीमा पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि जब 2023 में इस प्रस्ताव को लाया गया थाए तो उसी प्रारूप को तत्काल प्रभाव से लागू करने में सरकार को क्या परेशानी है।

उन्होंने कहा कि साल 2029 में आरक्षण लागू करने की बात कहना और परिसीमन की आड़ लेकर प्रारूप में संशोधन करना पूरी तरह से बेमानी है। यह केवल समय बिताने और महिलाओं को भ्रमित करने की एक सोची.समझी रणनीति है। सुखचंद बेसरा ने भाजपा की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि सदन में 131 संविधान संशोधन विधेयक को पारित होने के लिए एक तिहाई बहुमत न होने के बावजूद एक आधे.अधूरे विधेयक को राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से संसद के पटल पर रखना महिलाओं के हितों पर कुठाराघात है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने जानबूझकर ऐसा प्रारूप तैयार किया जो संवैधानिक और तकनीकी रूप से परिपक्व नहीं थाए जिसके कारण यह विधेयक सदन में गिर गया।

## ग्राम पंचायत सेमरा में अविश्वास प्रस्ताव के बाद सरपंच कविता ध्रुव की फिर हुई जीत

**नगरी/नवप्रदेश।** ग्राम पंचायत सेमरा में अविश्वास प्रस्ताव के बाद हुए पुनः चुनाव में सरपंच श्रीमति कविता ध्रुव सभी आरोपों को निराधार साबित करते हुए एक बार फिर अपनी कुर्सी बचा ली। पंचायत में राजनीतिक खींचतान के बीच हुए इस चुनाव पर पूरे क्षेत्र की नजरें टिकी हुई थीं।

बताया जा रहा है कि 20 वार्डों वाली इस पंचायत में 17 वार्ड पंचों ने एकजुट होकर सरपंच के खिलाफएसडीएम कार्यालय में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। इसके बाद प्रशासन द्वारा नियमानुसार पुनः मतदान कराने के निर्देश दिए गए। चुनाव से पहले गांव में पंचों और सरपंच के बीच समन्वय बनाने के लिए बैठक भी आयोजित की गई, लेकिन किसी तरह की सहमति

नहीं बन पाई। शनिवार, 18 अप्रैल को ग्राम पंचायत भवन में विधिवत चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। सभी पंचों ने अपने-अपने मत का उपयोग किया। मतदान के बाद हुए मतगणना में सरपंच के पक्ष में 6 वोट पड़े, जबकि एक मत निरस्त हो गया। पंचायत राज नियमों के अनुसार एक-तिहाई मत प्राप्त होने पर सरपंच को पद पर बने रहने का अधिकार होता है।

# देवरबीजा सेवा सहकारी समिति का निरीक्षण

**■ प्रभारी सचिव सहला निगार ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** जिले की प्रभारी सचिव शहला निगार आज देवरबीजा सेवा सहकारी समिति के निरीक्षण हेतु पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने समिति में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान समिति में संचालित कार्यों, रिकॉर्ड संधारण, खाद्यान्न वितरण व्यवस्था तथा हितग्राहियों को मिलने वाली सेवाओं की स्थिति का अवलोकन

किया गया। प्रभारी सचिव ने पारदर्शिता, समयबद्धता एवं हितग्राहियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे। साथ ही रिकॉर्ड संधारण एवं वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

उन्होंने समिति स्तर पर स्वच्छता, निगरानी एवं व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर भी बल दिया, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान बेमेतरा कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई, एसडीएम दीप्ति वर्मा, तहसीलदार मानकर, देवरबीजा के नायब तहसीलदार राजा राम तथा समिति अध्यक्ष संजीव तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रभारी सचिव को समिति की कार्यप्रणाली एवं वितरण प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी।

**उर्वरक वितरण, पीएम-आशा योजना एवं स्टॉक व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश:** निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव द्वारा उर्वरक वितरण एवं भंडारण व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

## भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए प्रशासन की एडवाइजरी जारी

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** भीषण गर्मी और लू की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने आमजन से सतर्क रहने और स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों का पालन करने की अपील की है। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृतलाल रोहलेडर द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों को पुनः दोहराते हुए नागरिकों से जागरूक रहने को कहा गया है। प्रशासन के अनुसार, अप्रैल से जून के दौरान तापमान में तेजी से वृद्धि और लू चलने की संभावना रहती है।

## पेज 1 का शेष...

**'लटकाना-अटकाना-भटकाना...**

है। उन्होंने कहा कि पीएम एक बार फिर झूठ का जाल बुनेंगे। रैली में ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण से जुड़ा बिल देश को बांटने के उद्देश्य से लाया गया था। उन्होंने कहा कि परिसीमन के जरिए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर भाजपा राजनीतिक फायदा लेना चाहती थी। ममता ने कहा कि यह कदम गैर-बीजेपी शासित राज्यों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है और विपक्ष ने देश की एकता बनाए रखने के लिए इसका विरोध किया।

प्रधानमंत्री बोले- विपक्ष को पाप की सजा जरूर मिलेगी

पीएम ने कहा- जिन दलों ने बिल का विरोध किया, उनसे मैं दो टूक कहूंगा कि ये लोग नारी शक्ति को हल्के में ले रहे हैं। वे भूल रहे हैं कि 21वीं सदी की नारी सब पर नजर रख रही है। वो उनकी मंशा देख रही है। प्रधानमंत्री ने कहा- महिला आरक्षण को रोककर जो पाप विपक्ष ने किया है, इसकी उन्हें सजा जरूर मिलेगी। इन दलों ने संविधान निर्माताओं की भावनाओं का अपमान किया है। जनता की सजा से वे बच नहीं पाएंगे।

मोदी सरकार बिल पास कराने में पहली बार नाकाम

12 साल के शासन में यह पहला मौका था, जब मोदी सरकार सदन में कोई बिल पास नहीं करा पाई। अब लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33% आरक्षण नई जनगणना के नतीजे आने से पहले लागू नहीं होगा, यानी 2029 के लोकसभा चुनाव में इसका फायदा नहीं मिलेगा।

**केला के नीचे छुपाकर यूपी ले**

लदे केले के बीच 29 बोरियों में गांजा छुपाकर परिवहन किया जा रहा था। इतना ही नहीं पुलिस को गुमराह करने के लिए फर्जी नंबर प्लेट का भी उपयोग किया जा रहा था।

**मुस्तैदी से कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार:** पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक आईशर प्रो 2059 (क्रमांक एपी 39 टीटी 4556) वाहन ओडिशा से पलसापाली बैरियर की ओर आ रहा है। सूचना पर तत्काल नाकाबंदी कर वाहन को रोका गया। तलाशी के दौरान गांजा बरामद होने पर चालक अब्दुल नईम (42 वर्ष) निवासी मानगो, जमशेदपुर, जिला पूर्वी सिंहभूम (झारखंड) को गिरफ्तार किया गया है।

**ओडिशा से उत्तर प्रदेश तक सप्लाई की थी योजना**

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गांजा ओडिशा से लाकर उत्तर प्रदेश में सप्लाई किया जाना था। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों और फाइनेंशियल लिंक की जांच कर रही है।

**इन धाराओं के तहत दर्ज हुआ मामला**

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (B)(ii)(C) सहित भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं 336(2), 338, 340 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

**केंद्र सरकार ने महंगाई...**

कैबिनेट बैठक में इसका ऐलान किया गया। इससे लगभग 50.5 लाख कर्मचारियों और 68.3 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा। केंद्र सरकार साल में दो बार, जनवरी और जुलाई में महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में बदलाव करती है। इस फैसले से कर्मचारियों की मंथली सैलरी और पेंशनर्स की पेंशन में इजाफा होता है।

**आतंकी साजिश नाकाम...**

मंदिर, संसद भवन और सैन्य ठिकानों जैसे बड़े टारगेट पर हमले की भी चर्चा की थी।

सोशल मीडिया के जरिए और लोगों को जोड़ने की साजिश थी

पुलिस के अनुसार ये सभी आरोपी एक कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित थे और गजवा-ए-हिंद जैसे नैरेटिव को बढ़ावा दे रहे थे। आरोपी एन्क्रिप्टेड सोशल मीडिया ग्रुप्स पर एक्टिव थे। इन ग्रुप्स में जिहाद, हथियार और कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़ा कंटेंट शेयर किया जाता था। इन्हीं प्लेटफॉर्म्स के जरिए नए लोगों को जोड़ने और प्रभावित करने की कोशिश की जा रही थी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, एक आरोपी ने रेड फोर्ट की एडिटेड तस्वीर शेयर की थी, जिसमें काला झंडा लगाया गया था। इसके जरिए आरोपी लोगों को भड़काना चाहते थे।

**वेदांता प्लांट हादसे में...**

के खिलाफ डभरा थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। घटना के 24 घंटे बाद औद्योगिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हादसे की जांच की थी। जिसमें प्लांट प्रबंधन की गंभीर लापरवाही सामने आई है। शुरुआती जांच के मुताबिक, प्रोडक्शन दोगुना करने की जल्दबाजी में बॉयलर फटा। चेतावनी के बाद भी काम नहीं रोका गया। इसके अलावा मशीनों के रखरखाव और संचालन में लापरवाही बरती गई। इसी आधार पर केस दर्ज किया गया है।

**क्रिएटर्स दिखाएं बदलते छत्तीसगढ़...**

मुक्त होने की दिशा में निर्णायक सफलता हासिल कर चुका है। उन्होंने बताया कि पहले जहां प्रदेश का बड़ा हिस्सा नक्सल प्रभावित था, वहीं अब विकास की मुख्यधारा गांव-गांव तक पहुंच रही है।

मुख्यमंत्री ने बस्तर संभाग को प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन की अपार संभावनाओं से परिपूर्ण बताते हुए कहा कि यहां के जलप्रपात, घने वन, संस्कृति और जनजातीय जीवन देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूनेस्को द्वारा बस्तर के धुड़मारास गांव को विश्व के 20 सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में शामिल किया जाना प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

**कोयला घोटाले में आईएएस...**

संपत्ति का मामला दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि उन्होंने अपने परिवारजनों और विभिन्न फर्मों के नाम पर करोड़ों रुपये की संपत्तियां अर्जित की हैं।

**पहले भी हो चुकी है अटैचमेंट:** कोयला घोटाले की जांच के दौरान प्रवर्तन निदेशालय पहले ही उनकी 5 अचल संपत्तियों को अटैच कर चुका है। अब ईओडब्ल्यू की ताजा कार्रवाई में 9 और संपत्तियां कुर्क की गई हैं।

**अन्य आरोपियों पर भी कार्रवाई जारी:** इससे पहले इसी मामले में सौम्या चौरसिया की अवैध संपत्तियों को भी न्यायालय के आदेश पर कुर्क किया जा चुका है। ईओडब्ल्यू के अनुसार, मामले में शामिल अन्य लोक सेवकों के खिलाफ भी संपत्ति कुर्की की कार्रवाई जारी है।

# सिम्स में बीसीएलएस व एसीएलएस से 78 पीजी छात्रों को मिला उन्नत आपातकालीन चिकित्सा प्रशिक्षण

## मरीज सुरक्षा और गुणवत्ता उपचार की दिशा में बड़ा कदम

*बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) एक बार फिर चिकित्सा शिक्षा और उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता सिद्ध करते हुए सामने आया है। संस्थान में 16 से 18 अप्रैल तक Basic Life Support (BCLS) एवं Advanced Cardiovascular Life Support (ACLS) का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 78 पीजी प्रथम वर्ष (बैच 2025-26) के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर जीवन रक्षक कौशल में दक्षता हासिल की।*

यह प्रशिक्षण न केवल शैक्षणिक गतिविधि तक सीमित रहा, बल्कि इसे पूरी तरह प्रैक्टिकल ओरिएंटेड बनाकर विद्यार्थियों को वास्तविक आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयार किया गया। इससे स्पष्ट है कि सिम्स अब केवल उपचार का केंद्र ही नहीं, बल्कि कुशल और संवेदनशील चिकित्सक तैयार करने का अग्रणी संस्थान बनता जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सीपीआर, एईडी (Automated E&ternal Defibrillator) के उपयोग, कार्डियक अरेस्ट, स्ट्रोक, एवं अन्य जटिल हृदय संबंधी आपात स्थितियों से निपटने की आधुनिक तकनीकों का गहन प्रशिक्षण दिया गया।

### छात्रों में बढ़ा आत्मविश्वास

प्रशिक्षण के उपरांत विद्यार्थियों में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से बढ़ा है। अब वे न केवल सैद्धांतिक रूप से बल्कि व्यावहारिक रूप से भी जीवन रक्षक तकनीकों में दक्ष हो चुके हैं। यह पहल सिम्स को 'केवल उपचार केंद्र' से आगे बढ़ाकर 'उत्कृष्ट प्रशिक्षण और शोध संस्थान' के रूप में स्थापित करती है।

### वरिष्ठ नेतृत्व का मार्गदर्शन और प्रेरणा

कार्यक्रम का आयोजन एनेस्थीसियोलॉजी विभाग के नेतृत्व में किया गया, जिसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति ने की। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. रमेश मूर्ति ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से न केवल चिकित्सकों की कार्यक्षमता बढ़ती है, बल्कि मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिलने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाती है। वहीं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने कहा आपातकालीन चिकित्सा में प्रशिक्षित टीम ही जीवन रक्षा की सबसे बड़ी ताकत होती है, और सिम्स इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्न चिकित्सकों की महत्वपूर्ण उपस्थिति एवं योगदान रहा जिसमें डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. श्वेता कुजूर, डॉ. मिल्टन दे बर्मा, डॉ. किसलय देवांगन, डॉ. घनश्याम, डॉ. अभिषेक कलवानी, डॉ. पूनम, डॉ. अंकित इन सभी चिकित्सकों ने प्रशिक्षण को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। लगातार हो रहे ऐसे नवाचार और प्रशिक्षण कार्यक्रम यह सिद्ध करते हैं कि सिम्स बिलासपुर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत स्तंभ बनकर उभर रहा है। यहां मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के साथ-साथ भविष्य के डॉक्टरों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देकर स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती दी जा रही है।

---

## न्यूज गैलरी

### तनिष्क दीपिका चिखलिया से सम्मानित

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** बिलासपुर का उभरता बाल कलाकार तनिष्क वर्मा रायपुर में आयोजित नारी शक्ति सम्मान समारोह 2026 में रामायण में सीता की भूमिका निभाने वाली दीपिका चिखलिया से सम्मान प्राप्त कर बिलासपुर का गौरव बढ़ाया है। कार्यक्रम रायपुर में न्यू जन सेवा फाउंडेशन द्वारा नारियों के सम्मान एवं छत्तीसगढ़ के उभरते कलाकारों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के डायरेक्टर ऊषा शर्मा ने तनिष्क के उज्जवल भविष्य की कामना की। तनिष्क ने अभी हाल ही में उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी से और आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर बंगलुरू में श्री श्री रविशंकर से सम्मान प्राप्त कर सुर्खिया बटोरी।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर एएसआई तिवारी सम्मानित

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने व उल्लघंन करने वालों के खिलाफ उत्कृष्ठ कार्य करते हुए माह जनवरी-फरवरी में 40 वाहन चालकों के खिलाफ धारा 185 एम व्ही एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में चालान पेश करने पर यातायात थाना में पदस्थ एएसआई दीपक तिवारी को नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

### खेत के गेट विवाद में वृद्ध पर कुल्हाड़ी से हमला, मौत

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** देवरी थाना क्षेत्र के पांजरा गांव में खेत के रास्ते और गेट को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान चंद्रप्रकाश विश्वकर्मा 50 वर्ष के रूप में हुई है। परिजन चंद्रभान सिंह विश्वकर्मा के अनुसार चंद्रप्रकाश खेत गए थे, जहां ओमप्रकाश श्रीवास से गेट बंद करने को लेकर कहासुनी हुई।

### फ्लैट नामांतरण कराने के लिए एक साल से भटक रहा युवक

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** सरकारी दफ्तरों की लापरवाही का एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां नामांतरण की फाइल गुम होने से परेशान एक युवक ने अधिकारी को 'बादाम' भेंट कर दिया। युवक का कहना था कि शायद इससे उनकी याददाश्त तेज हो जाए और फाइल मिल सके। मिली जानकारी के अनुसार, तरुण साहू ने करीब एक वर्ष पहले ईडब्ल्यूएस श्रेणी का फ्लैट रिसेल में खरीदा था और उसकी विधिवत रजिस्ट्री करवाई थी। रजिस्ट्री के तुरंत बाद उन्होंने अभिलाषा परिसर, तिफरा स्थित हाउसिंग बोर्ड कार्यालय में नामांतरण के लिए सभी जरूरी दस्तावेज जमा कर दिए थे। आमतौर पर नामांतरण की प्रक्रिया 1 से 2 महीने में पूरी हो जाती है।

---

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सौंपा चेक, राज्य में पहली बार किसी खिलाड़ी को दी इतनी बड़ी प्रोत्साहन राशि

# भारत को कबड्डी विश्वकप और एशियन चैंपियन बनाने वाली संजू को 50 लाख की प्रोत्साहन राशि

*रायपुर/नवप्रदेश। भारत को कबड्डी विश्वकप और एशियन चैंपियनशिप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली संजू देवी को राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 50 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी खिलाड़ी को इतनी बड़ी प्रोत्साहन राशि दी गई है। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें यह राशि सौंपी। श्री साव ने इस दौरान बिलासपुर के चिंगराजपारा कबड्डी क्लब को कबड्डी मैट भी प्रदान किया।*

संजू देवी को उनके शानदार खेल की वजह से पिछले साल नवम्बर में बांग्लादेश में आयोजित कबड्डी विश्वकप में मोस्ट वेल्युबल प्लेयर चुना गया था। कबड्डी विश्वकप के फाइनल में भारत को मिले 35 प्वाइंट्स में से 16 प्वाइंट्स अकेले संजू ने दिलाए थे। सेमी-फाइनल सहित अन्य मैचों में भी उन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से

### अच्छे प्रदर्शन से मिली टीम में जगह

संजू ने अपने गांव केराकछार से कबड्डी विश्व कप तक के सफर के बारे में बताया कि उन्होंने जनवरी-2024 में कोलकाता में आयोजित ईस्ट जोन इंटरयुनिवर्सिटी टूर्नामेंट में और जनवरी-2025 में भटिंडा में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में बिलासपुर विश्वविद्यालय की ओर से तथा विशाखापट्टनम, तमिलनाडु, नागपुर, महासमुंद और भजियापार (महाराष्ट्र) के ऑल इंडिया टूर्नामेंट में राज्य की ओर से भागीदारी की है। वर्ष-2024 में छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ द्वारा आयोजित चयन स्पर्धा में अच्छे प्रदर्शन के फलस्वरूप इंडिया कैंप के लिए संजू का चयन हुआ। इंडिया कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ईरान में हुए एशियन कबड्डी चैम्पियनशिप के लिए उन्हें भारतीय टीम में स्थान मिला।

भारत को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। संजू अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाली राज्य की पहली कबड्डी खिलाड़ी है। कबड्डी विश्व कप के साथ ही उन्होंने पिछले साल मार्च में ईरान में आयोजित एशियन कबड्डी चैम्पियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

और भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। कोरबा के छोटे से गांव केराकछार की श्रमिक दंपति की संतान 23 साल की संजू राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित बिलासपुर के बहतराई आवासीय बालिका कबड्डी अकादमी में जुलाई-2023 से प्रशिक्षण ले रही है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने संजू देवी को सम्मानित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य में लगातार खेल और खिलाड़ियों की तरक्की व बेहतरी के लिए काम हो रहे हैं। संजू देवी ने अपने बेहतरीन खेल की बदौलत बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने अपने उत्कृष्ट खेल से देश को दो-दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक दिलाया है और अपने खेल कौशल से मोस्ट वेल्युबल प्लेयर बनी हैं। छत्तीसगढ़ की बेटी का यह प्रदर्शन राज्य का मान-सम्मान और गौरव बढ़ाने वाला है। उन्होंने संजू देवी को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे आने वाले समय में भी इसी तरह हमारे राज्य और देश का नाम रोशन करती रहेंगी। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि राज्य में जब ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हों तो हमारी जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे खिलाड़ियों को आगे बढ़ाएं और प्रोत्साहित करें। हमारे खिलाड़ियों को... और विशेषकर लड़कियों को अच्छा खेलने का प्रोत्साहन मिले, इसके लिए सरकार संजू देवी को 50 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दे रही है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने अभी हाल ही में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की शानदार मेजबानी की है।

---

# राहुल गांधी की अगुवाई में केंद्र की भाजपा सरकार बैकफुट पर

**धमतरी/नवप्रदेश।** केन्द्र में महिला आरक्षण से जुड़े संशोधन विधेयक को लेकर लोकसभा में उठे घटनाक्रम पर धमतरी के कांग्रेस विधायक ओंकार साहू ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि केंद्र की भाजपा सरकार महिलाओं के नाम पर संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ करने का प्रयास कर रही थी, जिसे विपक्ष के सशक्त विरोध ने विफल कर दिया।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि संसद में जो घटनाक्रम हुआ, उसने देश के सामने सच्चाई ला दी है। यह बिल वास्तविक रूप से महिला सशक्तिकरण के लिए नहीं था, बल्कि सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करने की कोशिश थी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रस्तावित व्यवस्था में अन्य पिछड़ा वर्ग , अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अधिकारों की अनदेखी की जा रही थी, जो कि संविधान की मूल भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का विधेयक समाज के विभिन्न वर्गों के बीच असंतुलन पैदा कर सकता था।

विधायक साहू ने कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष ने इस मुद्दे को मजबूती से उठाया और सरकार को बैकफुट पर आने के लिए मजबूर किया। ÷यह केवल एक विधेयक नहीं था, बल्कि संविधान के मूल ढांचे को प्रभावित करने का प्रयास था, जिसे विपक्षी दलों ने मिलकर रोका,÷ उन्होंने कहा।

---

### संस्कृति को मैट्स यूनिवर्सिटी से पीएचडी की उपाधि

**सीपत/नवप्रदेश।** मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार रायपुर की संस्कृती मिश्रा को विधि विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय ने परीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर उनके शोध प्रबंध को स्वीकृति देते हुए 30 मार्च 2026 को उन्हें इस उपाधि के लिए पात्र घोषित किया। संस्कृती मिश्रा ने अपना शोध कार्यSocio-Legal Study on Geographical Indications: With Special Reference to the State of Chhattisgarh विषय पर पूरा किया है।

---


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)**
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

**ईश्तहार**

नामंतरण प्र.क्र. 30361 दिनांक 17.04.2026
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR652F01535 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती YASHWANT JOSHI पिता / पति श्री/ श्रीमती RAJU JOSHI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती BABITA SAH पिता /पति श्री/श्रीमती W/O RAKESH SAH ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)**
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

**ईश्तहार**

नामंतरण प्र.क्र. 30362 दिनांक 17.04.2026
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR652F0771B जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती JAWED HAIDER पिता / पति श्री/ श्रीमती HAIDER ALI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SARASWATI PAIKARA पिता /पति श्री/श्रीमती W/O SOMENDRA SINGH PAIKARA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com

**ईश्तहार**

नामंतरण प्र.क्र. 30483 दिनांक 18.04.2026
वार्ड का नाम- 19 - डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR802N00060 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती GOURI BAI पिता / पति श्री/ श्रीमती PARAMANAND SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती PRAMILA DEVI पिता /पति श्री/श्रीमती LT SHYAM NANDAN PRASAD ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमति राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com

**ईश्तहार**

नामंतरण प्र.क्र. 30372 दिनांक 16.04.2026
वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR870J00351 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती M/S SHRI RAM JAYANTI CONTRACATION PRO. DINESH GOYAL AND SANS DINESH GOYAL NS/O LT. RAM PRATAP GOYAL पिता / पति श्री/ श्रीमती ...... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SMT. SAVITA SHARMA पिता /पति श्री/श्रीमती W/O SHRI SURENDRA SHARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमति राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)**
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

**ईश्तहार**

नामंतरण प्र.क्र. 30399 दिनांक 17.04.2026
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR652G0775C जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती JIBRAN ULLAH KHAN पिता / पति श्री/ श्रीमती LATE AHSHAN ULLAH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती MOHAMMAD AHAMED RAZA पिता /पति श्री/श्रीमती LATE MOHAMMAD YUNUS RAZA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)**
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

**ईश्तहार**

नामंतरण प्र.क्र. 30366 दिनांक 17.04.2026
वार्ड का नाम- 59 - मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 59 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR653E0096A जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती SMT. HOOR BANO पिता / पति श्री/ श्रीमती RIYAZ ALAM के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SHIRIN PARVIN पिता /पति श्री/श्रीमती W/O ASGAR ALI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / MALMABIKRINAMA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Tel.No - 07727-223138, E-mail: cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक / 69/लोनिवि/न.पा.प./2026 बलौदाबाजार, दिनांक 17.04.2026

**-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-**
main portal-http://cgeprocurment.gov.in
Sub portal-http://uadd.cgeprocurement.gov.in
Email-cmobalodabazar@rediffmail.com

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम टेंडर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | कार्य का विवरण | लागत राशि (लाख मे) | निविदा दरे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 01 | सिस्टम टेण्डर क्र. 189010, 189291 एवं 189292 (कुल 03 कार्यो) हेतु। | 91.28 | 08.05.2026 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in/https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार

**कार्यालय नगरपालिका परिषद किरन्दुल जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

क्रमांक / 78 / लो.नि.वि./न.पा.परि. 2026-27 किरंदुल, दिनांक :- 15/04/2026

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

नगरपालिका परिषद् किरन्दुल द्वारा एकीकृत पंजीयन जीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/एजेंसी/ठेकेदारों से छ.ग.लो.नि.वि. द्वारा सड़क निर्माण कार्य हेतु दिनांक 01/01/2025 को जारी एस.ओ.आर. तथा निविदा दिनांक तक संशोधित एस.ओ.आर. के आधार पर निविदा प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्यो हेतु मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 29/04/2026 शाम 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय - 30/04/2026 शाम 5.30 बजे तक
3. निविदा प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय - 08/05/2026 शाम 4.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय - 08/05/2026 शाम 4.30 बजे से

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. ला. (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी.सी सड़क मरम्मत कार्य (राधे देवांगन के घर से शिव मंदिर तक आंगनबाड़ी से पुलिया तक एवं बलविंदर के घर से श्याम लाल देवांगन के घर तक, वार्ड क्रमांक 10) | 4.03 | 750/- | 4100 | 02 माह |
| 2 | आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य (श्याम बाई के घर से नाला तक, वार्ड क्रमांक 10) | 5.09 | 750/- | 5000 | 03 माह |
| 3 | आर.सी सी नाली निर्माण कार्य (हेमू धनकर के घर से भंडारी के घर तक, वार्ड क्रमांक 18) | 4.99 | 750/- | 5000 | 02 माह |
| 4 | सी सी सड़क मरम्मत कार्य (मिश्रा कैंप से पाण्डेय घर होते मेन रोड तक एवं लाला घर के पास पटेलपारा, वार्ड क्रमांक 18) | 3.36 | 750/- | 3400 | 02 माह |
| 5 | सी.सी सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य (शंकर सोडी घर से मांझी घर तक, वार्ड क्रमांक 18) | 4.00 | 750/- | 4000 | 02 माह |
| 6 | सी सी सड़क निर्माण कार्य (संजय भागवत के घर से गोवर्धन टोप्पो के घर तक, धनकर के घर से अरुण कश्यप के घर तक, केशबो के घर से नरेन्द्र के घर तक, वार्ड क्रमांक 18) | 8.79 | 750/- | 6600 | 03 माह |
| 7 | सी.सी सड़क मरम्मत कार्य (दुर्गा मंदिर से विन्देस के घर तक, मेन रोड से रामशंकर के घर तक, श्रीधर के घर से पंडित के घर तक, गोपी अमेडकर के घर से मेन रोड तक, वार्ड क्रमांक 03) | 4.08 | 750/- | 4100 | 02 माह |
| 8 | आर सी सी नाली निर्माण कार्य (परेश रॉय के घर से रंजित घर तक, प्रियंका व्यास के घर से पंडित घर तक, रवि यादव के घर से तालाब तक वार्ड क्रमांक 03) | 5.82 | 750/- | 5000 | 03 माह |
| 9 | सी.सी सड़क मरम्मत कार्य (सोसाइटी से फिरोज के घर तक, गीता के घर से विनोद के घर तक, शिव के घर से अप्पा राव के दुकान तक, गोयल के घर से धर्मेंद्र के घर तक, वार्ड क्र. 07) | 4.81 | 750/- | 4900 | 02 माह |
| 10 | आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (सिहसन के घर से दीक्षित के घर तक इन्द्रपाल के घर से राजपूत घर तक, वार्ड क्रमांक 07) | 4.47 | 750/- | 4500 | 02 माह |
| 11 | सी सी सड़क मरम्मत कार्य (दुर्गा साहू के घर से कला मंच तक, वार्ड क्रमांक 02) | 1.64 | 300/- | 2000 | 02 माह |
| 12 | आर सी सी नाली निर्माण कार्य (लाला साहू के घर से भागवत साहू के घर तक, राजू रेड्डी के पर से हिरा निषाद के घर तक, वार्ड क्रमांक 02) | 8.00 | 750/- | 6000 | 03 माह |
| 13 | सी सी सड़क मरम्मत कार्य (त्रिपाठी के घर से गाब्रियल के घर तक, लक्ष्मी के घर से मांझी के घर तक, गौतम के घर से गजराज कैंप तक, वार्ड क्रमांक 05) | 4.37 | 750/- | 4400 | 02 माह |
| 14 | आर सी सी नाली निर्माण कार्य (त्रिपाठी के घर से गाब्रियल के घर तक, वार्ड क्रमांक 05) | 4.21 | 750/- | 4300 | 02 माह |
| 15 | फुटपाथ निर्माण कार्य (उन्नी दुकान से गणेश मंडप तक, वार्ड क्रमांक 15) | 4.57 | 750/- | 4600 | 02 माह |
| 16 | सी सी सड़क निर्माण कार्य (प्रकाश विद्यालय से टाइप 3 रोड तक, वार्ड क्रमांक 15) | 3.16 | 750/- | 3200 | 02 माह |
| 17 | सी सी सड़क मरम्मत कार्य (मंगल के घर से महादेव के घर तक एवं भास्कर दुकान से आंगनबाड़ी तक वार्ड क्रमांक 15) | 3.19 | 750/- | 3200 | 02 माह |
| 18 | आर सी सी नाली निर्माण कार्य (माखन के घर से आंगनबाड़ी तक, वार्ड क्रमांक 15) | 2.60 | 750/- | 2600 | 02 माह |
| 19 | आर सी सी नाली निर्माण कार्य (शुभद्रा के घर से पटेल के घर तक, राम घर से सपन घर तक, ललित घर से मेन नाला तक, वार्ड क्रमांक 04) | 6.08 | 750/- | 5000 | 03 माह |
| 20 | आर सी सी नाली निर्माण कार्य (बलजीत प्रसाद घर से मीरा घर तक, सपन घर से एल.आइ. सी मेन नाला तक एवं तुला राम घर से मेन रोड तक वार्ड क्रमांक 04) | 4.83 | 750/- | 4900 | 02 माह |
| 21 | सी सी सड़क मरम्मत कार्य (रामकृष्ण मंदिर से पुलिया तक, इशु घर से आर सी घर तक एवं गणेश घर से सिन्हा घर तक वार्ड क्रमांक 04) | 3.45 | 750/- | 3500 | 02 माह |
| 22 | सी सी सड़क मरम्मत कार्य (राईस गेराज से दंतु घर तक कुमार गेराज से पुलिया तक एवं बल्लू घर से अशोक घर तक, वार्ड क्रमाक 17) | 4.37 | 750/- | 4400 | 02 माह |
| 23 | सीसी सड़क निर्माण कार्य (धानु के घर से दिली राव के घर तक, वार्ड क्रमांक 17) | 2.19 | 750/- | 2200 | 02 माह |
| 24 | आर सी सी नाली निर्माण कार्य (शुधा घर से पटु घर तक, वार्ड क्रमांक 17) | 2.49 | 750/- | 2500 | 02 माह |
| 25 | सी सी सड़क मरम्मत कार्य (मेन रोड से कनकलता घर तक, वार्ड क्रमांक 16) | 0.76 | 300/- | 2000 | 01 माह |
| 26 | सी सी सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य (गाँधी नगर से अटल चौक तक, वार्ड क्रमांक 16) | 4.07 | 750/- | 4100 | 02 माह |
| 27 | सी सी सड़क मरम्मत सह रैंडम रबल वाल निर्माण कार्य (विपुल रॉय घर से मनोज घर तक, वार्ड क्रमांक 01) | 2.87 | 750/- | 2900 | 02 माह |
| 28 | सी.सी सड़क मरम्मत कार्य (चर्च से संध्या विस्वास घर तक गुनसागर घर से धीरेन्द्र विस्वास घर तक, लक्ष्मी घर से मंदिर तक एवं विजय होटल के पास वार्ड क्रमांक 01) | 7.56 | 750/- | 5700 | 03 माह |
| 29 | आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य (सिफाली घर से नरेश घर तक, साई किराना से लीना रॉय घर तक एवं सफाली घर से गोमास्ता घर तक वार्ड क्रमांक 01) | 4.78 | 750/- | 4800 | 02 माह |
| 30 | आर सी सी नाली निर्माण कार्य (विमला घर से मनोज घर तक एवं उमा दुर्गा घर से बड़ा नाला तक वार्ड क्रमांक 08) | 5.97 | 750/- | 5000 | 03 माह |
| 31 | सी सी सड़क मरम्मत कार्य (मोहम्मद इस्लाम घर से करीम घर होते जहीरा घर तक, अर्जुन मेडिकल गली से सरकार घर तक, साहू दुकान से शुक्ला घर तक एवं रविन्द्र सोनी घर से उमा दुर्गा घर तक वार्ड क्रमांक 08) | 5.80 | 750/- | 5000 | 03 माह |
| 32 | आर सी सी नाली निर्माण कार्य (कृष्णा घर से नेपाल घर तक एवं सुरेश गार्डन से मंडप तक वार्ड क्रमांक 11) | 5.61 | 750/- | 5000 | 03 माह |
| 33 | सी सी सड़क मरम्मत कार्य (संतोष शर्मा घर से कृष्णा डेरी तक एवं गौसी घर से कैंटीन तक वार्ड क्रमांक 11) | 3.46 | 750/- | 3500 | 02 माह |
| 34 | सी सी सड़क निर्माण कार्य (सुरेश घर से धागे घर तक, वार्ड क्रमांक 11) | 1.44 | 300/- | 2000 | 02 माह |
| 35 | आर सी सी नाली सह रिटेनिग वाल निर्माण कार्य (गौसी घर से भान घर तक वार्ड क्रमांक 11) | 5.17 | 750/- | 5000 | 03 माह |
| 36 | आर सी सी नाली निर्माण कार्य (शांति नायक घर से नाला तक एवं राजू राव घर से मेन नाला तक वार्ड क्रमांक 12) | 3.90 | 750/- | 3900 | 02 माह |
| 37 | सी.सी. सड़क मरम्मत कार्य (हराबती घर से बुधु घर तक, राधा घर से दुर्गा घर तक, वार्ड क्रमांक 12) | 2.52 | 750/- | 2600 | 02 माह |
| 38 | सी सी सड़क निर्माण कार्य (कुआ से मेन रोड तक एवं कैंटीन के पास वार्ड क्रमांक 12) | 3.33 | 750/- | 3400 | 02 माह |
| 39 | सी सी सड़क मरम्मत कार्य (के.व्ही. राजू घर से अप्पाराव घर तक, राहू से गणेश मंडप तक एवं जे डी स्टोर से विजय यादव घर तक, वार्ड क्रमांक 06) | 3.95 | 750/- | 4000 | 02 माह |
| 40 | आर सी सी नाली निर्माण कार्य (छब्बी साहू घर से दुबेघर तक एवं आलुद्रा घर से हरी घर होते गेब्रियल घर तक वार्ड क्रमांक 06) | 3.00 | 750/- | 3000 | 02 माह |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, किरन्दुल

# कांग्रेस में घर वापसी पर असमंजस, चहेते बागियों की एंट्री से बढ़ी नाराजगी

### अनुशासन समिति सिर्फ कागजों तक सीमित

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रदेश कांग्रेस संगठन में इन दिनों राजनीतिक गतिविधियां सुस्त नजर आ रही हैं, वहीं 'घर वापसी' के मामलों में भी लंबित फैसलों को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। करीब डेढ़ साल से अधिक समय से कई नेताओं के आवेदन लंबित पड़े हैं, लेकिन संगठन अब तक इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं ले पाया है। सूत्रों के अनुसार, पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं के दबाव में चुनाव के दौरान बागी रहे चहेते नेताओं को बिना निर्धारित प्रक्रिया के जल्दबाजी में पार्टी में वापस ले लिया गया। वहीं दूसरी ओर करीब डेढ़ दर्जन से अधिक नेताओं के विधिवत आवेदन लंबित हैं, जिन पर अब तक कोई विचार नहीं किया गया है। इस दोहरे मापदंड को लेकर पार्टी के भीतर नाराजगी बढ़ रही है।

**बागियों पर कार्रवाई के बाद भी ठहराव**

विधानसभा, लोकसभा और स्थानीय निकाय चुनावों में बागी हुए नेताओं को पार्टी से बाहर किया गया था। इनमें से केवल 4-5 नेताओं की ही अब तक वापसी हो सकी है, जबकि बाकी आवेदन प्रक्रिया में ही अटके हुए हैं।

**तय प्रक्रिया का नहीं हो रहा पालन**

पार्टी ने कुछ वर्ष पहले 'घर वापसी' के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए थे। इसके तहत केवल औपचारिक स्वागत को वैध प्रवेश नहीं माना जाएगा, बल्कि संबंधित ब्लॉक या जिला कांग्रेस कमेटी में विधिवत आवेदन अनिवार्य किया गया था। बावजूद इसके, कई मामलों में इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है।

**संगठन में बढ़ रही नाराजगी**

लंबे समय से आवेदन लंबित रहने और चयनात्मक निर्णयों के चलते संगठन के भीतर असंतोष बढ़ रहा है। पदाधिकारियों का मानना है कि यदि जल्द ही इस पर पारदर्शी और समान नीति नहीं अपनाई गई, तो इसका असर संगठन की एकजुटता और भविष्य की राजनीतिक रणनीति पर पड़ सकता है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति भी निष्क्रिय बनी हुई है। समिति के गठन के बाद पिछले तीन वर्षों में एक भी बैठक नहीं हो पाई है, जबकि इस दौरान कई अनुशासन से जुड़े मामले सामने आए। यहां तक कि कार्यकारिणी बैठक में कुछ मामलों को समिति को भेजने पर सहमति बनी थी, लेकिन उस पर भी अमल नहीं हो सका।

## न्यूज गैलरी

### भागवत कथा में बही ज्ञान की गंगा, श्रद्धालु हुए भावविभोर

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी के गुढ़ियारी स्थित कृष्णा नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन आध्यात्मिक वातावरण और भी अधिक भक्तिमय हो गया। कथा वाचक पंडित खिलेन्द्र दुबे ने अपने प्रवचन में पारिवारिक मूल्यों, परंपराओं और सत्य के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परिवार में प्रेम, सहयोग और आपसी समझ ही सुखी जीवन का आधार है। यदि परिवार के सदस्य एक-दूसरे के प्रति संवेदनशील रहें, तो जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना भी सहजता से किया जा सकता है। सत्य के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि सत्य में हजार हाथियों का बल होता है, अर्थात सत्य की शक्ति सर्वोपरि होती है। कथा के दौरान संगीत मंडली द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों ने माहौल को और अधिक भावपूर्ण बना दिया। भजनों की स्वर लहरियों पर श्रद्धालु भक्ति में डूबे नजर आए। इस अवसर पर सियाराम साहू, सोमेश्वर साहू, विवेकानंद साहू, राजेंद्र साहू, भावेश, आशुतोष, नवीन, चिंताराम साहू और महावीर साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### चंदन, टीकम और संतोष टेटे एकल के अंतिम राउंड में

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर प्रेस क्लब खेल मड़ई-2 के तहत आयोजित स्व. देवेंद्र कर स्मृति बैडमिंटन एकल प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी नॉकआउट दौर के ग्रुप मैचों में रोमांच और प्रतिस्पर्धा का शानदार संगम देखने को मिला। शुक्रवार को यूनियन क्लब में खेले गए मुकाबलों में चंदन साहू, टीकम वर्मा और संतोष साहू अपने-अपने मैच जीतकर ग्रुप में शीर्ष स्थान पर रहे और प्रतियोगिता के अंतिम राउंड में जगह बनाने में सफल रहे। ग्रुप ए के मुकाबलों में चंदन साहू का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। उन्होंने अपने सभी मैच जीतकर ग्रुप में दबदबा कायम रखा। पहले मुकाबले में उन्होंने तहसीन जैदी को 30-14 से हराया। इसके पूर्व खेले पहले मैच उन्होंने सत्येंद्र सिंह के खिलाफ एकतरफा अंदाज में 30-5 से जीत दर्ज की। इसके बाद दूसरे मैच में भी चंदन ने लविंदर सिंह सिंघोत्रा को 30-6 से पराजित कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। ग्रुप बी में टीकम वर्मा ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मुकाबले जीत लिए। उन्होंने रोहित बर्मन को 30-10 से हराया। इसके पूर्व अपने पहले मैच में विक्रम साहू के खिलाफ 30-7 से प्रभावशाली जीत दर्ज की। दूसरे मैच में संतोष साहू (जूनियर) को 30-10 से पराजित कर टीकम ने ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया। ग्रुप बी में ही संतोष साहू ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने अजय सक्सेना को 30-6 से हराया। हालांकि इस मुकाबले के दौरान अजय सक्सेना चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट हो गए और मैच पूरा नहीं खेल सके। इसके पहले संतोष साहू ने हिमांशु शर्मा को 30-5 से पराजित कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। लगातार दो प्रभावशाली जीत के साथ संतोष साहू ने भी अंतिम राउंड में प्रवेश सुनिश्चित किया। इसके पहले खेले गए अन्य मैचों में लविंदर सिंघोत्रा ने शंकर चंद्राकर को 30-9 से, तहसीन जैदी ने कौशल तिवारी को 15-6 से, अमित मिश्रा ने दीपक पांडेय को 30-11 से और रोहित बर्मन ने शिवम दुबे को 27-23 से व सुखनंदन बंजारे को 30-15 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया था। मैच के निर्णायक विजय मिश्रा, सत्येंद्र कर, टीकम वर्मा, चंदन साहू व कमलेश गोगिया रहे।

### नगरीय प्रशासन विभाग में 37 अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य शासन द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में 37 अधिकारियों-कर्मचारियों के स्थानांतरण किए गए हैं। इनमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी से लेकर राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, लेखापाल और सहायक ग्रेड-2 तक के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। विभाग ने सभी स्थानांतरित अधिकारियों-कर्मचारियों को सात दिनों के भीतर नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर विभाग को सूचित करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समयवाधि में कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर वर्तमान पदस्थापना स्थल से वेतन आहरण नहीं होगा। इसके उल्लंघन की स्थिति में नियंत्रण अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### भाजपा सरकार में पीएम आवास तोड़ा जा रहा केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखकर न्याय मांगना पड़ रहा

**रायपुर/नवप्रदेश।** केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले के पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार में पीएम आवास तोड़े जा रहे है। खासकर के एसटी, एससी, ओबीसी वर्ग के आवास को चिन्हित कर तोड़ा जा रहा है। कबीरधाम जिला में एससी वर्ग के पीएम आवास को बिना नोटिस तोड़ दिया गया। परिजनों के मोबाईल छीन लिया गया। ये तो सरासर गरीब के साथ अन्याय हो रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले को, मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पीड़ित परिवार के लिए न्याय मांगना पड़ रहा है।

## राजधानी में सट्टेबाजों पर शिकंजा कसेगा, गैंग की प्रॉपर्टी होगी सीज

- हाईप्रोफाइल सटोरियों की फाइलें फिर खुलेंगी
- वित्तीय जांच और मनी लॉन्ड्रिंग एंगल

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी में सक्रिय सट्टेबाजों के खिलाफ पुलिस अब सख्त एक्शन के मूड में है। इस साल के पहले तीन महीनों में एक दर्जन से अधिक सट्टेबाज गिरोहों पर कार्रवाई के बाद अब पुलिस इन गैंग्स की संपत्तियों की जांच कर उन्हें सीज करने की तैयारी कर रही है। खासतौर पर बेनामी संपत्तियों की पड़ताल की जाएगी, जिसमें सटोरियों के परिवार, परिचित और संपर्क में रहने वाले लोग भी जांच के दायरे में आएंगे। पुलिस अब तक सट्टेबाजों के ठिकानों से करीब 3 करोड़ रुपये के वाहन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और नकदी जब्त कर चुकी है। इसके अलावा करीब 1000 बैंक खाते, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और पासबुक भी बरामद किए गए हैं। आधे से अधिक मामलों में चालान कोर्ट में पेश किया जा चुका है। पुलिस अब बड़े और हाईप्रोफाइल सट्टेबाजों के मामलों की फाइल दोबारा खोलने जा रही है। करीब एक दर्जन संदिग्ध सटोरियों के सुराग भी मिले हैं, जिन पर जल्द कार्रवाई संभव है।

**लाखों की नकदी के साथ कई गिरफ्तारी**

- जनवरी से मार्च के बीच शहर में कई बड़ी कार्रवाई हुई।
- 9 जनवरी को गंज थाना क्षेत्र में 50.35 लाख रुपये नकद के साथ चार आरोपी पकड़े गए।
- 31 जनवरी को छह सटोरियों के गैंग से 37.50 लाख रुपये जब्त।
- मार्च में कबीरनगर इलाके में 17 लाख के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार।
- हाल ही में कोटा क्षेत्र से दो सटोरियों को 5 लाख नकद के साथ पकड़ा गया।
- इसके अलावा राजेंद्र नगर, आमानाका और डीडी नगर क्षेत्रों में भी कई सट्टेबाज गिरोह पकड़े जा चुके हैं।

**50 हजार आईडी से चल रहा था नेटवर्क**

पुलिस जांच में सामने आया है कि रायपुर में करीब 50 हजार सट्टा आईडी और लिंक बेचे गए हैं, जिनके जरिए लगभग 3 लाख लोग क्रिकेट सट्टेबाजी में दांव लगा रहे हैं। यह नेटवर्क देशभर में फैला हुआ है।

**विदेश कनेक्शन और वसूली का खुलासा**

पूछताछ में गुलशन उर्फ बाबू खेमानी का नाम सामने आया है, जो पहले भी सट्टेबाजी से जुड़ा रहा है। आरोपी ने दुबई और थाईलैंड की यात्राएं की हैं और सट्टे के नेटवर्क को देशभर में फैलाया। उस पर धमकाकर वसूली करने के आरोप भी लगे हैं, जिनकी जांच जारी है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 की तैयारियों पर निगम सख्त

**गंदगी मिलने पर होगी कड़ी कार्रवाई**

**रायपुर/नवप्रदेश।** नगर पालिक निगम रायपुर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है। अपर आयुक्त स्वास्थ्य श्री विनोद पाण्डेय ने निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन में आयोजित समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में कहीं भी गंदगी या कचरा मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर आयोजित की गई। इसमें स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी 70 वार्डों में व्यापक स्तर पर तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**70 वार्डों में सघन अभियान के निर्देश**

अपर आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों और कार्यपालन अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार सफाई अभियान चलाकर वार्डों को स्वच्छ बनाए रखें। साथ ही नागरिकों के सहयोग के बिना स्वच्छता का लक्ष्य संभव नहीं है, इसलिए जनजागरूकता अभियान भी तेज करने पर जोर दिया गया।

बैठक में बताया गया कि 1 अप्रैल 2026 से लागू नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत घर-घर जाकर नागरिकों को चार अलग-अलग डिब्बों में कचरा रखने के लिए जागरूक किया जाएगा।

## विंग कमांडर खुदकुशी: पत्नी के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का केस दर्ज

**रायपुर/नवप्रदेश।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र की विधायक कालोनी में विंग कमांडर विपुल यादव की खुदकुशी प्रकरण में पुलिस ने मृतक की पत्नी अर्जिता श्रीवास्तव के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का अपराध दर्ज किया है। आरोप है कि पत्नी की शारीरिक मानसिक प्रतड़ना से परेशान होकर विंग कमांडर ने फांसी लगाकर खुदकुशी की थी। विंग कमांडर ने 10-11 मार्च को खुदकुशी की थी। विंग कमांडर की लाश सबसे पहले घर में काम करने आने वाली बाई ने देखी। काम करने वाली बाई विंग कमांडर को चाय देने गई, तब विंग कमांडर को उसने फांसी के फंदे पर लटकते देखा। इसके बाद काम वाली बाई ने पड़ोसियों की मदद से पुलिस को घटना की जानकारी दी। विंग कमांडर ने अर्जिता के साथ वर्ष 2014 में लव मैरिज की थी। मृतक के पिता ने आरोप लगाया है कि विवाह के बाद से ही विपुल को उसकी पत्नी अपमानित करने के साथ प्रताड़ित करती थी, जिससे विपुल मानसिक रूप से परेशान रहता था। मृतक के परिजनों ने पुलिस को सीडी और अन्य साक्ष्य भी सौंपे हैं, जिसमें मृतक की पत्नी द्वारा मारपीट करने और अपमानजनक व्यवहार करने के वीडियो साक्ष्य के रूप में दिए जाने की जानकारी मिली है। आरोप है कि अर्जिता श्रीवास्तव ने बेंगलुरु में प्रापर्टी खरीदने के लिए मृतक पर दबाव बनाया और उनसे करीब 50 लाख रुपए भी लिए। इसके बावजूद अर्जिता पर मृतक के परिजनों ने प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं।

## बंदूक से विकास की ओर बस्तर: सुकमा के तुंगल इको-पर्यटन केंद्र की प्रेरक कहानी

**रायपुर/नवप्रदेश।** सुकमा जिले में वन विभाग की एक सराहनीय पहल ने विकास और पुनर्वास की नई मिसाल पेश की है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में तैयार किया गया तुंगल इको-पर्यटन केंद्र आज आत्मनिर्भरता और सामाजिक बदलाव का प्रतीक बन गया है। सुकमा नगर से मात्र एक किलोमीटर दूर स्थित यह स्थान पहले उपेक्षित और जर्जर था, लेकिन वन विभाग के प्रयासों से इसे एक सुंदर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया। यहाँ बनाए गए आकर्षक टापू और प्राकृतिक वातावरण अब स्थानीय लोगों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य ओडिशा से आने वाले पर्यटकों को भी आकर्षित कर रहे हैं। इस केंद्र की सबसे खास पहल है "तुंगल नेचर ", जिसे 'आत्मसमर्पण पुनर्वास महिला स्वयं सहायता समूह' की 10 महिलाएँ संचालित कर रही हैं। इनमें 5 महिलाएँ वे हैं जिन्होंने नक्सलवाद का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया है, जबकि 5 महिलाएँ नक्सल हिंसा से प्रभावित रही हैं। इन सभी को जगदलपुर और सुकमा के संस्थानों में विशेष प्रशिक्षण देकर रोजगार के लिए तैयार किया गया है। आज ये महिलाएँ आत्मविश्वास के साथ पर्यटकों का स्वागत कर रही हैं और सम्मानजनक जीवन जी रही हैं। जो महिलाएँ कभी संघर्ष और भय के माहौल में थीं, वे अब स्वावलंबन और आत्मसम्मान की मिसाल बन गई हैं। इस पर्यटन केंद्र की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 31 दिसंबर 2025 को शुरू होने के बाद केवल तीन महीनों में, 30 मार्च 2026 तक यहाँ 8 हजार 889 पर्यटक आए।

### महिला सशक्तीकरण के लिए टाउन-हॉल बैठकें

**रायपुर/नवप्रदेश।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने महिला सशक्तीकरण के लिए टाउन-हॉल बैठकों, नारी शक्ति वंदन सम्मेलनों और रोड-शोज के आयोजन एवं आवश्यक समन्वय के लिए राज्य के सभी नगरीय निकायों को निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने मंत्रालय से सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जारी परिपत्र में कहा है कि महिलाओं के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक सशक्तीकरण को सुदृढ़ करने के लिए राज्य शासन द्वारा एक विशेष अल्पकालिक एवं गहन जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। जिला कलेक्टरों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में ये अभियान संचालित किए जाएंगे। नगरीय प्रशासन विभाग ने परिपत्र के माध्यम से इन जन-जागरूकता अभियानों के आयोजन एवं समन्वय के संबंध में सभी निकायों को जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार आवश्यक बुनियादी ढांचा और स्थल प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

## दिशा दर्शन भ्रमण आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम: राजवाड़े

- 51 महिलाओं को मिला लघु उद्योग का व्यावहारिक ज्ञान

**रायपुर/नवप्रदेश।** महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल और मार्गदर्शन में संचालित ÷दिशा दर्शन भ्रमण÷ योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी रूप से आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में सूरजपुर जिले की लगभग 51 महिलाएं, जो विभिन्न महिला स्व सहायता समूहों से जुड़ी हैं, अध्ययन भ्रमण के तहत रायपुर पहुंचीं। भ्रमण के दौरान महिलाओं ने रायपुर-खरोरा स्थित सोया प्रोसेसिंग प्लांट का अवलोकन कर उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं विपणन की प्रक्रियाओं को विस्तार से समझा। प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाओं में स्वरोजगार के प्रति नया आत्मविश्वास जागृत हुआ और उन्होंने अपने क्षेत्रों में छोटे स्तर पर प्लांट स्थापित कर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की।

इस अवसर पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े स्वयं प्लांट परिसर में उपस्थित रहीं और महिलाओं से सीधे संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इस प्रकार के भ्रमण कार्यक्रम उन्हें व्यवहारिक अनुभव प्रदान करते हैं, जो उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। मंत्री राजवाड़े ने कहा कि इच्छुक महिला स्व सहायता समूहों को सोया प्रोसेसिंग जैसे लघु उद्योग स्थापित करने हेतु हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन एवं विपणन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं, बल्कि समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाते हुए अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं।मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि दिशा दर्शन भ्रमण योजना के माध्यम से राज्य सरकार महिलाओं को ज्ञान, कौशल और अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर सशक्त रूप से अग्रसर कर रही है।

## 'अवसर, नैतिकता और नवाचार' का सफलतापूर्वक

**रायपुर/नवप्रदेश।** 16 अप्रैल 2026 को आयोजित ÷शिक्षा अनुसंधान और अकादमिक लेखन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता: अवसर, नैतिकता और नवाचार÷ विषय पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी कई प्रतिष्ठित नेताओं और शिक्षाविदों के सामूहिक योगदान के कारण सफ्लता पूर्वक समपन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ संयोजक, शिक्षा संकाय की डीन प्रो. डॉ. श्रद्धा वर्मा के उद्घाटन भाषण और सारांश रिपोर्ट के साथ हुई: उन्होंने ई-कार्यवाही के उद्घाटन की भी अध्यक्षता की। यह कार्यवाही बीएचयू, एनआईईपीए जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों और दक्षिण अफ्रीका और फिजी के अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के पंजीकृत प्रतिभागियों के सामूहिक बौद्धिक प्रयासों का प्रतिनिधित्व करती है।

शैक्षणिक आधारशिला कुलपति डॉ. आर. श्रीधर द्वारा रखी गई, जिन्होंने उद्घाटन भाषण दिया, डॉ. संजय कुमार (प्रिंसिपल, सरस्वती कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज), डॉ. कामेश्वरन एनवर्नाथन गोवेंडर (त्श्वाने प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दक्षिण अफ्रीका), प्रो. संबित कुमार पाढ़ी (एचओडी, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय), और प्रोफेसर डॉ. दीपा दास (एससीईआरटी, रायपुर) के नेतृत्व में गहन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

सेमिनार का समापन कलिंगा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. संदीप गांधी के एक विशिष्ट समापन भाषण और समन्वयक डॉ. सरोज नय्यर द्वारा दिए गए औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ; इस अवसर पर उन्होंने आयोजन समिति और तकनीकी कर्मचारियों के अथक सहयोग की सराहना की, जिन्होंने वर्चुअल सत्रों और कार्यक्रमों का सफ्ल संचालन किया। आयोजन समिति में शिक्षा संकाय के डॉ. डी. कालिदास (खेल निदेशक), डॉ. हर्षा शर्मा (सहायक प्रोफेसर) और डॉ. संजीव यादव (सहायक प्रोफेसर) शामिल थे। तकनीकी प्रबंधन और सत्रों के समन्वय का कार्य तकनीकी समिति द्वारा संभाला गया, जिसमें श्री प्रीतम पटेल और श्री दुष्यंत साहू शामिल थे।

### अंतर्दलीय नाट्य स्पर्धा का समापन

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजकुमार कॉलेज, रायपुर में विगत दो दिनों से आयोजित अंतर्दलीय नाट्य स्पर्धा 2026 का आज समापन हुआ। राणा दल ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर खैरागढ़ के मेजर राजा बहादुर बिरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा प्रदत्त खैरागढ़ ट्रॉफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों द्वारा चार दलों, क्रमशः आर्य, बिक्रम, राजपूत और राणा के विद्यार्थियों द्वारा अंग्रेजी के चार नाटकों का मंचन किया गया और दूसरे दिन चार हिंदी नाटकों की प्रस्तुति हुई। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी अभिनय कला प्रदर्शित करने का सुअवसर प्राप्त होता है।

## रोमांचक मुकाबले में दिल्ली ने आरसीबी को 6 विकेट से हराया

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मैच नंबर-26 में शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हुआ. दोनों टीमों के बीच यह रोमांचक मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया. जहां दिल्ली ने 6 विकेट से जीत हासिल की. इस मुकाबले में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 176 रनों का टारगेट दिया था. जिसे दिल्ली ने आखिरी ओवर में चेज किया. रनचेज में दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही. दिल्ली कैपिटल्स ने पावरप्ले में पथुम निसंका (1 रन), करुण नायर (5 रन) और समीर रिजवी (2 रन) के विकेट गंवा दिए. इन तीनों ही बल्लेबाजों को भुवनेश्वर कुमार ने चलता किया. यहां से ट्रिस्टन स्टब्स और केएल राहुल ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी की. राहुल ने 34 गेंदों पर 57 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और दो छक्के शामिल रहे. राहुल का विकेट क्रुणाल पंड्या ने लिया. लेकिन इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर के बीच कमाल की साझेदारी हुई. दोनों ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी की और टीम को जीत दिला दी. स्टब्स ने 47 गेंद में नाबाद 60 रन बनाए. वहीं, मिलर ने 10 गेंद में नाबाद 22 रन बनाए.

### बिना नोटिस केस दर्ज करना सही नहीं माना, याचिकाकर्ता बोला- सीजेआई से शिकायत करेंगे

# राहुल पर एफआईआर का अपना आदेश हाईकोर्ट जज ने बदला

**लखनऊ (ए.)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का अपना ही आदेश बदल दिया है। मामला दोहरी नागरिकता से जुड़ा है। कोर्ट ने शनिवार को अपनी वेबसाइट पर नया आदेश जारी किया।

कोर्ट ने बताया कि शुक्रवार (17 अप्रैल) को सुनवाई हुई थी। इसमें याचिकाकर्ता समेत केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों से पूछा गया था कि क्या राहुल गांधी को नोटिस जारी करने की जरूरत है? वकीलों ने नोटिस जारी करने की कोई जरूरत नहीं बताई थी। इसके बाद एफआईआर दर्ज करने का आदेश पारित कर दिया गया था।

हालांकि, आदेश टाइप होने से पहले न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने फिर से फैसले को परखा। उन्होंने पुराने केसों की स्टडी में पाया कि ऐसे मामलों में नोटिस भेजना जरूरी है।

### केस दर्ज करने व सीबीआई से जांच के दिए थे आदेश

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने कहा था- एफआईआर दर्ज करके मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाए। हालांकि, इससे पहले 28 जनवरी, 2026 को एमपी एमएलए कोर्ट ने विग्नेश शिशिर की याचिका को खारिज कर दिया था।

### कोर्ट ने मंत्रालय से 'टॉप सीक्रेट' फाइलें ली थीं

सुनवाई के दौरान जज सुभाष विद्यार्थी ने गृह मंत्रालय के फॉरेनर्स डिवीजन को निर्देश दिए थे कि मामले से संबंधित सभी जरूरी दस्तावेज पेश करें। मंत्रालय ने केस से जुड़ी सभी फाइलें हाईकोर्ट में पेश की थीं। विग्नेश शिशिर का दावा है कि उन्होंने कोर्ट में दस्तावेज और साक्ष्य पेश किए। इनसे संकेत मिलता है कि राहुल गांधी यूनाइटेड किंगडम में मतदाता रहे हैं। वहां चुनावों में भागीदारी से जुड़े रिकॉर्ड मौजूद हैं। शुक्रवार को सुनवाई में यूपी सरकार की तरफ से वकील डॉ. बीके सिंह पेश हुए थे। केंद्र सरकार का पक्ष वकील एसबी पांडेय ने रखा। याचिकाकर्ता विग्नेश शिशिर की तरफ से बिंदेश्वरी पांडेय कोर्ट पहुंचे थे।

## सीजफायर आगे नहीं बढ़ेगा, समझौता करना है तो अभी करोः डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन/ए.।** US के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को संकेत दिया कि वे ईरान के साथ चल रहे सीजफायर को शायद आगे न बढ़ाएं। इससे इस बात की संभावना बढ़ गई है कि अगर पश्चिम एशिया में दुश्मनी को पूरी तरह से रोकने के लिए इस्लामिक रिपब्लिक के साथ कोई समझौता नहीं होता है, तो इस इलाके में फिर से मिलिट्री कार्रवाई शुरू हो सकती है।

## ।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग ।।

Emailld:-durgmc2019@gmail.com , Phone:- 0788-2322148

**-मेनुअल निविदा आमंत्रण सूचना -**

**क्रमांक-59/लो.क.वि./2026** **दुर्ग, दिनांक- 17/04/2028**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.नि.वि में प्रचलित भवन / सड़क एस.ओ.आर. 01.01.2025 एवं नाली/पुलिया हेतु एस.ओ.आर. 01.01.2015 पर तथा निविदा दिनांक तक संशोधित दर पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

निविदा प्रपत्र क्रय हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 23.04.2026
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 29.04.2026
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 07.05.2026 शाम 4.00 बजे
निविदा खोलने की तिथि - 07.05.2026 शाम 5.00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम/स्थल विवरण | लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्र. 01 सोनी के घर के पास से वैष्णवी किराना स्टोर्स तक सीसी नाली एवं रोड निर्माण। | 9.99 |
| 02 | वार्ड क्र. 01 न्यू रामचन्द्र नगर नेयर लक्ष्मी ब्यूटी पार्लर से सांई कोचिंग नेयर विनय देवांगन घर तक रोड निर्माण। | 9.98 |
| 03 | वार्ड क्र. 02 सेन के घर से दिपक किराना स्टोर्स तक सीसी रोड निर्माण। | 9.98 |
| 04 | वार्ड क्र. 02 देवेन्द्र कसेर से यादव भवन महेश किराना से पटेल किराना तक दिलीप साहू के घर से अजाद दुर्गा चौक तक आर सीसी नाली। | 9.98 |
| 05 | वार्ड क्र. 04 शिव नगर नियर पृथ्वीराज हाउस, गली नं. 09, 10 तक आर सीसी नाली। | 9.92 |
| 06 | वार्ड क्र . 04 गया नगर उत्तम साहू के घर के पास, पुरसोत्तम किराना के पीछे रोड निर्माण। | 9.94 |
| 07 | वार्ड क्र . 05 नियर महर्षि स्कूल संतोष के घर से टेट हाउस तक मरार पारा, गया बाई स्कूल के पीछे आर सी सी नाली एवं रोड। | 9.94 |
| 08 | वार्ड क्र. 9 गिरधारी नगर में कोष्टा तालाब के पास नाली निर्माण कार्य । | 9.85 |
| 09 | वार्ड क्र. 10 शंकर नगर-पश्चिम में विजय नगर चौक से शंकर नाला लक्ष्मी आटा चक्की के पास नाली व पुलिया निर्माण कार्य। | 9.85 |
| 10 | लक्ष्मी आटा चक्की से शीतला मंदिर तक सीसी रोड निर्माण। | 9.66 |
| 11 | वार्ड क्र. 10 सुभाष स्कूल के पीछे मिश्रा व कुशाउराम साहू से तोरन दूबे पटवारी से महोबिया किराना स्टोर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 9.98 |
| 12 | वार्ड क्र . 11 शंकर नगर हरना बांधा मजार लाईन में सीसी रोड निर्माण। | 9.72 |
| 13 | वार्ड क्र. 12 मोहन नगर सतिश चंद्रिकापुरे के घर से मानिकपुरी होटल वाले के घर से साहू किराना से मानके के घर तक बबीता खरे से चीमन गुप्ता के घर तक सड़क निर्माण। | 9.94 |
| 14 | वार्ड क्र. 13 ग्रामीण विधायक ललीत चन्द्राकर जी के घर के पास सीसी रोड निर्माण। | 8.48 |
| 15 | वार्ड क्र. 13 मोहननगर-पू0 में आर्यनगर जलाराम घर से गुलाटी नर्सिंग होम तक नाली व पुलिया निर्माण कार्य। | 9.75 |
| 16 | वार्ड क्र . 13 जलाराम मिष्ठान के घर से गुलाटी नर्सिंग होम तक सीसी रोड निर्माण। | 9.94 |
| 17 | वार्ड क्र. 15 धमधा नाका से सिकोला नाला तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 9.88 |
| 18 | वार्ड क्र. 16 ठाकुर के मकान से लेकर रमौलिन बाई के मकान तक सूर्यनगर गली न. 03 में सीसी रोड निर्माण कार्य। | 9.89 |
| 19 | वार्ड क्र. 17 कादम्बरी नगर स्ट्रीट नं. 01 ए गली में सीसी रोड निर्माण। | 6.76 |
| 20 | वार्ड क्र. 18 जवाहर नगर में सरदार के घर से महडरिया तक व अन्य गली सीसी रोड निर्माण कार्य। | 9.72 |
| 21 | वार्ड क्र. 18 आर्शिवाद भवन से महडरिया के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 9.85 |
| 22 | वार्ड क्र . 18. सुलभ शौचालय से स्कूल से मेन रोड तक जवाहर नगर में सीसी रोड निर्माण। | 8.00 |
| 23 | वार्ड क्र. 20 कदले झा जी के घर से यादव के घर तक रोड निर्माण कार्य। | 6.00 |
| 24 | वार्ड क्र .20 आदित्य नगर चौक से शिव मंदिर से आगनबाड़ी की ओर डामरीकरण कार्य। | 9.95 |
| 25 | वार्ड क्र. 21 में सड़क न. 17 आशा नगर एव सिद्धिया नगर में नाली पुलिया निर्माण। | 9.92 |
| 26 | वार्ड क्र. 21 स्ट्रीट नं. 3 के आगे पंप रोड मुकुट नगर सी0सी0 रोड निर्माण। | 9.89 |
| 27 | वार्ड क्र. 21 सिंधिया नगर आशा नगर मुकुट नगर के मेन रोड में क्रोसिंग पुलिया व नाली निर्माण। | 9.50 |
| 28 | वार्ड क्र. 21 दुर्गा मंच के चारों ओर सीसी रोड निर्माण। | 9.94 |
| 29 | वार्ड क्र . 21 आशा नगर में बंद गली में सीसी रोड निर्माण। | 9.94 |
| 30 | वार्ड क्र. 23 गली नं. 06 निरंकारी भवन पुनम सिंह कम घर के पास नाली निर्माण। | 8.50 |
| 31 | वार्ड क्र. 23 अनुप गटागट के सामने व अन्य गली सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 9.66 |
| 32 | वार्ड क्र. 24 आमदी मंदिर में पाटील निवास से कुकरेजा घर और देशमुख ग्रेनाइट तक नाली व पुलिया निर्माण कार्य। | 9.95 |
| 33 | वार्ड क्र. 27 पोलसाय पारा में पाटनकर कॉलोनी में आर. के. मोबाईल दुकान के पीछे से अफजल हुसैन घर तक आर.सी.सी. नाली व पुलिया निर्माण कार्य। | 7.50 |
| 34 | वार्ड क्र . 28 दुर्गा चौक डोम शेड के पास रोड निर्माण कार्य। | 8.00 |
| 35 | वार्ड क्र. 33 पंचमुखी हनुमान मंदिर से चण्डि मंदिर से वर्धमान धर्मशाला तक नाली निर्माण। | 9.87 |
| 36 | वार्ड क्र . 33 वर्धमान हॉस्पिटल से इमली झाड़ तक सीसी रोड निर्माण। | 9.88 |
| 37 | वार्ड क्र.34 सबाना ढीमर से श्याम बती कंडरा तक आर सी सी नाली निर्माण। | 9.67 |
| 38 | वार्ड क्र . 35 ढोल हरियाणा वाले के घर से महेश्वरी के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण। | 9.99 |
| 39 | वार्ड क्र. 36 सुराना के मकान के सामने सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 3.83 |
| 40 | वार्ड क्र. 37 कब्र पारा चौक गुलाब निर्मलकर की दुकान से लेकर श्यामू यादव के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 9.88 |
| 41 | वार्ड क्र. 40 सिविल लाईन में सुबरत काहर के घर से क्वॉटर नं. एच 8 तक एवं इंदिरा कॉलोनी में नाली निर्माण कार्य। | 9.53 |
| 42 | वार्ड क्र. 40 सत्यजीत शर्मा के घर से बाजा आटा चक्की तक नाली निर्माण कार्य। | 7.90 |
| 43 | वार्ड क्र . 40 सुराना कॉलेज वार्ड में तोरन साहू के घर से मुन्ना श्रीवास्तव के घर तक आर.सी.सी. नाली व पुलिया निर्माण कार्य। | 9.38 |
| 44 | वार्ड क्र. 41 केलाबाड़ी में दानी जी के घर से भैसासुर मंदिर तथा अशरफिया स्कूल के पीछे से सोनी जी के घर, यादव के घर तक नाली व पुलिया निर्माण कार्य। | 8.25 |
| 45 | वार्ड क्र. 41 रजा खोखर घर के पास नाली व रोड निर्माण। | 5.00 |
| 46 | वार्ड क्र . 41 नया मरिजद से फिरोज राठौर घर तक नाली व रोड निर्माण। | 9.00 |
| 47 | वार्ड क्र . 47 गिरधारी किराना स्टोर से सिखर प्रसाद घर तक सीसी रोड । | 9.67 |
| 48 | वार्ड क्र. 47 दीपक मोटवानी के घर से जगदीश पाल के घर तक सीसी रोड। | 9.95 |
| 49 | वार्ड क्र. 58 प्रदीप्ती नगर में 80 फीट रोड से रामटेके के घर तक रोड नाली निर्माण। | 9.81 |
| 50 | वार्ड क्र. 51 मधुबन नगर ठाकुर के घर से एक्का के घर तक गली न. 01 से 03 तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 8.00 |
| 51 | वार्ड क्र. 52 महावीर खेल मैदान से बिजली ऑफिस होते हुए द्वारिकापुरी नाला निर्माण कार्य। | 9.98 |
| 52 | वार्ड क्र 52 डॉ गोमरता के घर से एसडी विश्वकर्मा के घर तक रोड व नाली निर्माण। | 8.00 |
| 53 | वार्ड क्र. 53 विवेकानंद नगर गली नं 05 शिव मंदिर से कृष्णा देशमुख के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 8.00 |
| 54 | वार्ड क्र. 53 राजू बक्सी के घर पास रोड़ निर्माण कार्य। | 9.95 |
| 55 | वार्ड क्र. 55 मनोज साहू से मुक्तिधाम रोड तक नाली निर्माण कार्य। | 6.00 |
| 56 | वार्ड क्र. 55 पुलगाव में बजरंग चौक हनुमान मंदिर से विदेश साहू घर तक आरसीसी नाली व पुलिया निर्माण कार्य। | 7.50 |
| 57 | वार्ड क्र. 56 सुनिल केटर्स के बाजू गली से सीसी रोड निर्माण। | 9.00 |
| 58 | वार्ड क्र. 56 नियर आलोक साहू घर, नियर हेमलता ठाकुर घर तक रोड निर्माण। | 9.98 |
| 59 | वार्ड क्र. 59 रंजीता पाटिल निवास के पास सीसी रोड निर्माण कार्य। | 9.95 |
| 60 | वार्ड क्र . 60 पुष्पक नगर सीसी रोड निर्माण कार्य। | 9.00 |
| 61 | वार्ड क्र. 60 स्ट्रीट नं. 03 ए विद्या विहार सीसी रोड । | 8.98 |
| 62 | प्रोफेसर कॉलोनी में सर्विस रोड के बगल में नाली निर्माण कार्य। | 9.89 |
| 63 | वार्ड क्र. 60 प्रोफेसर कॉलोनी में स्ट्रीट न. 02, 03 व 04 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 9.98 |
| 64 | वार्ड क्र. 60 सांई नगर में स्ट्रीट न. 02 में नाली व पुलिया निर्माण कार्य। | 9.85 |

निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा विभागीय वेबसाइट www.municipalcorporationdurg.in, एवं www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है ।

**कार्यपालन अभियंता**

## झारखंड में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 65 आईएएस-आईपीएस अफसरों का तबादला

**रांची/ए.।** झारखंड सरकार ने नौकरशाही (ब्यूरोक्रेसी) में फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 65 अधिकारियों का तबादला किया है। इसके साथ ही उन्हें नई नियुक्तियां दी हैं तथा अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बता दें कि, शुक्रवार रात जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के मुताबिक, 17 जिलों में नए उपायुक्त नियुक्त किए गए हैं।

अधिसूचना में कहा गया है कि 2013 बैच के आईएएस अधिकारी राजीव रंजन को पूर्वी सिंहभूम जिले का उपायुक्त बनाया गया है, जबकि 2014 बैच के अधिकारी संदीप कुमार को लातेहार का उपायुक्त नियुक्त किया गया है। आधिकारिक जानकारी के

अनुसार, 2017 बैच के अधिकारी शशि प्रकाश सिंह को देवघर का उपायुक्त नियुक्त किया गया है। इसी के साथ, हेमंत सती को हजारीबाग का उपायुक्त और मनीष कुमार को पश्चिमी सिंहभूम का उपायुक्त बनाया गया है। अधिसूचना के मुताबिक, लोकेश मिश्रा को गोड्डा का उपायुक्त और मेघा भारद्वाज को पाकुड़ का उपायुक्त नियुक्त किया गया है। गृह, कारागार एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि पुलिस महानिरीक्षक माइकल राज एस को पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है, जबकि पलामू जोन के आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा को बोकारो का आईजी नियुक्त किया गया है। वहीं, बोकारो के आईजी सुनील भास्कर का तबादला झारखंड सशस्त्र पुलिस में किया गया है। पुलिस अधीक्षक निधि दुबे को मुकेश कुमार के स्थान पर सरायकेला-खरसावां का नया एसपी बनाया गया है, जबकि मुकेश कुमार को रामगढ़ का एसपी नियुक्त किया गया है। बताया जा रहा है कि, रांची ग्रामीण के एसपी प्रवीण पुष्कर को देवघर का एसपी बनाया गया है और अजय कुमार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) का एसपी नियुक्त किया गया है।

## बांग्लादेशी मुसलमान हमसे छीन लेंगे बंगाल : हिमंता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों को लेकर इन दिनों सियासी माहौल गरम है। टीएमसी राज्य में सत्तारूढ़ रहने के लिए जहां ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रही है, वहीं भाजपा भी पश्चिम बंगाल में सीएम की कुर्सी पर नजर गड़ाए हुए है। भाजपा के शीर्ष नेता एक-के बाद एक बंगाल में जनसभाएं और रैलियां कर वोटरों को अपने पक्ष में लामबंद करने की कोशिश में लगे हैं। इसी क्रम में, असम में मतदान के बाद अब हिमंता विस्व सरमा बंगाल में एक्टिव हो गए हैं। उन्होंने यहां एक रैली के दौरान सीएम ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाते हुए हमला बोला है। हिमंता सरमा ने कहा कि ममता बनर्जी ने वोट की खातिर राज्य की पूरी भूमि को बांग्लादेशी मुसलमानों के हाथों बेच गिया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर राज्य के संसाधनों को ÷बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों÷ के हवाले करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को सत्ता से हटाना होगा वरना हम बंगाल गंवा देंगे। भाजपा के नेता शर्मा ने कालिम्पोंग में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि असम और त्रिपुरा की भाजपा सरकारों ने "बांग्लादेशी मुसलमानों" को भारत में प्रवेश करने से रोका है।

## महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की अगली फिल्म की घोषणा

**मुंबई/ए.।** पिछले साल आई एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई की। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स सभी ने काफी पसंद किया। अब होम्बले फिल्म्स अपने महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की अगली फिल्म लेकर आ रहा है। मेकर्स ने अगली फिल्म को लेकर आज एक बड़ी जानकारी साझा की है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कल अगले पार्ट के टाइटल की घोषणा की जाएगी।

## गोलियों की गूंज! होर्मुज से गुजर रहे जहाजों पर फायरिंग, खाड़ी में तनाव

**नई दिल्ली।** ईरान ने सामरिक रूप से बेहद अहम होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा अपने नियंत्रण में लेकर तुरंत बंद कर दिया है. इसके साथ ही खाड़ी में तनाव बढ़ गया है. नाकेबंदी के चलते समुद्र में जहाजों की लंबी कतारें लग गई हैं, जबकि वहां से गुजर रहे दो जहाजों पर गोलीबारी की गई है. इसमें एक भारतीय जहाज भी शामिल है. इस घटना के बाद होर्मुज के रास्ते से कम से कम दो भारतीय जहाजों ने यू-टर्न लिया है. सरकारी सूत्रों के मुताबिक, होर्मुज में एक भारत से जुड़े जहाज पर हमला हुआ है. अच्छी बात यह है कि इस हमले में जहाज के किसी भी क्रू मेंबर को चोट नहीं लगी है और जहाज को भी कोई नुकसान नहीं हुआ है. सरकार की तरफसे कहा गया है कि डायरेक्टर जनरल ऑफ शिपिंग पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जहाज के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है. साथ ही बाकी भारतीय झंडे वाले जहाजों की सुरक्षा पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है।

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र/202604104700041 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नीतू जायसवालल पति श्री संजय जायसवाल उम्र-39 वर्ष निवासी मकान नंबर 29 वार्ड नंबर 21 पानी टंकी के पास मदर टेरेसा नगर, सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा स्थित भूमि मौजा जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 15000/1 रकबा 1010.18 वर्गफीट भूमि को विक्रेता चौहान हाउसिंग प्रा.लि. की तरफ से आम.मु. रामकिंकर मिश्रा पिता स्व. श्री शिव कृष्ण मिश्रा से रजिष्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 21/03/2022 को कय किया। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र/202603104700018 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कुसुम देवी पति-श्री पवन कुमार उम्र-25 वर्ष निवासी- मकान नंबर 104, आर्य नगर कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा स्थित भूमि मौजा कचान्दुर प.ह.नं. 17, रा.नि.मं. जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 389/1 कुल रकबा 0.771 हेक्टेयर भूमि में से 0.030 हेक्टेयर याने 3250 वर्गफीट भूमि को विक्रेतागण रामधवन पित हरिप्रसाद 2. जगदीश 3. इंदू पति ओमप्रकाश से रजिष्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 05/12/2022 को कय किया। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र/202604104700029 /ब-121/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमूल जैन आ. स्व. आविश कुमार जैन के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, ग्राम जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि. मं. जुनवानी में स्थित भूमि खसरा नंबर 429/5, 429/12, 429/13 आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त ग्राम में स्थित भूमि खसरा नंबर 429/2 के आठ प्लाट कटे है जो की त्रुटिपूर्ण होना आवेदित है। खसरा नंबर 429/2 में दर्ज आठ प्लॉट को हटाकर मूल स्वरुप खसरा नंबर 429/2 किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद, जिला- बालोद ( छ.ग. )

**-: ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा सूचना :-**

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक / 755/लो.नि.वि./न.पा./2026 बालोद दिनांक-17/04/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोसंरचना मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत ( लाख में ) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 189219 | सामुदायिक भवन के ऊपर प्रथम तल में छात्रावास भवन निर्माण कार्य | 25.00 | 4-5-2026 17:30 IST |

टीप :- अन्य शर्ते व विस्तृत जानकारी संबंधित शाखा / विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती हैं।

नगर पालिका के करो का भुगतान समय पर करें।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बालोद**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र/202604104700030 /ब-121/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका डॉ. ममता पाण्डेय पति डॉ राजेन्द्र पाण्डेय के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, ग्राम जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि. मं. जुनवानी में स्थित भूमि खसरा नंबर 429/14, 429/15 आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त ग्राम में स्थित भूमि खसरा नंबर 429/2 के आठ प्लाट कटे है जो की त्रुटिपूर्ण होना आवेदित है। खसरा नंबर 429/2 में दर्ज आठ प्लाट को हटाकर मूल स्वरुप खसरा नंबर 429/2 किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र/202604104700003 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मनिषा भारती पति-अविनाश कुमार उम्र-32 वर्ष निवासी-गौशाला रोड वार्ड नंबर 14, सन्हौल, खगरिया (बिहार) पिन 851206 वर्तमान ग्राम जुनवानी के द्वारा स्थित भूमि मौजा जुनवानी प.ह.नं. 43, रा.नि.मं. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 15000/1 का टुकड़ा रकबा - 652.29 वर्गफीट भूमि को विक्रेता चौहान हाउसिंग प्रा.लि. अजय चौहान पिता विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान से रजिष्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 27/03/2023 को कय किया। उक्त आवेदित भूमि को केता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

**ईश्तहार**

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00050 डुण्डेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी.20252611315081

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुण्डेरा के वर्तमान भूमिस्वामी पीलूराम पिता/पति स्व. रामसाय पता पुराना बाजार चौक डुण्डेरा जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 772(0.0202) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पेमेन्द्र कुमार देवांगन पिता/पति पीलूराम देवांगन पता पुराना बाजार चौक डुण्डेरा जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.04.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.04.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

### कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर ( छ.ग. )

क्रमांक / डॉ.भी.अ. चिकि./स्था./4521 रायपुर, दिनांक 06/04/2026

प्रति,
श्री कौशल नागवंशी,
सहायक ग्रेड-02
पिता श्री हुलार सिंह नागवंशी
ग्राम-सियादेही, तहसील नगरी,
जिला-धमतरी (छ.ग.)

विषय :- कार्य में उपस्थित होने बाबत।

संदर्भ :-
1. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 13266 दिनांक 01.09.2025
2. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 14561 दिनांक 30.09.2025
3. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 18428 दिनांक 02.12.2025

उपरोक्त संदर्भित पत्रों के माध्यम से आपको बिना पूर्व सूचना एवं अनुमति के अनाधिकृत रूप से दिनांक 21.07.2025 से अनुपस्थित रहने के संबंध में स्पष्टीकरण जारी किया गया था, जिनका जवाब आज दिनांक तक अप्राप्त है।

तत्काल अनुपस्थित होने का कारण सहित 7 दिवस के अंदर कार्य पर उपस्थित होवें अन्यथा आपके विरूद्ध छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत विभागीय जांच संस्थित कर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

**संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय**
**रायपुर ( छ.ग. )**

जी- 262700219/1